जबलपुर
बुधवार 8 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -06
वर्ष : 20, अंक : 337
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### भिंड में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## मप्र के सभी 55 जिलों में आज से 14 अप्रैल तक एक साथ मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल के मौके पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह सभी कार्यक्रम 8 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भिंड जिला मुख्यालय पर होगा। जबकि जिला मुख्यालयों सहित सभी विकासखंडों में भी आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों आदि के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को अपने प्रभार के जिले के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर, आवश्यक समन्वय करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि संत रविदास जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2027 तक सामाजिक समरसता कार्यक्रमों का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जाएगा। कार्यक्रमों की रूपरेखा जिला स्तर पर तैयार होगी। मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को सामाजिक समरसता कार्यक्रमों का जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मप्र सरकार ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल के मौके पर प्रदेश की जेलों में निरुद्ध अच्छे आचरण वाले आजीवन कारावास की सजा से दंडित 87 बंदियों की समय-पूर्व रिहाई करने का निर्णय लिया गया है।

### पहले दो हजार रुपए ही मिलते थे, कैबिनेट से मिली मंजूरी

# अब एससी छात्रों को दिल्ली में पढ़ाई के लिए मिलेंगे 10 हजार रु. हर महीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार अनुसूचित जाति (एससी) छात्र-छात्राओं की नई दिल्ली में पढ़ाई के लिए अब 10 हजार रुपए प्रति महीने की सहायता करेगी। पहले इन छात्रों को महज 2 हजार रुपए प्रति माह की मिलते थे। सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेकर छात्रगृह योजना में 5 गुने की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। प्रति वर्ष 100 छात्रों को इस योजना में लाभ दिया जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

**ये भी फैसले**

- कक्षा 9 वीं से 12 वीं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तकों के लिए 693 करोड़ की मंजूरी
- वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (एफटीआरआई) की स्थापना की मिली मंजूरी
- चना एवं मसूर के वर्तमान वित्तीय वर्ष सहित 3 वर्ष में उपार्जन के लिए 3,174 करोड़ रुपए की मंजूरी



कैबिनेट बैठक में सीएम के साथ मंत्रीगण

**मप्र में चने की 5875 रुपए व मसूर की 7 हजार रुपए क्विंटल में होगी खरीदी**

चने की फसल कुल उत्पादन का 25 फीसदी ही समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जाएगी। इसके लिए चना एवं मसूर का वर्तमान वित्तीय वर्ष सहित तीन वर्ष में उपार्जन के लिए 3,174 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

**नि: शुल्क पुस्तक देने के लिए बजट मंजूर**

कैबिनेट ने कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें प्रदाय करने के लिए 693 करोड़ की मंजूरी दी है। इसके तहत प्रदेश के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में अध्ययरत छात्र छात्राओं के लिए निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योजना के तहत 2026-27 से 2030-31 तक 5 वर्ष के लिए प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत मूल्य वृद्धि तथा नामांकन में वृद्धि के मान से लाभान्वित होने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर 693 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
डीसी जीटी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### विवादित गाने पर बादशाह ने आयोग से मांगी माफी



**नई दिल्ली।** पिछले दिनों रिलीज हुए अपने गाने 'टटीरी' को लेकर रैपर सिंगर बादशाह मुश्किलों में घिर गए थे। बादशाह की ओर से उनके वकील अक्षय दहिया राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुए। बादशाह ने समक्ष माफी मांगी है। भद्दा कंटेंट दिखाने के मामले में तलब किया गया था।

### क्रिकेटर वॉर्नर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर डेविड वॉर्नर को सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ब्रेथ टेस्ट में तय सीमा से अधिक अल्कोहल पाए जाने के बाद डेविड वॉर्नर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### घरेलू विवाद में पत्नी को जिंदा जलाया, मौत



**गुना।** शहर के घोसीपुरा क्षेत्र में पवन रजक (31) अपनी पत्नी दीपा रजक को जिंदा दिया। इलाज के दौरान भोपाल में दीपा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पवन का किसी अन्य महिला से संपर्क था, जिसे लेकर दंपती के बीच अक्सर विवाद होता रहता था और यही तनाव धीरे-धीरे बढ़ता गया।

### सारी दुनिया डरी : ट्रंप ने फिर से दोहराया- रात भर में खत्म हो जाएगी एक सभ्यता

# ईरान के 'विनाश' का काउंटडाउन

**अल्टीमेटम की समय सीमा**


- **अमेरिका:** रात 8:00 बजे मंगलवार
- **भारत :** सुबह 5:30 बजे बुधवार
- **ईरान :** रात 3:30 बजे बुधवार

**लेकिन, ईरान में टकराने का जज्बा बरकार**

- करीब डेढ़ करोड़ लोगों की टारगेट्स के आसपास बनाई मानव श्रंखला, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान ने कहा-मैं भी बलिदान देने के लिए तैयार
- आईआरजीसी के जनरलों ने माता-पिता से अपने बच्चों को चेकपॉइंट्स और महत्वपूर्ण ठिकानों पर भेजने का आह्वान किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को जंग को 40 दिन हो जाएंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 4 बार ईरान को खत्म करने की धमकी दी। पर, 5वीं धमकी से दुनिया सहम रही है।



डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप का कहना है कि ये आखिरी धमकी है और अल्टीमेटम खत्म होते ही एक रात में पूरी सभ्यता खत्म कर देंगे। हालांकि, ईरान भी सीना तानकर खड़ा हुआ है।

जैसे ही राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी आई वैसे ही दूसरे दिन सुबह ईरान में पावर प्लांट पर लाखों लोग जुटे और मानव श्रंखला बनाकर स्पष्ट कर दिया कि हम किसी भी धमकी से डरने वाले नहीं है। भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 5.30 बजे ट्रंप की धमकी की समय सीमा खत्म होने जा रही है। इससे पहले ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि वहां अब सत्ता पूरी तरह से बदल चुकी है। ट्रंप की धमकी पर साउथ अफ्रीका स्थित ईरानी दूतावास ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरान की प्राचीन सभ्यता से ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे कभी भूल नहीं पाएंगे।

*ईरान ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरान की प्राचीन सभ्यता से ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे कभी भूल नहीं पाएंगे*

**इजराइल ने ईरानियों को दी चेतावनी**
रेलवे ट्रैक के आसपास न आएं, साफ है रेल व मेट्रो भी है निशाने पर



ईरान के लोग मानव श्रंखला बनाकर प्लांट के चारों ओर खड़े रहे

### समय सीमा खत्म होने से पहले ही ईरान में कई जगह हमले

अमेरिका और इजराइल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खार्ग आइलैंड पर हुआ, जहां ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90% कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं।

**ईरानभर में करीब 1.4 करोड़ लोगों ने बनाई मानव श्रंखला**

ईरान में अलग-अलग पावर प्लांट पर ईरानी अधिकारी, युवा, एथलीट, कलाकार और छात्रों प्रमुख बिजली घरों के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर अमेरिका को दिखा कि वे एकजुट हैं। बिजली घरों के अलावा, बुशहर जैसे परमाणु केंद्रों और पेट्रोकेमिकल साइटों के पास भी लोग जुटे और श्रंखला बनाई। इसके अलावा राजधानी तेहरान में लोग सड़कों पर उतरकर अमेरिकी धमकियों के खिलाफ प्रदर्शन करते देखे गए।

**विनाशकारी हमले के बाद जीना मुश्किल**

विशेषज्ञों और संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यदि बुशहर जैसे सक्रिय परमाणु संयंत्र के मुख्य रिएक्टर पर हमला होता है, तो भारी मात्रा में रेडियोधर्मी विकिरण लीक हो सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी है कि परमाणु रिसाव का असर केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा। हवा के रुख के कारण इसका असर खाड़ी देशों जैसे कुवैत, कतर, यूएई और सऊदी अरब पर भी पड़ सकता है।

**भारत पर यह होगा असर?**

भारत अपनी तेल जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया का करीब 20-30% कच्चा तेल इसी रास्ते से गुजरता है। यदि ईरान इसे बंद करता है, तो कच्चे तेल की कीमतें 150-200 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई महंगी हो जाएगा।

### दतिया उपचुनाव पर सरगर्मी तेज

## भारती को अंतरिम राहत नहीं दतिया में चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने से किया इनकार



हेमंत खंडेलवाल और डॉ. नरोत्तम मिश्रा चर्चा करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा सीट को लेकर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। दिल्ली हाईकोर्ट में पूर्व विधायक राजेंद्र भारती की सजा के खिलाफ दायर अपील पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने उस अलग याचिका पर भी नोटिस जारी किया, जिसमें भारती ने अपनी सजा और दोषसिद्धि पर रोक लगाने की मांग की लेकिन कोर्ट ने इस पर अभी कोई तत्काल राहत नहीं दी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अगली तारीख 15 अप्रैल तय की है। दरअसल, बैंक फ्रॉड मामले में राजेंद्र भारती को 2 अप्रैल को दिल्ली की एमपी/एमएलए कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता समाप्त कर दतिया सीट को रिक्त घोषित कर दिया। अब इस सीट पर उपचुनाव होने की संभावना बन गई है।

- राजेंद्र भारती केस में दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई 15 अप्रैल तक टली
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के घर जाकर की मुलाकात

**मध्यप्रदेश सरकार से मांगा जवाब**

हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से भारती की याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने अपनी सजा और दोषसिद्धि को चुनौती दी। भारती ने एक और याचिका दाखिल कर चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की है कि वह दतिया विधानसभा सीट पर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा न करे। अदालत ने इस मांग पर भी फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई और चुनाव प्रक्रिया जारी रखने पर रोक से इनकार कर दिया।

### महापौर पुष्यमित्र भार्गव का ऐलान

## भागीरथपुरा के मृतकों के परिजनों को देंगे 'नौकरी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर




कांग्रेसी पार्षदों की टी शर्ट पर लिखा था पीयो नाली का पानी

इंदौर नगर निगम का मंगलवार को बजट पेश किया गया। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भागीरथपुरा मामले में दिवंगत लोगों के प्राथमिक सदस्यों को पात्रता के आधार पर आउट सोर्स से नौकरी देना का प्रावधान बजट में किया है। कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया गंदे पानी की बोटल लेकर पहुंचे।

### धार में लुटेरों का खूनी खेल

## व्यापारी की हत्या, पत्नी को बंधक बनाकर लाखों लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार




पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिला

जिले के राजोद थाना क्षेत्र के गोंदी खेड़ा चारण गांव में सोमवार-मंगलवार रात करीब 1 से 2 बजे के बीच 8 से 10 अज्ञात बदमाश मिर्ची व्यापारी देवकृष्ण पुत्र लक्ष्मण पुरोहित के घर में घुस आए। बदमाश सीधे उसी कमरे में पहुंचे और दंपती को बंधक बना लिया। बदमाशों ने पहले दंपती के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पत्नी को जबरन दूसरे कमरे में बंद कर दिया गया।

### भोजशाला केस: हिंदू पक्ष का तर्क

## एक बार 'मंदिर रहा स्थल' हमेशा मंदिर ही माना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



वक्फ संपत्ति मानने से इनकार किया

भोजशाला को लेकर मंगलवार को भी हाईकोर्ट में सुनवाई हुई और हिंदू पक्षकार के वकील विष्णु शंकर जैन ने अपने तर्क रखे। उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों और पुराने दस्तावेजों के आधार पर यह साबित करने का प्रयास किया कि भोजशाला वक्फ संपत्ति नहीं है। उन्होंने राम मंदिर मामले में हुए फैसले के तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि एक बार मंदिर रहा स्थल हमेशा मंदिर ही माना जाएगा।

### आरोप-आरोपियों ने परिवार को पीटा, इससे सहम गई थी बेटी

## मनचलों से परेशान 9वीं की छात्रा ने खुद को लगाई आग.... चार नाबालिगों पर केस दर्ज

**पिछले 3 महीने से कर रहा था कॉल्स, बस में करता था तंग**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले के मालथौन थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां छेड़छाड़ और मारपीट से तंग आकर 9वीं कक्षा की एक 14 वर्षीय छात्रा ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। गंभीर हालत में छात्रा को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद सहित चार नाबालिगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता के अनुसार आरोपी पिछले 3 महीने से उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। वह छात्रा के ही स्कूल में पढ़ता है और बस से आने-जाने के दौरान उसे प्रताड़ित करता था। आरोपी अक्सर छात्रा को फोन कॉल कर परेशान करता था। परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी अपने तीन साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंच गया। वहां आरोपियों ने परिवार के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी।

### युद्ध का असर... महंगा हुआ हवाई सफर

**अंतरराष्ट्रीय रूटों पर यह बदलाव 10 से**


## एयर इंडिया ने 899 तक बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज, आज से बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान-इजराइल के बीच युद्ध का असर अब सीधे हवाई यात्रियों की जेब पर पड़ने लगा है। ग्लोबल लेवल पर जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तेज उछाल के चलते एयर इंडिया ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। नए सरचार्ज 8 अप्रैल से घरेलू उड़ानों पर लागू हो जाएंगे। इससे यात्रियों की जेब पर 899 रुपए तक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। जबकि, अंतरराष्ट्रीय रूटों पर यह बदलाव 10 अप्रैल से लागू होने जा रहा है। इसके तहत 280 तक सरचार्ज वसूला जाएगा। सरकार ने एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी को 25 प्रतिशत तक सीमित रखने की कोशिश की है, लेकिन इसके बावजूद एयरलाइंस को लागत संतुलन के लिए यह कदम उठाना पड़ा है।



**एयर इंडिया के सीईओ विल्सन का इस्तीफा**



एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। 2022 में पांच साल के अनुबंध पर नियुक्त हुए कैंपबेल विल्सन का कार्यकाल जुलाई 2027 में समाप्त होना था, लेकिन विल्सन ने समय से पहले ही पद छोड़ने का निर्णय लिया है।

### कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दावा किया था- असम सीएम की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट

**हिमंता ने कहा- पता करेंगे कि फर्जी दस्तावेज राहुल ने तो नहीं दिए?**

## एफआईआर के बाद असम पुलिस ने घर पर की छापेमारी नहीं मिले खेड़ा, सीएम हिमंता बोले: पाताल से भी निकालेंगे

- पुलिस ने घर से कुछ डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रिक डिवाइस सीज किए
- हिमंता ने कहा गिरफ्तारी की चुनौती देने वाले खेड़ा अब हैदराबाद भाग गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर फर्जी पासपोर्ट का आरोप लगाने के दो दिन बाद मंगलवार को असम पुलिस ने दिल्ली में पवन खेड़ा के घर छापा मारा। हिमंता की पत्नी की एफआईआर के बाद यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी के वक्त पवन घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने घर से कुछ डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रिक डिवाइस सीज किए हैं। हिमंता ने कहा कि गिरफ्तारी की चुनौती देने वाले खेड़ा अब हैदराबाद भाग गए हैं। हम खेड़ा को पाताल से ढूंढकर ले आएंगे और पता करेंगे कि उन्हें फर्जी दस्तावेज किसने दिए। मुझे लगता है कि ये डॉक्यूमेंट्स शायद राहुल गांधी ने पवन खेड़ा को दिए होंगे।



हिमंता बिस्वा सरमा | पवन खेड़ा

**राहुल तक पहुंचेगी जांच की आंच?**

मुख्यमंत्री सरमा ने केवल पवन खेड़ा पर ही निशाना नहीं साधा, बल्कि सीधे तौर पर राहुल गांधी को भी इस मामले में घसीटा है। उन्होंने दावा किया है कि इस पूरे मामले की जांच का दायरा बढ़ेगा और आने वाले समय में राहुल गांधी से भी इस संबंध में कड़ी पूछताछ की जा सकती है।


**बयानों को समझिए**

- **हिमंता:** मुझे गिरफ्तार करने के लिए राहुल गांधी को सात जन्म लेने पड़ेंगे
- **कन्हैया कुमार :** आपने गिरफ्तारी से बचने के लिए ही भाजपा में जन्म लिया है

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने असम में एक रैली में भरी हुंकार

# बराक घाटी में कांग्रेस ने घुसपैठियों को शरण दी, भारत कोई धर्मशाला नहीं घुसपैठियों के लिए यहां कोई जगह नहीं', एक-एक करके बाहर करूंगा

## हम पहली ही कैबिनेट में यूसीसी लाएंगे



एजेंसी ▶▶ श्रीभूमि

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में एक रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक असम को बर्बाद करने का काम किया, यहां पर सैकड़ों आंदोलनों को खड़ा करने का काम किया। 1950 से लेकर 2014 तक असम में कांग्रेस ने बेरोकटोक घुसपैठ, बम धमाके और आंदोलन कर असम के विकास को रोक कर रखा था।

कांग्रेस वाले बोडो, बंगाली का असमिया के साथ झगड़ा कराकर हर बार अपनी सरकार बनाते गए। जब से भाजपा सरकार आई, तब से कहीं बम धमाका नहीं हुआ, बंद का ऐलान नहीं हुआ, कर्फ्यू नहीं लगा। पूरे 20 समझौते करके संपूर्ण पूर्वोत्तर को शांति प्रदान करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है। गृह मंत्री ने दावा किया कि भाजपा ने घुसपैठियों की पहचान कर ली है और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनाइए, हमने घुसपैठियों की पहचान कर ली है। अब समय आ गया है कि उन्हें एक-एक कर बाहर किया जाए। शाह ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद असम की पहली कैबिनेट में हम समान नागरिक संहिता कानून लाएंगे।

गृहमंत्री साह ने रैली के दौरान कांग्रेस को सुनाया

कांग्रेस ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया केवल बात करती रही

### असम में बहुविवाह नहीं होने देंगे



रैली के दौरान गृहमंत्री शाह को त्रिशूल भेंट किया गया

शाह ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद असम की पहली कैबिनेट में हम समान नागरिक संहिता कानून लाएंगे। यूसीसी का मतलब है, सबके लिए एक कानून। इसके बाद पूरे असम में किसी को भी चार शादी करने की परमिशन नहीं मिलेगी। शाह ने कहा कि केवल भाजपा में करिमगंज का नाम बदलकर श्रीभूमि करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा असम में जाति, माट्टी और बेटी की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### हम यहां बाहरियों का गढ़ नहीं बनने देंगे

शाह ने असम के श्रीभूमि जिले के पाथरकांडी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा असम को घुसपैठियों का गढ़ नहीं बनने देगी और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनाने की अपील की। राहुल बाबा, साफ सुन लीजिए, हम असम को घुसपैठियों का गढ़ नहीं बनने देंगे। उन्होंने विपक्ष पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया।

राहुल पर तंज, शाह ने उड़ाया मजाक

### यह भारत में नहीं पाकिस्तान में हैं

शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के दावों का मजाक उड़ाया, यह कहते हुए कि यह सच है, लेकिन पड़ोसी पाकिस्तान में। शाह ने कहा कि इसके विपरीत देश में कीमतें स्थिर हैं और पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। शाह ने कहा वहां पेट्रोल की कीमत 458 रुपए है, जबकि डीजल 520 रुपए से ज्यादा पहुंच गया है।

## केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा-पुडुचेरी में फिर बनेगी एनडीए की सरकार




पुडुचेरी। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को केंद्रशासित प्रदेश में मतदान से पहले प्रचार करने पहुंचे हैं। नड्डा ने प्रचार अभियान शुरू करने से पहले पुडुचेरी स्थित मनकुला विनयगर मंदिर में दर्शन पूजन किया। नड्डा के साथ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया सहित स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान नड्डा ने कहा, "विनयगर मंदिर में अपने सहयोगियों के साथ आने का सौभाग्य मिला है।नड्डा ने दावा किया पुड्डुचेरी में एनडीए की जीत पक्की है। यहां की जनता ने एनडीए को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। इस बार एनडीए की सरकार बनेगी। कांग्रेस ने 20 साल के कुशासन में जनता का शोषण किया और वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की।

### खरगे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे

नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर पलटवार किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस अध्यक्ष के बयान को नकारात्मक बताते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी खरगे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है, इसलिए उसकी बौखलाहट बढ़ गई है।

## असम चुनाव में 72-73 सीटें जीतने का दावा



खरगे ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा को भारत का सबसे भ्रष्ट नेता बताया। उन्होंने हिमंता पर लगे आरोपों पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से जवाब मांगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधा और कहा कि भारत में कोई भी मुख्यमंत्री उनके जैसा अहंकारी नहीं है। सरमा केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। वे चाय, स्कूल, कोयला, अंडा, भूमि सुपारी, हर चीज में सिंडिकेट चला रहे हैं। 73 सीटें जीतने का दावा किया। उन्होंने दावा किया कि सरमा के कैबिनेट का हर सदस्य भ्रष्ट है और उन सभी के पास हजारों करोड़ की संपत्ति है।


## पाकिस्तान की धमकी पर केंद्र सरकार चुप क्यों?



कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने पाकिस्तान की धमकी पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया है। नदिया में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि पाक के रक्षा मंत्री के कोलकाता पर विवादित बयान के बाद प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं? शांतिपुर में ममता ने जांच कराने की मांग की कि क्या इस घटना के पीछे कोई गहरी साजिश है। ममता ने केंद्र पर राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर अभूतपूर्व हमला बोला है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने विस्फोटक दावा किया था।

राहुल ने केरल की नर्सों से की बातचीत

## स्वास्थ्यकर्मियों को आने वाली चुनौतियों पर की चर्चा



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केरल की नर्सों के साथ बातचीत की। इस दौरान राहुल ने उन्हें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का नींव बताया। उन्होंने कहा कि उनका समर्पण, निस्वार्थ भाव और सहानुभूति ही वह चीज है, जिसके कारण परिवार अपने प्रियजनों को उनकी देखभाल में छोड़कर सुरक्षित महसूस करते हैं। एक्स पर राहुल ने कहा कि नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की नींव हैं।

एक्स पर जंग, विजयन पर बरसे रेड्डी

## केरल सीएम के विकास पर उठाए सवाल



तिरुवनंतपुरम। केरल में विधानसभा चुनावों से पहले राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के बीच शुरू हुआ विकास का विवाद अब व्यक्तिगत हमलों तक पहुंच गया है। दोनों के बीच एक्स पर जमकर बहस चल रही है।

## पश्चिम बंगाल में रैली के दौरान केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने गाया गाना

दक्षिण 24 परगना। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दक्षिण 24 परगना जिले की एक चुनावी रैली में गाना गाकर जनता का मन मोह लिया। रैली में मौजूद कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उनके गायन पर खूब सराहना और तालियां बजाते रहे। मेघवाल के इस अनोखे अंदाज ने रैली को जोशपूर्ण बना दिया। रैली में भारत माता की जय के नारे भी लगे।

## खरगे की रैली के दौरान कांग्रेस को झटका, दिग्गज ने दिया इस्तीफा

असम चुनाव का प्रचार अभियान खत्म होने से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यकांत सरकार ने सोमवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। यह घटना तब हुई, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कछार जिले में रैली को संबोधित कर रहे थे। सूर्यकांत सरकार ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए पार्टी के अंदरूनी कामकाज और नेतृत्व से गहरी नाराजगी जताई है। वे 'भारी मन' से यह कदम उठा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में स्कॉलरशिप के लिए 30 तक करें आवेदन



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने की योजना बना रहे एससी, एसटी और ओबीसी बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स के लिए सरकार ने स्कॉलरशिप स्कीम की शुरुआत की है। स्कॉलरशिप स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। एससी- एसटी और ओबीसी के स्टूडेंट्स 30 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### चाचा ने भतीजे-भावज की ली जान, 6अरेस्ट



पटना। नगर के साहबेगपुर मोहल्ले में जमीन विवाद ने मंगलवार को भयावह रूप ले लिया। दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच चल रहा विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें 2लोगों की जान चली गई और 2अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।छत से ईंट-पत्थर बरसाए गए और कुदाल से बेरहमी से वार किए गए। 6 को गिरफ्तार किया गया है।

### महाठग सुकेश को कोर्ट से मिली जमानत



नई दिल्ली। महाठग सुकेश चंद्रशेखर को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुकेश पर आरोप हैं कि उसने तमाम लोगों को करोड़ों का चूना लगाया है और ठगी के मामलों में उसका दिमाग बहुत तेज चलता है। उसका नाम बॉलीवुड से लेकर सोशल सर्किल में भी चर्चा में है। पीएमएलए मामले में कोर्ट ने जमानत दी।

### कुल्लू में कार पर गिरे पत्थर, हाईवे धंसा



शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम अब कहर ढाने लगा है। लगातार बारिश की वजह से लैंडस्लाइड और सड़कें धंसने लगी है। मंगलवार को चंबा के भरमौर में लैंडस्लाइड के चलते लोहे का निर्माणाधीन सिंयुर पुल टूट गया। कुल्लू में कार पर लैंडस्लाइड हुई। मनाली में लेफ्ट बैंक में अलेऊ से पहले हाईवे धंस गया।

होर्मुज संकट पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा

# देश में पेट्रोल और एलपीजी की कोई कमी नहीं गैस कंपनियां कर रहीं सामान्य रूप से वितरण

## गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य पूर्व एशिया में जारी युद्ध की वजह से एलपीजी सप्लाई के मोर्चे पर बढ़ती चुनौती को देखते हुए देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अहम और राहत भरा अपडेट जारी किया है। वर्तमान में आपूर्ति शृंखला को लेकर किसी भी प्रकार की अटकलों पर विराम लगाते हुए सरकार ने साफ किया है कि बाजार में एलपीजी और पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने ईंधन वितरण की वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि एलपीजी वितरक कंपनियों में कहीं किसी 'ड्राईआउट' (यानी ईंधन पूरी तरह खत्म होने की) की कोई भी सूचना नहीं है। सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं। सरकार ने यह भी कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

*देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता सामान्य*

*कहीं से भी ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं*

### 1 लाख से अधिक छापों में 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त



पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

सरकारी तेल कंपनियों ने देश में एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार इस विशेष अभियान के तहत एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन कार्रवाई के तहत 1 लाख से अधिक छापे मारे गए हैं और 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। 850 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं और 220 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सरकारी तेल कम्पनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने औचक निरीक्षण के बाद 1,500 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। 118 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और 41 वितरकों को निलंबित कर दिया है।

### डिजिटल बुकिंग पर दिया जोर

सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं।

### आपूर्ति बंद होने की कोई घटना सामने नहीं आई

शर्मा के अनुसार मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। एलपीजी वितरकों में आपूर्ति बंद होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। उद्योग जगत में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में लगभग 97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। माल की हेराफेरी को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी में लगभग 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

### प्रवासी मजदूरों के लिए 'वरदान' बना 5 किलोग्राम का सिलेंडर

पिछले 13 दिन के भीतर 5 किलोग्राम वाले एफटीएल सिलेंडर की बिक्री में अभूतपूर्व तेजी देखी गई है। इस छोटी अवधि में कुल 6.6 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। अकेले शनिवार ही 90,000 से अधिक सिलेंडरों की बिक्री हुई। कोई भी प्रवासी मजदूर या नागरिक बिना किसी पते के प्रमाण के, केवल एक वैध पहचान पत्र दिखाकर नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर से यह सिलेंडर प्राप्त कर सकता है।

### छापेमारी जारी रखी जाए

सरकार ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश छापेमारी जारी रखें ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों को गिरफ्तार किया जा सके। राज्यों को सलाह दी गई कि वे जमाखोरी, डायवर्जन और भ्रामक जानकारी के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि अनावश्यक घबराहट की स्थिति उत्पन्न न हो। राज्यों से निगरानी और प्रवर्तन को और सुदृढ़ करने तथा दोषियों के विरुद्ध अनुकरणीय कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। दरअसल, मध्यपूर्व एशिया में युद्ध की वजह से देश में एलपीजी के आयात पर असर पड़ रहा है। भारत जरूरत का 60फीसदी एलपीडी दुनियाभर के बाजारों से आयात करता है, जिसका 90फीसदी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरता है जो पिछले 39 दिनों से युद्ध क्षेत्र का हिस्सा बना हुआ है। युद्ध की वजह से भारतीय-ध्वज वाले 16 कार्गो जहाज होर्मुज के पश्चिम में फंसे हुए हैं, जिसमें एक बड़ा एलपीजी स्टॉक से लोड किया हुआ कार्गो जहाज शामिल है। कच्चे तेल से भरे 5 ऑयल टैंकर, एक एलपीजी टैंकर और 3 कंटेनर भी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पश्चिम में फंसे हुए हैं।

चुनाव आयोग ने बंगाल का पहला डेटा दिया

# 45 फीसदी अवैध नाम हटाए गए, नादिया से सबसे ज्यादा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एक महीने पहले शुरू एसआईआर प्रक्रिया के बाद सोमवार को चुनाव आयोग ने अपनी अंतिम ड्राफ्ट लिस्ट जारी की। आयोग दके आंकड़ों के अनुसार बंगाल में मतदाता सूची से बाहर किए जाने के बाद विचाराधीन 60,06,675 नामों में से 27,16,393 यानी लगभग 45.22फीसदी नाम हटा दिए गए हैं।इसका मतलब यह है कि बंगाल में मतदाताओं की संख्या विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत में 7.66 करोड़ से घटकर 6.77 करोड़ हो गई है। सबसे अधिक पेंडिंग मामले अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले (11 लाख) में थे, उसके बाद मालदा (8.28 लाख), दक्षिण 24 परगना (5.22 लाख) और उत्तर 24 परगना (5 लाख) का स्थान था। झाड़ग्राम (6682) और कलिम्पोंग ( 6790) में सबसे कम पेंडिंग केस थे।



### सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में की गई समीक्षा समीक्षा

एसआईआर की शुरुआत 27 अक्टूबर 2025 को हुई थी और 28 फरवरी 2026 को अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद मतदाताओं की कुल संख्या घटकर 7.04 करोड़ रह गई थी। इसमें 60.06 लाख वो मतदाता शामिल थे जिनके नामों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के लिए चिह्नित किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में 705 न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के बाद फैसला किया गया। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने मतदाता सूचियों को फ्रीज करने से पहले समय बढ़ाने की याचिका स्वीकार नहीं की। ईसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी नेबताया कि फैसले के बाद जिन लोगों के नाम हटा दिए गए हैं वे न्यायाधिकरणों के समक्ष इसे चुनौती दे सकते हैं।

### सबसे ज़्यादा मतदाता इन जिलों से हटे

आयोग के आंकड़ों के अनुसार प्रतिशत के हिसाब से सबसे ज़्यादा मतदाता मतुआ बहुल नादिया (77.86%) में हटाए गए हैं। दूसरा जिला हुगली (70.33%) है जहां मुसलमानों की संख्या अधिक है। इसके बाद पूर्वी बर्धमान (57.4%), उत्तर 24 परगना (55.08%) और पश्चिम बर्धमान (53.72%) से नाम हटाए गए हैं। अल्पसंख्यक बहुल मालदा (28.91%), मुर्शिदाबाद (41.33%), उत्तर दिनाजपुर (36.84%) और दक्षिण 24 परगना (42.70%) में दर्ज किए गए मामलों की संख्या सबसे अधिक थी, वहां प्रतिशत के हिसाब से कम मामले हटाए गए हैं। हालांकि संख्या के हिसाब से उनका हिस्सा अधिक है।

आशुतोष महाराज का दावा

# अविमुक्तेश्वरानंद शादीशुदा और उनकी संतान भी है, वह नकली शंकराचार्य

एजेंसी ▶▶ शामली

उत्तर प्रदेश के शामली में उस समय हलचल मच गई जब संत समाज के बीच प्रवास के दौरान ब्रह्मचारी आशुतोष महाराज ने एक विवादित बयान देते हुए स्वयंभू शंकराचार्य पर गंभीर आरोप लगाए। ब्रह्मचारी आशुतोष ने कहा कि जिस व्यक्ति को शंकराचार्य बताया जा रहा है, वह नकली है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसका वैवाहिक जीवन रहा है और संतान भी है, जो शंकराचार्य की मर्यादा के विपरीत है। यह मामला पूरे सनातन धर्म और उसकी परंपराओं की गरिमा से जुड़ा हुआ है।



### इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अगर आरोप सही हैं तो उनके खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। शंकराचार्य की गद्दी आदिगुरु शंकराचार्य की पवित्र परंपरा का प्रतीक है और इसकी गरिमा होनी चाहिए।

सबरीमाला मामले पर सरकार ने दी सुप्रीम कोर्ट में बड़ी दलील

# जज बोलीं-महिलाएं अछूत नहीं हो सकतीं, उठाए सवाल

## सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा-लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री मामले पर सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने माहवारी को लेकर अहम टिप्पणी की है। पितृसत्तामक व्यवस्था का सवाल उठा तो केंद्र ने इसकी परभाषा पर ही सवाल उठा दिया। केंद्र ने कहा कि भारत में महिलाओं को बहुत ऊंचा दर्जा दिया जाता है और पितृसत्ता की जो बात कही जाती है वह गलत है। 9 जजों की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबरीमाला मंदिर में हर उम्र की महिला के प्रवेश की वकालत करने वाले लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं?





### ऐसा नहीं होना चाहिए

उन्होंने कहा कि भारत पितृसत्तातमक या लिंग के आधार पर भेदभाव वाला समाज नहीं है, जैसा कि पश्चिमी देश समझते हैं। छूआछूत वाली टिप्पणी पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा, एक महिला के तौर पर मैं यह कह सकती हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि हर महीने के तीन दिन महिला को छूआछूत माना जाए और चौथे दिन जब माहवारी खत्म हो जाए तो वह छूआछूत नहीं है। ये कड़वी सच्चाई है।

ऐसी अवधाणाएं पेश करने के काबिल नहीं: एसी मेहता



मेहता ने कहा कि भारत में महिलाओं को न सिर्फ बराबरी का अधिकार दिया जाता है, बल्कि उन्हें ऊंचा दर्जा भी मिला है। कई फैसलों में पितृसत्तातमक समाज की अवधारणा की बात कही गई है। एक तरह का जेंडर स्टीरियोटाइप उनमें दिखता है, लेकिन भारत का मामला अलग है। हमें ऐसी अवधारणाओं को पेश नहीं करना चाहिए।

### संविधान लैंगिक भेदभाव नहीं करता

मेहता ने कहा कि संविधान लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता और लैंगिक पहचान से इतर सभी के लिए समान अधिकारों की बात करता है। उन्होंनेमामले में 2018 के फैसले की उस टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें मंदिर में महिलाओं को एंट्री न मिलने की तुलना छूआछूत से की गई है। मंदिर का मामला लैंगिक भेदभाव का नहीं है, यह मान्यता का विषय है। मंदिर के मामले में ऐसा नहीं है कि महीने में 4दिन कोई महिला मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकती। यहां मुद्दा ये है कि एक विशेष एज ग्रुप की महिलाओं की मंदिर में एंट्री पर प्रतिबंध है।

# ईरान के 17 रिहायशी इलाकों पर यूएस ने बरसाए बम, अल्बोर्ज प्रांत में 18 की मौत

ईरान का दावा संयम खत्म अब मिडिल ईस्ट के बाहर भी हमला करेंगे

*ईरान ने कहा है कि उस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों का कोई असर नहीं होगा। ईरानी सेना आईआरजीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को 'आधारहीन' बताया है। ईरान की सेना ने कहा है कि ट्रंप की धमकियों से अमेरिका और इजराइली सुरक्षाबलों के खिलाफ जारी आक्रामक कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। धमकियों से पश्चिम एशिया में हुआ अमेरिका का अपमान नहीं मिटेगा*

एजेंसी ▶▶ तेहरान/तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आगे ईरान के नहीं झुकने के बाद अमेरिका ने ईरान के 17 रिहायशी इलाकों पर बम बरसाए। इस हमले में अल्बोर्ज प्रांत में 2 बच्चों समेत 18 की मौत हो गई। अमेरिका-इजराइल ने मंगलवार को ईरान पर किए गए हमलों में खोर्रमाबाद हवाई अड्डे को निशाना बनाया है। ईरानी रेड क्रिसेंट संगठन ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान को 17 रिहायशी इलाकों पर बमबारी की है। संगठन ने कहा कि नागरिकों पर हमला करने का कोई औचित्य नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि निहत्थे नागरिकों पर हमला करना युद्ध अपराध है।

ईरान पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



अमेरिका के हमले में तबाह ईरान की राजधानी तेहरान की शेरिफ यूनिवर्सिटी

## ईरानी सेना ने अमेरिकी-इजराइली ठिकानों पर किए हमले

ईरान ने कहा है कि उस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों का कोई असर नहीं होगा। ईरानी सेना आईआरजीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को 'आधारहीन' बताया है। ईरान की सेना ने कहा है कि ट्रंप की धमकियों से अमेरिका और इजराइली सुरक्षाबलों के खिलाफ जारी आक्रामक कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। धमकियों से पश्चिम एशिया में हुआ अमेरिका का अपमान नहीं मिटेगा।

### कमांडरों की हत्या से नहीं डरेंगेः खामनेई



*ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कहा है कि शीर्ष सैन्य कमांडरों की हत्या से देश की सेना और लड़ाकों का मनोबल नहीं टूटेगा। यह बयान ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खदेमी की सोमवार को हुई हत्या के बाद आया है। खामेनेई ने कहा कि खदेमी ने सुरक्षा, खुफिया और रक्षा के क्षेत्र में कई दशकों सेवा दी। उन्होंने अपने लिखित बयान में कहा कि ईरान के लड़ाके और सेना एकजुट हैं, जिन्हें आतंकवाद या अपराध जैसी घटनाएं कमजोर नहीं कर सकतीं।*

### इजराइली जहाज पर क्रूज मिसाइल से हमला



आईआरजीसी के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघारी ने दावा किया कि इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नौसेना बलों ने इजराइली कंटेनर जहाज एसडीएन 7 पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। इस हमले से जहाज में बड़ी आग लग गई और वह नष्ट हो गया। अमेरिकी हमलावर जहाज एलएचए-7 भी दोनों पक्षों के बीच हुई भारी गोलाबारी की चपेट में आया।

### अमेरिकी सेना ने हद पार की तो अंजाम बहुत बुरा होगा

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी कि उनका जवाब सिर्फ मिडिल ईस्ट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह वहां के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बना सकते हैं। गार्ड्स ने कहा कि अब तक उन्होंने संयम बरता था, लेकिन अब वह खत्म हो चुका है। बयान में कहा गया कि ईरान अब अमेरिका और उसके सहयोगियों के ऐसे ढांचे को निशाना बना सकता है, जिससे उन्हें इस इलाके के तेल और गैस संसाधनों से दूर कर दिया जाए। ईरान ने यह भी कहा कि उसने अब तक पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्तों की वजह से संयम रखा था, लेकिन अब वह स्थिति नहीं रही। गार्ड्स ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी सेना ने हद पार की, तो अंजाम बहुत बुरा होगा।

### इजराइल के रासायनिक संयंत्रों पर भी ईरानी सेना का हमला



इजराइल के शहर पेता टिकवा पर ईरान का हमला

ईरानी सेना का कहना है कि उसके हमले के कारण अमेरिकी जहाजों को हिंद महासागर में पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स ने उत्तरी और दक्षिणी तेल अवीव के प्रमुख स्थलों को निशाना बनाया। हाइफा के रणनीतिक केंद्रों और बीर शेवा के रासायनिक संयंत्रों पर भी हमला किया गया। आईआरजीसी के मुताबिक सेना ने पेता टिकवा में इजराइली सैनिकों की एक टुकड़ी पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से सटीक हमला किए जाने का दावा किया।

### भारतीय दूतावास ने दी सलाह

*ईरान में मौजूद भारतीयों को लेकर भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी की है और उन्हें निर्देश दिए हैं कि वे जहां हैं, वहीं रहें। भारतीय दूतावास की तरफ से यह भी कहा गया कि अगले 48 घंटे के लिए लोग पावर प्लांट्स बड़ी इमारतों, सैन्य अड्डों से आदि से दूर चले जाएं और हो सके तो बहुमंजिला इमारतों के ऊपरी तलों पर बिल्कुल न जाएं।*

## जंग में ईरान के 130 से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम तबाहः इजराइल

इजराइल की सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हवाई हमले किए हैं। सेना के अनुसार, युद्ध के दौरान अब तक ईरान के 130 से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया गया है। जारी किए गए वीडियो में इन हमलों की झलक दिखाई गई है, जिसमें विभिन्न सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है।

### ईरानी क्लस्टर बम से इजराइल में नुकसान

इजराइल में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल से गिराए गए क्लस्टर सबम्यूनिशन (छोटे बम) के कारण नुकसान होने की खबर है। राहत और बचाव टीमों के अनुसार, रोश हाअयिन, रमत हाशरोन और आसपास के इलाकों में इन छोटे बमों के गिरने के स्थानों पर टीमें काम कर रही हैं।

### इजराइल ने किया शिराज पेट्रोकेमिकल ठिकाने पर हवाई हमले का दावा


इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने दक्षिण-पश्चिमी ईरान के शिराज में एक और पेट्रोकेमिकल परिसर पर हमला किया है। एक बयान में सेना ने कहा कि इस पेट्रोकेमिकल परिसर में ईरानी शासन के सशस्त्र बलों के लिए नाइट्रिक एसिड का उत्पादन किया जाता था। इजराइली सेना ने दावा किया कि यह परिसर ईरान में विस्फोटकों के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक घटकों और बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास के लिए सामग्री का उत्पादन करने वाले आखिरी बचे परिसरों में से एक था।

### इजराइल का ईरान में रेलवे पुल पर हमला, 2 की मौत, 3 अन्य घायल

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, मंगलवार को ईरान के काशान शहर के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर अमेरिका-इजराइल के हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इजराइल ने ईरान में लोगों को ट्रेन से सफर न करने की चेतावनी जारी की थी। इसमें कहा गया है कि अगले 12 घंटे तक ट्रेन का इस्तेमाल न करें।

### ईरान ने यूनेस्को को लिखा खत

## रेलवे सिस्टम पर हमला रोकने की अपील की



ईरान ने यूनेस्को से ईरान के रेल सिस्टम को उड़ाने की इजरायल की धमकी की आलोचना करने की अपील की है। ईरान ने यूनेस्को को इस संबंध में पत्र लिखा है। ईरान के 1,394 किलोमीटर लंबे ट्रांस-ईरानी रेलवे को यूनेस्को ने 2021 में विश्व धरोहर के तौर पर मान्यता दी है। ईरान के सांस्कृतिक विरासत मंत्री रेजा सलीही अमीरी ने यूनेस्को के महानिदेशक को एक आधिकारिक चिट्ठी भेजी है, जिसमें यूएन एजेंसी से देश के रेलवे सिस्टम पर हमले की इजरायल की धमकी की निंदा करने और इस पर रोक लगाने की अपील की है।

### युद्ध बढ़ाने से शांति नहीं आएगीः कोस्टा

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने चेतावनी दी है कि नागरिक इलाकों पर हमले करने से शांति नहीं मिलेगी। उनका कहना है कि केवल कूटनीति और बातचीत ही संघर्ष को खत्म करने का सही तरीका है।

### अमेरिका ने बहरीन से अपने 1500 नाविकों को निकाला

ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले के खतरे के बाद अमेरिका ने बहरीन से अपने करीब 1500 नाविकों को वापस बुला लिया है। बहरीन में अमेरिका की नेवी का पांचवी फ्लीट मौजूद है, जो पूरे मिडिल ईस्ट में समुद्री ऑपरेशन संभालती है।

### इजराइल पर पिंक कलर की मिसाइल दागी




एक ईरानी लड़की ने सेना के एयरोस्पेस कमांडर से पिंक कलर की मिसाइल इजराइल पर दागने का अनुरोध किया था। आईआरजीसी ने इसके जवाब में एक पिंक कलर की मिसाइल की तस्वीर जारी की, जिस पर फारसी में लिखा था- एक क्रांतिकारी छोटी बच्ची के अनुरोध के जवाब में।

## खबर संक्षेप

### आज से तीन दिवसीय यूएस दौरे पर मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी 8 से 10 अप्रैल 2026 तक वाशिंगटन डीसी, संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा से भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा करने और प्रमुख क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इस दौरान विदेश सचिव अमेरिका प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।



### 2 पाकिस्तानी आतंकियों समेत 5 गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में दो पाकिस्तानी आतंकियों सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक अभियान के तहत राजस्थान और हरियाणा सहित कई राज्यों में कुल 19 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।



### 8 दिन की पुलिस हिरासत में आरोपी सरबजीत

**दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में हुए सुरक्षा उल्लंघन मामले में आरोपी सरबजीत सिंह को तीस हजारी कोर्ट ने आठ दिनों के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया है। यह फैसला कोर्ट ने पुलिस की उस अर्जी पर सुनाया, जिसमें उन्होंने आरोपी से पूछताछ और मामले की तह तक जाने के लिए और अधिक समय मांगा था।



### पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को ललकार

# 55 साल पुराना अंजाम मत भूलो, बंगाल पर नजर उठाई तो खुदा जाने कितने टुकड़े होंगे

एजेंसी ▶▶ बैरकपुर

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के भड़काऊ बयान पर तीखा पलटवार किया है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि वे 55 साल पहले के अंजाम को न भूलें जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था।

उन्होंने साफ लहजे में चेतावनी दी कि अगर इस बार पाकिस्तान ने बंगाल की तरफ आंख उठाकर भी देखा तो खुदा ही जाने उसके कितने टुकड़े होंगे। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी नेतृत्व को संयम बरतने और इतिहास से सीख लेने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को इस तरह की भड़काऊ बातें नहीं करनी चाहिए।

इतिहास से सीख ले पाक

भड़काऊ बातें नहीं करे



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पश्चिम बंगाल की उत्तरी 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा के दौरान

### रक्षा मामलों पर सरकार की नीति स्पष्ट

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश का रक्षा मंत्री होने के नाते वह खुद इस मुद्दे पर अपनी बात रख रहे हैं और यह जरूरी नहीं कि हर बात पर प्रधानमंत्री ही बोलें। रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की सुरक्षा और रक्षा मामलों पर सरकार की नीति पूरी तरह स्पष्ट है। राजनाथ सिंह ने दोटूक शब्दों में कहा कि वह देश के रक्षा मंत्री हैं और रक्षा से जुड़े विषयों पर बोलने के लिए पूरी तरह अधिकृत हैं।



*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली कैंट स्थित बेस अस्पताल में 262वें सेना चिकित्सा कोर स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी क्षेत्र का दौरा करते हुए।*

### पाक की गलत हरकत का जवाब देंगे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की किसी भी गलत हरकत का जवाब अपूर्व और निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। उन्होंने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला देते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई ने स्पष्ट संदेश दिया था। उस हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया था।*

### पाक ने कोलकाता पर हमले की दी थी धमकी

*दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में भारत को लेकर एक विवादित बयान दिया था। आसिफ ने कहा था कि अगर भारत की ओर से कोई भी कार्रवाई होती है तो पाकिस्तान कोलकाता पर हमला करके उसका जवाब देगा।*

### इस्तांबुल में इजराइली दूतावास पर हमला

## तुर्किये पुलिस ने हमलावरों को मार गिराया, दो पुलिसकर्मी भी घायल



एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इजराइली वाणिज्य दूतावास की इमारत के बाहर बंदूकधारियों ने पुलिस पर गोलीबारी की और इस दौरान हुई मुठभेड़ में एक हमलावर मारा गया, जबकि दो को घायल अवस्था में पकड़ लिया गया।

तुर्की के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल ने पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए। गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्ती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमलावर पड़ोसी शहर इज़मित से किराए की कार में इस्तांबुल पहुंचे। हमलावरों में से दो भाई थे, और उनमें से एक का मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

**हमलावर पड़ोसी शहर इजमित से किराए की कार में पहुंचे**

### मामले की जांच शुरू

*गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्ती ने किसी संगठन का नाम लि, बिना कहा कि हमलावरों का संबंध 'धर्म का दुरुपयोग करने वाले' एक समूह से था। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अतीत में तुर्किये में घातक हमले किए हैं। यह वाणिज्य दूतावास इस्तांबुल के बेसिकतास इलाके में गगनचुंबी इमारत में स्थित है। दूतावास पिछले दो साल से बंद था। अधिकारियों ने बताया कि तुर्किये स्थित इजराइली दूतावासों में इस समय कोई भी इजराइली राजनयिक मौजूद नहीं है। गाजा युद्ध के बाद, सुरक्षा चिंताओं और तुर्किये के साथ बिगड़ते संबंधों के चलते इजराइल ने अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था। तुर्किये के न्याय मंत्री अकिन गुरलेक ने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है। इजराइल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि दूतावास इस समय खाली है।*

### विकास परियोजनाओं और स्वास्थ्य सहयोग पर की चर्चा

## जयशंकर से मिले दुनिया के 8वें सबसे छोटे देश के विदेश मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के 10 सबसे छोटे देशों में से एक और छोटे से द्वि द्वीपीय देश सेंट किट्स एंड नेविस के विदेश मंत्री डॉ. डेन्जिल एल. डगलस आए हुए हैं। उन्होंने मंगलवार को अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। जयशंकर ने उनका स्वागत किया और कहा कि उन्होंने विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सेंट किट्स एंड नेविस विश्व का सबसे छोटा संप्रभु संघ है, जो 1983 में ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुआ। जयशंकर ने 'एक्स' पर मुलाकात की फोटो साझा करते हुए लिखा कि आज सेंट किट्स एंड नेविस के



विदेश मामलों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, उद्योग, वाणिज्य और उपभोक्ता मामलों, आर्थिक विकास और निवेश मंत्री डॉ. डेनज़िल एल. डगलस की मेजबानी करके मुझे बेहद खुशी हुई। उन्होंने बताया कि हमने विकास परियोजनाओं, स्वास्थ्य सहयोग, डिजिटल क्षमताओं और आपदा राहत पर चर्चा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुए विचारों के आदान-प्रदान की सराहना की।

### ईरान युद्ध के बीच डीजीसीए का लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर फैसला

# अब पायलटों को 48 घंटे का लगातार आराम देना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए पायलटों के ड्यूटी समय में अस्थायी राहत दी है। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि ईरान युद्ध के चलते मिडिल ईस्ट के कई देशों का एयरस्पेस बंद होने से उड़ानों को लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है।

नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आओ ने बताया कि लंबी उड़ानों के कारण एयरलाइंस को पायलट ड्यूटी टाइम लिमिट (एफडीटीएल) के नियमों का पालन करने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए यह छूट दी गई है।

फ्लाइट ड्यूटी पीरिएड 1 घंटा 45 मिनट बढ़ाया

डीजीसीए ने कहा- एयरलाइंस नियमों का पालन करें



### एयरलाइंस को लंबा रास्ता लेना पड़ रहा

डीजीसीए ने पिछले साल पायलटों की थकान को कम करने और फ्लाइट सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नए नियम लागू किए थे। इन नियमों के तहत पायलटों को 48 घंटे का लगातार आराम देना जरूरी किया गया था, जो पहले 36 घंटे था। लेकिन ईरान युद्ध के कारण पश्चिमी देशों के लिए उड़ानों का समय बढ़ गया है, क्योंकि विमानों को मिडिल ईस्ट के संघर्ष वाले क्षेत्र से बचते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है। इससे एयरलाइंस के लिए तय ड्यूटी टाइम के भीतर ऑपरेशन करना मुश्किल हो रहा है।

### फ्लाइट टाइम 1 घंटा 30 मिनट बढ़ाया

*डीजीसीए ने पहले भी 30 अप्रैल तक कुछ राहत दी थी। अब दो पायलटों वाली लंबी उड़ानों के लिए फ्लाइट टाइम (एफटी) को 1 घंटा 30 मिनट बढ़ाकर 11 घंटे 30 मिनट कर दिया गया है, जबकि फ्लाइट ड्यूटी पीरियड (एफडीपी) को 1 घंटा 45 मिनट बढ़ाकर 11 घंटे 45 मिनट कर दिया गया है। फ्लाइंग टाइम में विमान रनवे पर टेक-ऑफ के लिए चलने से लेकर उड़ान खत्म होने के बाद रुकने तक का पूरा समय शामिल होता है।*

### डीजीसीए ने निगरानी बढ़ाई

*डीजीसीए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि एयरलाइंस नियमों का पालन करें। इसके लिए साप्ताहिक और पखवाड़े के आधार पर निगरानी बढ़ाई गई है और हर दो महीने में डीजीसीए अधिकारी एयरलाइंस का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा, रेगुलेटर अब एयरलाइंस के संचालन पर और ज्यादा नजर रख रहा है, जिसमें पायलट रोस्टर, क्रू की उपलब्धता, बैकअप व्यवस्था, सिस्टम की मजबूती और एफडीटीएल नियमों के अनुपालन पर खास ध्यान दिया जा रहा है।*

## प्रदेश में आबकारी विभाग ने अपनाया सख्त रवैया

# राजस्व लक्ष्य में कमी पर कार्रवाई: बैतूल, अशोकनगर-गुना के जिला आबकारी अफसरों पर निलंबन की गाज, 400 दुकानों की नीलामी शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में आबकारी राजस्व संग्रह में कमी और शराब दुकानों की नीलामी में देरी को लेकर विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। लंबे समय बाद ठेका नीलामी प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले दो जिला आबकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना के निर्देश पर की गई। मप्र में 3553 में से 3153 दुकानें ही नीलाम हो पाई है। अभी भी 400 दुकानें नीलाम नहीं हो पाई है। निलंबित अधिकारियों में बैतूल के आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह और अशोकनगर-गुना क्षेत्र के प्रभारी गुरु प्रसाद केवट शामिल हैं।

विभागीय आदेश के तहत गुरु प्रसाद केवट को ग्वालियर संभाग के उड़नदस्ता में पदस्थ किया गया है, जबकि अंशुमान सिंह को भोपाल उड़नदस्ता से अटैच किया गया है।



### दुकानों की संख्या इस वर्ष हुई दोगुनी

मप्र में आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष प्रदेश में 489 शराब दुकानें थीं, जबकि इस बार समूह पुनर्गठन के बाद इनकी संख्या बढ़कर 919 समूहों में परिवर्तित हुई है। सरकार की यह नई नीति छोटे समूह बनाकर अधिक ठेकेदारों को शामिल करने की रही है, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़े और राजस्व में इजाफा हो। हालांकि, इस वर्ष अब तक में 3553 दुकानों में से पिछले साल की तुलना में महज 3153 दुकानों से मौजूदा राजस्व के अनुसार केवल लगभग 2 प्रतिशत अधिक राजस्व ही प्राप्त हो पाया है, जबकि लक्ष्य 20 प्रतिशत वृद्धि का रखा गया था। इसके साथ ही राजस्व बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ की आबकारी नीति का अध्ययन भी किया जा रहा है। इसी सिलसिले में दो अधिकारियों को समीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ भेजा गया है। सरकार का मानना है कि कड़े कदमों और समयबद्ध नीलामी प्रक्रिया से आबकारी राजस्व में सुधार होगा और निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### एक दिन में 2.20 लाख रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई

**भोपाल।** मप्र मप्र में सोमवार को एक दिन में 2.20 लाख रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई की गई। यह डिलेवरी भी तीनों कंपनियों इंडेल, बीपीसीएल व एचपीसीएल कंपनियों से की गई है। मप्र के रसोई गैस के लिए बनी कमेटी के नोडल अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि राज्य में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। सभी जिलों में निर्बाध सप्लाई जारी है। पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी पूरी तरह से सामान्य है। केंद्र व राज्य सरकार दोनों स्थिति पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी की मौजूदा स्थिति को लेकर सोमवार को मप्र सरकार व आयल कंपनियों की ओर से संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रदेश भर की स्थिति के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर तीनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही पीआईबी के निदेशक मप्र मनीष गौतम, मप्र सरकार के खाद्य विभाग के संयुक्त संचालक ब्रजेश सक्सेना व कृषि विभाग के ज्वाइंड डायरेक्टर जीएस चौहान ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। नोडल अधिकारी श्रीवास्तव ने बताया कि हुए प्रदेश में प्रतिदिन करीब 2.20 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी हर दिन की जा रही है, जो सामान्य दिनों के बराबर है।

### वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के हित में त्वरित कार्रवाई की जाए

**भोपाल।** मप्र विस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विभिन्न जिलों में हाल ही में हुई असमय वर्षा, आंधी एवं ओलावृष्टि से किसानों को हुई व्यापक क्षति को गंभीरता से लेते हुए सीएम को पत्र लिखकर त्वरित कार्यवाही की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश के भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, बड़वानी, बैतूल, रायसेन सहित अनेक जिलों में गेहूं, सरसों एवं चना की खड़ी तथा कटाई उपरांत तैयार फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। विशेष रूप से गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी समय पर प्रारंभ नहीं हो पाने के कारण किसानों की उपज लंबे समय तक खेतों एवं खलिहानों में पड़ी रही, जिससे वर्षा एवं ओलावृष्टि के चलते किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए तत्काल प्रभाव से हर जिले के कलेक्टर को किसानों की फसलों के हुए नुकसान की भरपाई करने और फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सभी कलेक्टर फील्ड पर जाए राजस्व अधिकारियों के साथ किसानों की फसलों का आंकलन करें।

## मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने फहराया भाजपा का ध्वज

- पार्टी के दिवंगत व वरिष्ठ नेताओं के परिवारों का किया सम्मान, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने भाषण में किया धुरंधर और धुरंधर 2 का जिक्र



सीएम सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने फहराया भाजपा का ध्वज।

### आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां, 14 जिलों में पार्टी कार्यालय भवनों का वर्चुअली किया भूमि-पूजन

# प्रदेश कार्यालय सहित बूथ स्तर तक उत्साह के साथ मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित पूरे प्रदेश में पार्टी का स्थापना दिवस बूथ स्तर तक उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण कर 14 जिलों में पार्टी कार्यालय भवनों का वर्चुअली भूमि-पूजन एवं 3 जिलों में कार्यारंभ कर संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री माखन सिंह चौहान का सम्मान किया। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के परिवारजनों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, मंत्री प्रतिमा बागरी, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पूजन करते मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता।

### महेंद्र दवे के नेतृत्व में 6 नंबर पर आतिशबाजी और मिठाई वितरित



आतिशबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता।

*राष्ट्र निर्माण, सुशासन और जनसेवा के महान संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ते विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस परभरी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने महेंद्र दवे नेतृत्व में 6 नंबर बस स्टॉप पर भव्य आतिशबाजी की और मिठाई का वितरण किया, तथा सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, कर्मठ पदाधिकारियों एवं सम्मानित समर्थकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा, डॉ. योगेंद्र मुखिया, पार्षद मनोज राठौर, शरद पंडित, अश्विनी राय, अमित सिंह, राहुल पचौरी, विनोद पंडित, उमाशंकर तिवारी विकास शर्मा, हरीश शर्मा, अंकित शर्मा[र प्रकाश मोटवानी, आनंद पाराशर, राजेश हिरवे आदि उपस्थित रहे।*

### स्थापना दिवस उत्साह एवं उमंग का खास अवसर

#### पार्टी कार्यालय हम सभी के लिए मंदिर और हमारे कार्य का आधार : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पार्टी कार्यालय हम सभी के लिए मंदिर और हमारे कार्य का आधार है। भाजपा का स्थापना दिवस बहुत ही उत्साह और उमंग वाला दिन है। पार्टी कार्यालय हम सभी के लिए मंदिर और हमारे कार्य का आधार होते हैं। आज हम सभी के लिए बहुत बड़ा दिन है कि एक साथ चौदह जिला कार्यालयों का भूमिपूजन और तीन जिला कार्यालयों पर कार्यरंभ हुआ है। एक साथ इतने जिलों में ऐसा कार्य करके प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कमाल कर दिया है, इसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाइयां एवं शुभकामनाएं देता हूं। हमारे बीच में से जो प्रमुख कार्यकर्ता जिन्हें अपना पूरा जीवन पार्टी को दिया वह हमारे बीच में आज नहीं है, आज उनके परिवार के सदस्यों का सम्मान करते हुए मुझे अत्यंत खुशी का अनुभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तीसरा देश बन गया है, जो अपने दुश्मनों को उनके देश में घुसकर मारता है। प्रधानमंत्री मोदी के माध्यम से धुरंधर 2 का समय चल रहा है, लेकिन हमें धुरंधर 1 का समय भी याद आता है।

### यही दृढ़ता हमारा निश्चय

#### भाजपा सत्ता नहीं, विचार और विश्वास की यात्रा है: हेमंत खण्डेलवाल

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता की पार्टी नहीं है, बल्कि विचार और विश्वास की यात्रा का एक संगठन है। सन 1985 में एक वक्त ऐसा आया कि जब हम सिर्फ दो सीट पर थे, लेकिन हमने जो वर्ष 1952 में सोचा था कि जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटेगी, अयोध्या में श्री राम मंदिर बनेगा, तीन तलाक पर कानून बनेगा। इन बातों से हमारी पार्टी कभी पीछे नहीं हटी, यही दृढ़ता हमारा निश्चय है।

### अद्भुत मिसाल

#### 47 वर्षों की विकास यात्रा आज प्रेरणादायी बन गई : अजय

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सफर वर्ष 1980 से शुरू हुआ और वर्ष 2026 के बीच जो विकास की यात्रा हम लोगों ने आगे बढ़ाई आज वह देश-दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी बन गई है। हमारे सामने पांच बड़ी चुनौतियां पंच परिवर्तन के नाते हमारे सामने हैं।

## मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने की भाजपा मीडिया विभाग की बैठक

# गलत नैरेटिव बनाते हैं विपक्षी दल, हमें तथ्यों के साथ सही बात जनता तक पहुंचाना होगी : डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आप सभी प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट और मीडिया विभाग के सदस्यगण कार्यकर्ता भाव से पार्टी संगठन और सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं। विपक्षी दल असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए गलत नैरेटिव बनाते है। हमें तथ्यों के साथ पार्टी संगठन और सरकार का पक्ष मीडिया में रखना है और जनता तक सरकार व संगठन के कार्यों और उपलब्धियों को पहुंचाना है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया विभाग की बैठक को संबोधितक करते हुए कही।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संगठन के कार्यों को भगवान का कार्य मानकर पूरी निष्ठा के साथ दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार को लेकर देवर्षि नारद का कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देवर्षि नारद ने कहा था कि मैं भगवान का कार्य कर रहा हूं। इसी तरह मीडिया विभाग के आप सभी कार्यकर्तागण पार्टी संगठन के कार्यों को भगवान का कार्य मानकर करें।




### भाजपा संगठन और सरकार की छवि निखारने की जिम्मेदारी आप पर: प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि आप सभी पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं। मीडिया विभाग में नए दायित्व संभालने वाले आप सभी कार्यकर्ता पहले भी पार्टी में किसी न किसी दायित्व में रहे हैं। अब आप सभी जिस दायित्व में हैं, वह पार्टी का चेहरा है। आप जो भी बात कहेंगे, वह पार्टी का अधिकृत बयान माना जाएगा। आप सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन और सरकार की छवि निखाने की जिम्मेदारी है। संगठन सर्वोपरि के सिद्धांत पर कार्य करते हुए पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए नवीन दायित्व का निर्वहन करें। आप सभी को सक्रिय भूमिका के साथ संगठन व सरकार के कार्यों, उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ विपक्ष के भ्रामक आरोपों का भी तथ्यात्मक रूप से जवाब देना है।

#### दायित्व एक पद नहीं, विश्वास, जिम्मेदारी और सेवा का प्रतीक है: प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि यह विश्वास, जिम्मेदारी और सेवा का प्रतीक है। हम सिर्फ सूचना संप्रेषणकर्ता नहीं, बल्कि नैरेटिव के निर्माता हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के मार्गदर्शन हमें न केवल उच्चतम मानकों तक पहुंचने की प्रेरणा प्रदान करता है, बल्कि संगठन के कार्यों को सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए एक ठोस दृष्टिकोण भी देता है।

### सीएम ने किया पं. मुस्तफा की पुस्तक गीता भारती का विमोचन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में पंडित मुस्तफा आरिफ उज्जैन की पुस्तक 'गीता भारती' का विमोचन किया। इस पुस्तक में भगवद गीता के श्लोक 'हिन्दी मुक्तक' के रूप में लिखकर संकलित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने लेखक को इस काव्य सृजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पंडित मुस्तफा आरिफ ने इस पुस्तक की रचना के बारे में बताया कि जहां धर्म है, वहां कर्म सर्वोपरि है। इसी कारण सभी धर्म- प्रधान हैं। कुरान शरीफ की 6666 आयतों पर 10 हजार हिंदी पद रचने के बाद परमात्मा-प्रदत्त सद्बुद्धि ने उन्हें कर्म- आधारित धर्म ग्रंथों की ओर मोड़ा है। श्रीमद भगवद्गीता के कर्म-दर्शन ने उन्हें गहराई से प्रेरित किया।

### गांव परस्पर जुड़ेंगे तो सुगम हो जाएगी आवागमन की सुविधा

# ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक करें उपयोग: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों में आधुनिक तकनीक का अधिक उपयोग किया जाए। कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए ड्रोन का उपयोग हो। सिपरी साफ्टवेयर न सिर्फ डीपीआर तैयार करने की दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि सड़क के साथ पुल-पुलियों की आवश्यकता दर्शाने में भी इसका उपयोग हो रहा है। इन्हें पूर्ण करने में वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग शुरू करना सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सुगम संपर्कता परियोजना संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थे।



- सुगम संपर्कता परियोजना में मजरों-टोलों और सांदीपनि स्कूलों तक बनेंगी सड़कें
- प्रत्येक जनपद पंचायत 3 करोड़ रुपए की दे सकेगी स्वीकृति
- मुख्यमंत्री ने की सुगम संपर्कता परियोजना की समीक्षा

#### सड़कों का निर्माण मनरेगा अर्थात वीबी-जी-राम-जी योजना में से

सीएम ने परियोजना की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। सड़कों का निर्माण मनरेगा अर्थात वीबी-जी-राम-जी योजना में से करवाया जाएगा।

## बैंककर्मियों से साठगांठ कर उड़ाए लाखों रुपए

# फर्जी दस्तावेजों से 31 लाख की ठगी, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर बैंक खातों से 31 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बैंककर्मियों से साठगांठ कर होल्ड खातों को फर्जी तरीके से अनहोल्ड कराया और रकम निकाल ली।

पुलिस के मुताबिक, मामले में मुख्य आरोपी शिवा साहू (रायकोना), पारसनाथ साहू (चकरदा) और सूर्यकांत साहू उर्फ सोनू साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

#### 40 लाख की सामग्री जब्त

*लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने पतासाजी कर गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त इनोवा और सेलेरियो कार, जावा मोटरसाइकिल, एक्टिवा स्कूटी, लैपटॉप, प्रिंटर, मोबाइल फोन समेत कूटरचित दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त की गई है, जिनकी कुल कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है।*

#### साइबर सेल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

*पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय व एसडीओपी विजय कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वीणा यादव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान साइबर सेल और थाना स्टाफ की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब बैंककर्मियों की संलिप्तता के एंगल पर भी जांच कर रही है।*

#### फर्जी दस्तावेजों से अनहोल्ड कराए खाते

*प्रकरण में एचडीएफसी बैंक बिलाईगढ़ और सारंगढ़ के बैंक प्रबंधकों ने 25 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने थाना सरसींवा के एक पुराने प्रकरण में होल्ड किए गए खातों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए अनहोल्ड कराकर ऋतु साहू के खाते से 21 लाख और शिवा साहू के खाते से करीब 10.34 लाख रुपए निकाल लिए। मामले में थाना सरसींवा में अपराध क्रमांक 389/2025 और 390/2025 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।*

## बड़े अस्पतालों के नहीं लगाने होंगे चक्कर, मोबाइल पर आएगी रिपोर्ट

# रायपुर के गांवों में ही हो सकेगी 64 तरह की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी स्थित जिला अस्पताल की हमर लैब में हर साल करीब चार लाख जांचें होती हैं। यहां हर दिन जांच कराने वाले मरीजों की भारी भीड़ लगती है। लेकिन अब रायपुर समेत पूरे प्रदेश के मरीजों को राहत मिलने वाली है।

राज्य सरकार अब हमर लैब की जगह हाईटेक अटल आरोग्य लैब शुरू करने जा रही है। इसके लिए केंद्र सरकार की कंपनी एचएलएल लाइफकेयर के साथ करार किया गया है।

### घर के चक्कर मिलेगी सुविधा




नई व्यवस्था के बाद रायपुर के मरीजों को छोटी-मोटी जांच के लिए पंडरी या आंबेडकर जैसे बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। दूर-दराज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 64 तरह की जांच सुविधाएं मिलने लगेंगी। वे अपने घर के पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही जांच करा सकेंगे और रिपोर्ट सीधे उनके मोबाइल पर आ जाएगी।

### पैथोलॉजी से लेकर मालिक्यूलर जांच की सुविधा

*मौजूदा व्यवस्था की बात करें तो रायपुर जिला अस्पताल की हमर लैब में अभी 120 तरह की जांचें निःशुल्क होती हैं। नई योजना लागू होने के बाद जिला अस्पताल में जांच की संख्या बढ़कर 134 हो जाएगी। इसके साथ ही रायपुर के सिविल अस्पतालों में 111, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 97 जांच सुविधाएं मिलने लगेंगी। पैथोलॉजी से लेकर मालिक्यूलर जांच तक की सुविधा अब एक ही सिस्टम से मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग इस पूरी व्यवस्था को हब एंड स्पोक मॉडल पर तैयार कर रहा है। इसके तहत रायपुर सहित पूरे प्रदेश के 1051 छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों को एक नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। गांवों के 814 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीधे सैंपल कलेक्शन सेंटर बन जाएंगे। इस पूरे नेटवर्क की निगरानी के लिए एक आधुनिक कमांड सेंटर और डैशबोर्ड भी बनेगा, जिससे अधिकारी सीधे देख सकेंगे कि मरीजों को रिपोर्ट समय पर मिल रही है या नहीं।*

# विधवा पीड़िता ने लगाया बजरंग दल नेता ललित पर दुष्कर्म का आरोप देर रात तक रही गहमागहमी

**पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष पर धमकाने के गंभीर आरोप, भाजपा नेताओं का जमावड़ा**

हरिभूमि, जबलपुर। घमापुर थाना क्षेत्र में सामने आए दुष्कर्म के गंभीर मामले ने शहर की सियासत और कानून व्यवस्था दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। 25 वर्षीय विधवा महिला ने बजरंग दल से जुड़े नेता ललित पर शारीरिक शोषण के आरोप लगाए हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, वहीं आरोपी की तलाश जारी है।

### नौकरी का झांसा, फिर शोषण का आरोप

पीड़िता के अनुसार वह आरोपी की दुकान में काम करती थी। इसी दौरान ललित ने विश्वास में लेकर उसे झांसे में फंसाया और कई बार दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि लंबे समय तक शोषण होता रहा और विरोध करने पर उसे चुप रहने के लिए डराया गया।

### धमकियों के घेरे में पीड़िता का परिवार-

पीड़िता ने भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं अधिवक्ता पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि भाजपा नेता सहित कुछ प्रभावशाली लोग आरोपी को बचाने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। पीड़िता की मां को भी धमकियां मिल रही हैं और पूरे परिवार पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है।

### थाने में देर रात तक सियासी हलचल

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब घमापुर थाने में देर रात तक भाजपा नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। सूत्रों के मुताबिक आरोपी पक्ष के लोग भी थाने में डटे रहे, जिससे माहौल तनावपूर्ण बना रहा। इस घटनाक्रम ने पुलिस की निष्पक्षता को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पुलिस जांच जारी, गिरफ्तारी पर नजर


पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### न्याय पर टिकी निगाहें

पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रभावशाली लोगों की मौजूदगी में पीड़ित पक्ष पर दबाव बनना आम हो गया है। अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस इस संवेदनशील मामले में कितनी पारदर्शिता और तेजी से कार्रवाई कर पीड़िता को न्याय दिला पाती है।

**अधिकतर आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, लेकिन ट्रायल जारी है**

# फीस घोटाला, डुप्लिकेट आईएसबीएन नंबर मामलों में आरोपी स्कूल संचालकों, प्रबंधकों, प्राचार्य व पुस्तक विक्रेताओं को राहत देने से इनकार



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने फीस घोटाला, डुप्लिकेट आईएसबीएन नंबर व अन्य मामलों में आरोपी बनाए गए स्कूल संचालकों, प्रबंधकों, प्राचार्य व पुस्तक विक्रेताओं को राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने उक्त लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मामले में कुछ आरोपियों, विशेषकर पुस्तक प्रकाशकों के विरुद्ध जांच लंबित है। हाईकोर्ट ने अपनी विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए जबलपुर के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि वे लंबित जांच यथाशीघ्र पूरी करें। गौरतलब है कि तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर कई निजी स्कूल के प्राचार्य, संचालक, प्रबंधन कमेटी के सदस्य, बुक पब्लिशर्स, पुस्तक विक्रेताओं के खिलाफ संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज की गई थी। इन पर नियमविरुद्ध स्कूल फीस वृद्धि, डिप्लिकेट आईएसबीएन नंबर वाली पुस्तकों को लागू करने व अन्य अनियमितताओं का आरोप था। अधिकतर आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, लेकिन ट्रायल जारी है। क्राइस्ट चर्च ब्वायज स्कूल की प्राचार्य लूवि मैरी साठे, क्राइस्ट चर्च डायोसीस स्कूल घमापुर की प्राचार्य एकता पीटर्स, बोर्डस्ले स्कूल कटनी के प्राचार्य अतुल अनुपम अब्राहम, चिन्ड्रन बुक डिपो के शशांक श्रीवास्तव, चैतन्य टेक्नो स्कूल के चंद्रशेखर विश्वकर्मा और सूर्य प्रकाश वर्मा ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और ट्रायल को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने सभी की याचिकाएं निरस्त कर दी।

# संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु के मामले में शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमॉर्टम करने

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने संदिग्ध मौत के एक मामले में शव को कब्र से निकाल कर उसका पोस्टमॉर्टम करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस एके सिंह की डिवीजन बेंच ने 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे एसडीएम आधारताल की उपस्थिति में यह कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि शव का पोस्टमॉर्टम भी तत्काल कराया जाए। कोर्ट ने अपीलार्थी कासिमुद्दीन कुरैशी को निर्देश दिया है कि वह 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे एसडीएम अधारताल के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। अधिवक्ता अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि कोर्ट ने शव को दोपहर 1 बजे तक कब्र से निकालकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर भेजने तथा उसी दिन पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अपीलकर्ता के अनुपस्थित रहने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अपीलकर्ता जबलपुर निवासी कसीमुद्दीन कुरैशी ने अपील प्रस्तुत कर बताया कि उसका भाई गयासुद्दीन कुरैशी नरसिंहपुर जिले के बोरीपार गांव में रहता था। 26 मार्च, 2025 को गयासुद्दीन एक हादसे का शिकार हो गया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जबलपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन 27 मार्च को इलाज के लिए नागपुर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल की डिस्चार्ज रिपोर्ट में मृतक के सीने में चोट का निशान दर्ज था। ऐसे में मौत को सामान्य नहीं माना जा सकता। आवेदक ने 10 नवम्बर, 2025 को जबलपुर एसपी को आवेदन देकर मामले की जांच और पोस्टमार्टम की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**आज सुबह 11 बजे एसडीएम आधारताल की उपस्थिति में होगी कार्रवाई**

**सिहोरा की घटना : फिल्मी स्टाईल में 3 घंटे चला ड्रामा**

# प्रेमिका के लिए हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ा प्रेमी



हरिभूमि जबलपुर। जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर सिहोरा तहसील के गंजताल क्षेत्र में मंगलवार की सुबह फिल्म शोले की स्टाईल में एक युवक प्रेमिका से शादी करने की जिद पूरी करने के लिए हाईटेंशन लाईन के टॉवर पर चढ़ गया। घटना से अफरा तफरी मच गई और किसी तरह पुलिस के प्रयासों से युवक नीचे आया। फिलहाल आत्महत्या के प्रयास के मामलें में पुलिस की हिरासत में है। बताया गया है कि युवक लगभग 200 फीट ऊंचे टॉवर में चढ़ा था और उतरने के लिए प्रेमिका को बुलाने की जिद पर अड़ गया था। पुलिस की समझाईश के बाद वह टॉवर से नीचे उतरा, इस दौरान मौके पर तमाशबीनों की अच्छी खासी भीड़ एकत्र हो गई थी। सिहोरा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर निवासी रतन कोरी का सिहोरा के ग्राम ग़ंज़ताल गांव की ही मुंह बोली बहन की ननंद से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार वाले तैयार नहीं थे। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह रतन गंजताल पहुंचा और बहन की ननद के घर फिर से शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन मना होने पर नाराज होकर टावर पर चढ़ गया। ऊपर से वह बार-बार यही कहता रहा कि जब तक वह आकर शादी के लिए हां नहीं करेगी, मैं नीचे नहीं उतरूंगा। टावर पर युवक और उसकी जिद देखकर ग्रामीणों ने तुरंत गांव में सूचना दी । इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और फिर सिहोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने की कोशिश शुरू हुई। लगभग साढ़े 3 घंटे तक चले इस ड्रामे के बाद प्रेमिका को मौके पर बुलाया गया, तब जाकर प्रेमी टॉवर से उतरा। मौके पर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को अपने मातहत कर्मचारी आरक्षक संदीप पांडे, देवराज पटेल तथा सोमदीप पटेल सहित मौजूद थे। आखिरकार उसकी मांग थाना प्रभारी ने मान ली । लड़की को बुलाया गया और मौके पर उससे बात कराई गई। जब उससे शादी का वादा किया, तब जाकर रतन टावर से नीचे उतरा। लेकिन जैसे ही युवक ने जमीन पर कदम रखा, पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**हाईकोर्ट का निर्देश**

# सिस्टर ट्यूटर के पद पर होने वाली नियुक्तियों का परिणाम घोषित करने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में सीधी भर्ती प्रक्रिया से सिस्टर ट्यूटर के पद पर होने वाली नियुक्तियों का परिणाम घोषित करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 23 अप्रेल को निर्धारित की है। जबलपुर निवासी रानू हरिनखेडे सहित 30 नर्सिंग ऑफिसर्स की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा (गैर-राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2023 में संशोधन किया है। इसके तहत सिस्टर ट्यूटर के पद पर पदोन्नति के माध्यम से भर्ती के नियमों को कुल पदों के 10 फीसदी तक सीमित कर दिया है, जबकि सीधी भर्ती को कुल पदों के 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। पूर्व के नियम को उलटकर यह संशोधन किया गया है। पूर्व में सिस्टर ट्यूटर के 10 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से जबकि 90 फीसदी पद पदोन्नति से भरे जाते थे। कोर्ट को बताया गया कि याचिका लंबित रहने के दौरान मप्र कर्मचारी चयन मंडल भोपाल ने विज्ञापन जारी कर सिस्टर ट्यूटर के 218 पदों पर सीधी भर्ती निकाली है।

# स्वच्छता के क्षेत्र में ननि की पहल से शहर की वायु गुणवत्ता में हुआ सुधार

**स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से बदल रही शहर की सूरत, वायु गुणवत्ता में हुआ सुधार, सेल्फी पॉइंट**

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा किए जा रहे निरंतर स्वच्छता कार्यों का सकारात्मक असर अब देखने को मिल रहा है। सड़कों की बड़े पैमाने पर मैकेनिकल स्वीपिंग और धूल नियंत्रण के उपायों के कारण शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। यह सुधार न केवल वाहन चालकों के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि बुजुर्गों और बच्चों के लिए भी शुद्ध हवा में सांस लेना अब सुरक्षित हो गया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शहर की आंतरिक सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। नालों, नालियों और पुरानी



कंजरवेंसियों की सफाई के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है। जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए नालों की ड्रेनेज व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है, जिससे शहर में स्वच्छता का स्तर बहुत ऊंचा हो गया है। नगर निगम द्वारा किए गए ब्यूटीफिकेशन कार्यों ने शहर की सूरत को और भी निखार दिया है। प्रमुख चौराहों और तिराहों का कायाकल्प किया गया है, जहां लगाए गए फाउंटेन और लाइटिंग ने इन्हें आकर्षण का केंद्र बना दिया है। अब इन स्थलों को नागरिक सेल्फी पॉइंट के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम के सदस्य और नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता और सौंदर्यीकरण की निरंतर प्रक्रिया जारी है, जिससे शहर आदर्श रूप में बदलता जा रहा है।

**सोगरिया कोटा से धनबाद के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन**

# पमरे के सतना, मैहर, कटनी, दमोह में होगा ठहराव

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल से गाड़ी संख्या 09821/09822 सोगरिया (कोटा) धनबाद जंक्शन.सोगरिया (कोटा) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 13.13 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन वातानुकूलितए शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोचों के साथ संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 09821 सोगरिया (कोटा) से धनबाद जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 16 अप्रैल से 09 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन सोगरिया (कोटा) से रात्रि 23.10 बजे प्रस्थान कर बारां 23.53 बजे, पहुँचकर अगले दिन सालपुरा मध्यरात्रि 00.28 बजे, छबड़ा गुगोर 00.48 बजे, रूठियाई 01.50 बजे, गुना 2.20 बजे, अशोक नगर 3.5 बजे, सागर 5.35 बजे, दमोह 6.45 बजे, कटनी मुड़वारा 7.50 बजे, मैहर 9.40 बजे, सतना 11 बजे, मानिकपुर 13 बजे, प्रयागराज छिवकी 14.50 बजे, मिर्जापुर 16.48 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन 20 बजे, भभुआ रोड 20.45 बजे, सासाराम 21.20 बजे, डेहरी ऑन सोन 21.38 बजे, अनुग्रह नारायण रोड 21.53 बजे, गया जंक्शन 23 बजे, पहुँचकर तीसरे दिन कोडरमा मध्यरात्रि 00.20 बजे, पारसनाथ 1 बजे, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जंक्शन गोमो 1.20 बजे, पहुँचकर और शनिवार को 3.45 बजे धनबाद जंक्शन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09822 धनबाद जंक्शन से सोगरिया (कोटा) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 11 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शनिवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन धनबाद जंक्शन से प्रातः 5.15 बजे प्रस्थान कर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जंक्शन गोमो 5.45 बजे, पारसनाथ 6.5 बजे, कोडरमा 6.45 बजे, गया जंक्शन 8.50 बजे, अनुग्रह नारायण रोड 9 बजे, डेहरी ऑन सोन 9.18 बजे, सासाराम 9.38 बजे, भभुआ रोड 10.23 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन 11.10 बजे, मिर्जापुर 12.18 बजे, प्रयागराज छिवकी 14.25 बजे, मानिकपुर जंक्शन 17.28 बजे, सतना 18.30 बजे, मैहर 18.55 बजे, कटनी मुड़वारा 20.55 बजे, दमोह 22.30 बजे, सागर 23.50 बजे, पहुँचकर अगले दिन अशोक नगर 2 बजे, गुना 3.35 बजे, रूठियाई 4.13 बजे, छबड़ा गुगोर 4.43 बजे, सालपुरा 4.58 बजे, बारां 5.33 बजे, और रविवार को सोगरिया (कोटा) 7.35 बजे पहुंचेगी।

# गर्मियों के दौरान रेल मंडल से चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर आरक्षित एवं अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चल रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से यात्री मांग पर चल रही जबलपुर से अयोध्या/पुणे/बांद्रा टर्मिनस/कोयंबटूर, रानी कमलापति से अगरतला एवं रीवा से सीएसएमटी के मध्य स्पेशल ट्रेनों को समर के दौरान अप्रैल से जुलाई माह तक समर स्पेशल ट्रेनों के लिए अधिसूचित है।

### जबलपुर-अयोध्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01705 जबलपुर-अयोध्या धाम साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को रात 19:40 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 11:25 बजे अयोध्या धाम पहुँच रही है। 01706 अयोध्या धाम-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को दोपहर 13:30 बजे अयोध्या धाम से प्रस्थान कर और गुरुवार को सुबह 06 :45 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

### जबलपुर-पुणे साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन

02132 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को दोपहर 13:50 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और सोमवार सुबह 06:25 बजे पुणे पहुँच रही है। 02131 पुणे-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को सुबह 11:20 बजे पुणे से प्रस्थान कर और मंगलवार सुबह 06:00 बजे जबलपुर पहुँच रही है।



### जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को सायं 17:00 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और शनिवार दोपहर 14:10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँच रही है। 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 12 जुलाई प्रत्येक शनिवार को सायं 17:15 बजे बांद्रा टर्मिनस से रवाना होगी और रविवार दोपहर 15:10 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

### जबलपुर-कोयंबटूर-साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन

02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को रात 23:50 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और रविवार दोपहर 14:40 बजे कोयंबटूर पहुँच रही है। 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को सायं 17:05 बजे कोयंबटूर से प्रस्थान कर और बुधवार सुबह 08:45 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

### रीवा-सीएसएमटी-साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन

02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:50 बजे रीवा से प्रस्थान कर और शुक्रवार दोपहर 12:20 बजे सीएसएमटी पहुँच रही है। 02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13:30 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान कर और शनिवार सुबह 09:45 बजे रीवा पहुँच रही है।

### रानी कमलापति-अगरतला-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:20 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर और शनिवार सायं 18:55 बजे अगरतला पहुँच रही है। 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को सायं 17:20 बजे अगरतला से प्रस्थान कर और मंगलवार सायं 16:35 बजे रानी कमलापति पहुँच रही है।

# ऑपरेशन यात्री सुरक्षा'' के तहत आरपीएफ ने हासिल की सफलता

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में रेलवे सुरक्षा बल ने "ऑपरेशन यात्री सुरक्षा" के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतर्राज्यीय शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कई राज्यों में ट्रेन यात्रा करने वाले यात्रियों को निशाना बनाता था और उस पर कई मामले दर्ज थे। दिनांक 06 अप्रैल 2026 को प्रातः लगभग 04:50 बजे सिहोरा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जबलपुर की ड्यूटी टीम ने ट्रेन संख्या 11753 से एक संदिग्ध व्यक्ति को प्लेटफॉर्म के विपरीत दिशा से उतरकर भागने का प्रयास करते हुए देखा। कर्मियों ने तुरंत उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पास के स्थानीय बाजार स्थित तालाब में कूदने की कोशिश की। RPF की तत्परता से उसे स्थानीय पुलिस और गोताखोरों की मदद से जल्दी ही बाहर निकाला गया और स्टेशन पर लाया गया। इसके बाद भी आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन RPF कर्मियों ने उसे पकड़ लिया और गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने शुरुआत में अपनी पहचान छिपाने का प्रयास किया, लेकिन आरपीएफ की सूझबूझ और तकनीकी जांच के द्वारा उसकी पहचान हरविंदर सिंह (32 वर्ष), पिता – सुरिंदर सिंह, निवासी – मोहल्ला खेड़ा, वार्ड नं. 24, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। आरोपी को ट्रेन संख्या 11753 में एक महिला यात्री का पर्स चोरी करने के प्रयास के दौरान सिहोरा रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया। सत्यापन में यह पाया गया कि आरोपी एक अंतर्राज्यीय शातिर अपराधी है, जो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, और आंध्र प्रदेश जैसे विभिन्न राज्यों में धारा 379/411 IPC के तहत कई मामलों में शामिल रहा है।

**किराना दुकान में भड़की आग, लाखों का माल खाक**

# अग्नि दुर्घटना : बेलबाग में देर रात मचा हड़कंप

हरिभूमि जबलपुर।



बेलबाग स्थित एक किराना दुकान में कल देर रात 1 बजे अचानक भीषण आग लग गई, आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोलरुम को दी, जहां से सूचना मिलने पर दमकल वाहन पहुंच गया, और लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, इस हादसे में 2 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। घटना के संबंध में नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात 1 बजे कंट्रोलरुम से सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड के तीन वाहन बेलबाग स्थित अग्रवाल किराना दुकान पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरु किया। रात 3 बजे आग पर काबू पाया गया। परंतु तब तक लाखों रुपये का किराना सामान जलकर नष्ट हो गया था। बताया जाता है कि बेलबाग स्थित अग्रवाल किराना दुकान में आग लगने पर दमकल कर्मियों ने शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तब कहीं आग बुझाने का काम शुरू हो सका।

इस संबंध में पीडित दुकान संचालक अंकुश अग्रवाल से मिली जानकारी के अनुसार, वह रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। इसके बाद रात लगभग एक बजे फोन पर आग लगने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा। तब तक नगर निगम से दमकल दल भी मौके पर पहुंच गया और आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# मीटिंग से लौट रहे युवक को ट्रक ने कुचला

**जबलपुर।** तिलवारा पुल पर देर रात 12 बजे के लगभग एक बेलगाम ट्रक ने ओवर टेक करते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब युवक अपने मित्र के साथ कंपनी की फायनेंसर मीटिंग से लौट रहा था और बाईक में झांककर देख रहा था तभी साइड से ओवरटेक करते हुए ट्रक की टक्कर से नीचे गिरा और ट्रक रौंदते हुए निकल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया है। शिवनगर चेरीताल निवासी 50 वर्षीय अमित उर्फ चिंटू अग्निहोत्री जेसीबी फ्रंटियर कंपनी में काम करता रहा। अमित की होटल रायल आर्बिट तिलवारा रोड में कंपनी की फायनेंसर मीटिंग थी। मीटिंग से फुरसत होकर अमित अपने दोस्त भवतोष दुबे के साथ मोटर साइकल से शहर के लिए निकला। दोनों तिलवारा पुल से आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान अमित अग्निहोत्री पीछे बैठकर झांककर सामने देख रहा था तभी सामने से आए ट्रक के चालक ने ओवरटेक करते टक्कर मार दी, ट्रक की टक्कर लगते ही दोनों युवक मोटर साइकल सहित सामने की ओर गिरे, जिसमें ट्रक अमित को कुचलते हुए निकल गया।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# 23 करोड़ की लागत से तैयार ओवर ब्रिज बना शोभा की सुपाड़ी

## लोगों ने खुद चालू कर लिया था ब्रिज दो घंटे बाद पुनः बंद किया गया

**सिहोरा।** सिहोरा बासियों की वर्षों पुरानी समस्या के निराकरण हेतु केन्द्र सरकार ने रेल्वे क्रासिंग 1029/4-5 मझगवां रेल्वे फाटक 336 पर ओवर ब्रिज की सौगात तो दी। लेकिन लगभग सात वर्ष तक इंतजार करने के बाद भी लोगों को ओवर ब्रिज की सुविधा से वचिंत होना पड़ रहा है।नगर में चर्चा है की फूल माला से हमेशा स्वागत के लिए आतुर जनप्रतिनिधी तैयार ब्रिज का लोकार्पण करने से इसलिए कतरा रहे हैं क्योंकि नवनिर्मित ब्रिज में प्रकाश व्यवस्था को नजर अन्दाज कर निर्माण कार्य को अमलीजामा पहनाया गया है।बगैर रोशनी वाले ओवर ब्रिज की सौगात ने लुटपाट एंव संभावित दुर्घटनाओं की अशंका से लोगों को भयभीत कर दिया है।लम्बे इंतजार के बाद खितौला रेलवे फाटक में बनकर तैयार हुआ ओवर ब्रिज लोकार्पण के लिए तैयार है और इससे शहरवासियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है लेकिन इसमें अभी तक विद्युत की व्यवस्था न होने से दुघर्टनाए होंगी ही साथ ही यात्रा करने वाले आम लोगों को आधे अधुरे ब्रिज से भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### 23 करोड़ की लागत से बना है ब्रिज

सिहोरा से उमरियापान ढीमरखेड़ा एंव मंझगवा सिलोडी सहित दर्जनों ग्रामों के यात्रियों के लिए करीब 22 करोड़ 28 लाख की लागत से 1200 मीटर लम्बे,12 मीटर चोडा.एंव 31 स्पान का ओवर ब्रिज करीब तीन शाल में बनकर तैयार हुआ है। वैसे इसका वर्चुअल भूमि पूजन तो बहुत पहले 2019 हो गया था लेकिन भूमि अधिग्रहण करने में लम्बा समय लगा जिसके चलते कार्य देर से 2023 प्रारम्भ हुआ। सिविल कंशटक्शन कंपनी ने अपना कार्य समय सीमा में पुर्ण कर विभाग को अवगत भी करा दिया है।तथा हेतु निगम



के हैण्ड ओवर भी कर दिया लेकिन विधुत कंपनी के ओ एण्ड एम द्वारा विधुत पोल एंव केवल की शिफ्टिंग,पुल के ऊपर प्रकाश व्यवस्था तथा पान उमरिया एण्ड पर पुल के ऊपर झुलते विधुत के तारों की शिफ्टिंग न होने के कारण कारण वर्षों पुरानी सौगात अभी अधर में लटकी है।

### अंधेरे में डूबे रहने से ब्रिज में होंगे एक्सीडेंट

दिन के उजाले में रंग रोगन होने के बाद सुन्दर दिखने वाला ओवर ब्रिज शाम होते ही अंधेरे में गुम हो जाता है। खितौला रेलवे फाटक पर बने ब्रिज की लम्बाई अधिक होने एंव इसमें मोड़ होने के कारण रोशनी बहुत ही जरुरी होगी क्योंकि इसके रात्रि में अंधेरे में डूबे रहने से यहां पर एक्सीडेंट तो होंगे ही साथ ही लूट का भी खतरा बना रहेगा। वहीं ठेका कम्पनी का कहना है की प्रकाश व्यवस्था हेतु पोल एंव विद्युतीकरण उनके ठेके में नहीं है। विभाग को विद्युतीकरण के लिए प्रथक से कार्य कराना होगा।

### फाटक पर लगते जाम से मिलेगा छुटकारा

खितौला में ओवर ब्रिज के प्रारंभ होने के बाद सबसे ज्यादा लाभ सिहोरा खितौला वासियों को ही मिलेगा बहुत देर तक फाटक के बंद रहने से लम्बा जाम लगता था अनेक बार तो एम्बूलेंश भी नहीं निकल पाती थी इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था और स्कुल कालेज सहित नौकरी पेशा वालों को फाटक पर बहुत देर खडे रहना पड़ता है।

### लोकार्पण से पहले अचानक चालू, दो घन्टे में बन्द

खितौला रेलवे फाटक पर बना फ्लाइओवर इन्तजार की हद पार होने पर लोकार्पण के पहले ही अचानक चालू कर दिया गया लेकिन महज 2 घंटे बाद इसे बंद कर बैरिकेडिंग लगा दी गई। सोमवार की सुबह करीब 8 बजे से दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई थी और दोपहर 12 बजे तक लोग इसका उपयोग करते रहे। फ्लाइओवर चालू होने की खवर की जानकारी जैसे ही विभाग को लगी सेतु विकास निगम के अधिकारियों ने तत्काल इसे बंद करवा दिया। हैरानी की बात यह रही कि निर्माण एजेंसी को भी फ्लाइओवर शुरू होने की भनक नहीं लगी थी।

### जनप्रतिनिधियों से दरकार

बनकर तैयार ओवर ब्रिज का निकट भविष्य में लोकार्पण संभावित है यदि जनप्रतिनिधी रुची ले लें तो आधे अधुरे ओवर ब्रिज के स्थान पर नगर को आकर्षक विधुत साथ सज्जा से सुशोभित ओवरब्रिज की सौगात मिल सकती है। स्थानीय लोगों ने सांसद,लोक निर्माण मंत्री सहित विधायक से मांग की है कि ओवर ब्रिज की प्रकाश व्यवस्था,सड़क पर झुल रही विधुत लाइन को दुरुस्त कराके शीघ लोकार्पण कराया जाये।

# महाकोशल महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित



**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में हिंदी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। सत्र में संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार करियर चुनने तथा डिजिटल युग में कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। डॉ. तृप्ति उकास ने परीक्षा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, नोट्स बनाने और सकारात्मक सोच बनाए रखने के टिप्स दिए। कार्यक्रम में श्रीमती लल्लाबाई लोधी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, हरीश झारिया, सुषमा मौर्य, रंजना ब्रम्हवंशी सहित लगभग 64 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रांझी में झरिया कल्याण संघ की महिला प्रकोष्ठ का गठन



**जबलपुर।** रांझी में झरिया कल्याण संघ की महिला प्रकोष्ठ का औपचारिक रूप से गठन किया गया। यह कार्य झरिया समाज के अध्यक्ष डॉ. एनपी झरिया एवं महासचिव मथुरा प्रसाद झरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रांझी क्षेत्र की झरिया मेहरा समाज की महिलाओं को संगठित करते हुए महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में प्रमुख सदस्य इस प्रकार हैं: अध्यक्षः श्रीमती दुर्गा मेहरा, उपाध्यक्षः श्रीमती महालक्ष्मी झरिया, अर्चना झरिया, रश्मि झरिया, सचिवः श्रीमती नेहा गजेंद्र झरिया, सह सचिवः कुमारी श्रद्धा झरिया, कार्यकारिणी अध्यक्षः श्रीमती ज्योति मेहरा, कोषाध्यक्षः श्रीमती शशि झरिया, उषा झरिया, मीडिया प्रभारीः नेहा झरिया। कार्यक्रम में झरिया संगठन की अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मातृशक्ति रजनी मेहरा, नेहा झरिया, आरती झरिया, ज्योति झरिया, प्राची झरिया, अर्चना झरिया, कृष्णा झरिया, कविता झरिया, राजकुमारी झरिया, मीना झरिया, रश्मि झरिया, अंजना झरिया, सरिता मेहरा, पूजा झरिया एवं सुनीता झरिया, सुनिधि झरिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को संगठित करना और सामाजिक, सांस्कृतिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना बताया गया।

## निःशुल्क न्यूरो थेरेपी शिविर आयोजित, जटिल रोगों का किया गया उपचार

**जबलपुर।** स्वास्थ्य पीठ वेलनेस न्यूरो थेरेपी द्वारा टेलीग्राफ गेट नंबर 4, साईं मंदिर के पीछे निःशुल्क न्यूरो थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पाचन क्रिया, साईटिका, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन, अनिद्रा, चक्कर आना, जोड़ों का दर्द एवं नसों से संबंधित रोगों का उपचार किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. सुमित कुमार ने किया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रह्माकुमारी वर्षा बहन, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कदम संस्था से योगेश गनोरे एवं सनाढ्य संगम से राजेश पाठक ने किया। उपचार में डॉ. सुमित कुमार के मार्गदर्शन में श्रीमती नीता दीक्षित, मोनिका साहू, बीके नरेश भाई एवं उल्का साहू ने रोगियों की सहायता की। कार्यक्रम में पाथेय संस्था, कदम संस्था, वर्तिका, मंथनश्री एवं सनाढ्य संगम की सहभागिता रही। आभार व्यक्त करने का कार्य कृष्णकांत दीक्षित ने किया। इस शिविर के माध्यम से नागरिकों को प्राकृतिक एवं सुरक्षित चिकित्सा पद्धति के लाभ प्राप्त हुए और जटिल रोगों का निशुल्क उपचार सुनिश्चित किया गया।



# बिजली की अघोषित कटौती के खिलाफ सरौली में किसानों का प्रदर्शन



**सिहोरा।** सरौली मंझगवा पावर हाउस के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि बिजली की अंधाधुंध कटौती के खिलाफ अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, एससी एसटी संयुक्त मोर्चा व समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार कुर्मी के नेतृत्व में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सरौली स्थित कार्यालय का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कृषि बिजली की अघोषित कटौती को तुरंत बंद करने,10 घंटे रेग्युलर बिजली देने,लाइन खराब होने पर बंद की गई बिजली को कवर करके देने,ओवरलोड ट्रांसफार्मर को बदलकर अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाने, ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने पर 24 घंटे के अंदर बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है यदि इन समस्याओं निदान नहीं किया गया तो किसान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद पटेल, संतकुमार पटैल, सुनील विश्वकर्मा, उमेश पटेल, अकलेश पटेल, सुरेश पटेल, बारेलाल पटेल, मुकेश पटेल, अनिल पटेल, सुनील पटेल, दिनेश पटेल, अमित पटेल, सत्यम पटेल, अभिषेक पटेल, इंद्रजीत पटेल, सिद्धार्थ पटेल, रमेश, मोहन, आदर्श पटेल सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## केके दुबे मंडल प्रभारी नियुक्त



**सिहोरा।** पूर्व मंडल अध्यक्ष वर्तमान में भाजपा स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक,सरपंच संघ अध्यक्ष के के दुबे को सिहोरा ग्रामीण मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह,जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल,सांसद आशीष दुबे एवं विधायक संतोष वरकड़े की अनुशंसा पर की गई है।

## निगमायुक्त ने शहर का किया निरीक्षण सफाई व्यवस्था पर दिया जोर

**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य मार्गों के साथ भीतरी बस्तियों में पहुंचकर सड़कों की सफाई, डिवाइडर धुलाई एवं कचरा निपटान व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को सफाई कार्यों में और कसावट लाने तथा बेहतर फील्ड कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्था भी जांची और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान शहर में चल रहे ब्यूटीफिकेशन कार्यों जैसे पेंटिंग, ग्रीन वॉल, उद्यान एवं फाउंटेन निर्माण की सराहना की गई। निरीक्षण में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेन्द्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, मनीष तड़षे, अभिनव मिश्रा, अर्जुन यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**मझौली।** भारतीय किसान संघ मझौली इकाई द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों ने श्रीजी वेयरहाउस पिपरिया में 174 किसानों के धान भुगतान शीघ्र कराने, पोर्टल में दर्ज न हुए किसानों की जांच कर धान वापसी, तथा धान खरीदी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही गेहूं खरीदी के लिए प्रत्येक राजस्व मंडल में नए उपार्जन केंद्र खोलने, बारदाना उपलब्ध कराने और 10 अप्रैल से खरीदी शुरू करने की मांग भी रखी गई। किसानों ने रानीताल कटाव में 33 केवी विद्युत सबस्टेशन का कार्य शीघ्र पूरा कराने, ओवरलोड ट्रांसफार्मर बदलने, फेल ट्रांसफार्मर 24 घंटे में सुधारने तथा राजस्व प्रकरणों की जानकारी मोबाइल के माध्यम से देने की भी मांग की। इसके अलावा विभिन्न वेयरहाउसों में लंबित भुगतान और सस्ती दर पर स्थायी विद्युत कनेक्शन देने का मुद्दा भी उठाया गया। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष बीरेंद्र पटेल, मंत्री रंजीत पटेल, राकेश पटेल, पवन कुमार सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## स्थानीय खेल समाचार



### हैंगओवर एकादश की धमाएदार जीत

**जबलपुर।** हैंगओवर एकादश ने फेथ वारियर को 72 रनों से पराजित कर 27वीं कामरेड रामशंकर रजक स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। ओलंपिक स्टेडियम खमरिया में स्पर्धा का 23 मैच खेला गया। हैंगओवर एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर की पारी में 111 रन 5 विकेट खोकर बनाए। जवाबी पारी में फेथ वारियर इलेवन आठवें ओवर में महज 39 रनों पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच हर्षित रहे जिन्होंने 34 गेंद में 77 रन की पारी खेली। अंपायर की भूमिका सुरेश कन्ना और विकास ने निभाई जबकि स्कोरर विनय चवारे व कमेंटेटर नितेश थे। खेल समिति अध्यक्ष निखिल सुमन, जय कुमार, बबलू कुमार इस दौरान मौजूद थे।

## फाइनल कटनी और सिवनी के बीच होगा



**जबलपुर।** संभागीय अधिकारी कर्मचारी विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कटनी और सिवनी के मध्य खेला जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रानीताल खेल मैदान पर हुआ। जिसमें जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी और छिंदवाड़ा जिला ने हिस्सा लिया। पहला मैच जबलपुर व नरसिंहपुर के मध्य खेला गया। जिसमें नरसिंहपुर को 129 का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए 70 रन बना सकी। नरसिंहपुर विजेता होने के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल सिवनी और छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें छिंदवाड़ा जिला ने बैटिंग करते हुए 97 रन बनाए जिसमें नितिन पवार ने उम्दा प्रदर्शन किया। सिवनी जिला ने शानदार प्रदर्शन करते 13.4 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें कृष्णकांत ने 28 रनों का योगदान दिया और फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच कटनी व नरसिंहपुर के मध्य खेला गया। जिसमें कटनी ने बैटिंग करते हुए सिवनी को 128 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें कटनी की तरफ से आशीष राठौर 33, शेखर पाठक 18 और सौरभ सिंह राजपूत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 रनों के साथ 1 विकेट भी लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नरसिंहपुर की टीम 123 रन ही बना सकी। कटनी टीम 4 रन से विजेता होते हुए फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें सौरभ राजपूत मैन ऑफ द मैच रहे।



### श्रीमद् भागवत कथा की निकली शोभायात्रा

**बरेला।** वार्ड नंबर 11 में प्रभु कृपा एवं महिला मंडल द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 7 अप्रैल से 14 अप्रैल तक किया जा रहा है जिसके तहत आज नगर के भैरव बाबा मंदिर से कथा स्थल वार्ड नंबर 11 तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में प्रभु कृपा व महिला मंडल के सभी महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। व्यास पीठ से कथावाचक अजीत कृष्ण शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। यह श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 2:00 बजे से प्रतिदिन 14 अप्रैल तक चलेगी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने की अपील की है।

## मार्शल आर्ट और वुशू का समर कैंप

**जबलपुर।** वुशू मार्शल आर्ट का समर कैंप प्रारंभ हुआ। कैंप को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे एवं युवा प्रशिक्षण हेतु पहुंच रहे हैं।


प्रदेश वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता के अनुसार स्थानीय रानीताल स्टेडियम में एकलव्य सम्मान से अलंकृत दिव्यांश गुप्ता व उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को खेल की विभिन्न तकनीकों का विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।शाम 5:00 से 6:30 बजे तक होने वाले प्रशिक्षण में खिलाड़ी न केवल वुशू की आधारभूत एवं उन्नत तकनीकें सीख रहे हैं, बल्कि उन्हें फिटनेस ट्रेनिंग, फ्लेक्सिबिलिटी एक्सरसाइज और सेल्फ-डिफेंस की महत्वपूर्ण तकनीकें भी सिखाई जा रही हैं। विशेष रूप से लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण इस कैंप की मुख्य विशेषता है। विधि पंड्या, सूर्या जायसवाल, दिव्यांशी सिंह राजपूत, श्रेयांश शर्मा, वीर सिंह राजपूत, मुस्कान रजक, प्रियांशी चौहान, चांदनी पटेल, नंदिनी पटेल, निहाल पटेल, अर्णव पांडे, देवांशी वर्मा, पूनम गोटिया, वान्या सोनी, प्रिया गुप्ता, जानवी तिवारी, देवसी श्रीवास्तव, अलीशा कैथल, अंकिता डोंगरे, आशिमा शर्मा, आयरा नामदेव, वैदिक सोनी, ऐलिना मिश्रा, शिवज मनी पांडे, हर्षित कोरी, अनुश्री पांडे, श्लोक मनी पांडे, आरव गुप्ता, काव्या रैकवार, आदित्य श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव अभ्यास में शामिल हैं।

## संभागीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, राज्य स्तर के लिए चयन



**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 12वीं संभाग स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 का समापन संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंगले एवं संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आशा सिसोदिया की उपस्थिति में हुआ।

रानीताल खेल मैदान में खेले गए लेदर बॉल क्रिकेट फाइनल में कटनी ने सिवनी को 121 रनों का लक्ष्य दिया। कटनी की ओर से आशीष राठौर (62 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम को जीत दिलाई। सिवनी की टीम 108 रन ही बना सकी। स्नेहिल को 6 विकेट लेने पर बेस्ट बॉलर और आशीष राठौर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी धनराज पिल्ले सहित अन्य खेल अधिकारी उपस्थित रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों में जबलपुर, सिवनी, कटनी, बालाघाट और छिंदवाड़ा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 50 वर्ष से कम वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अश्वनी उईके (सिवनी) प्रथम रहे, वहीं महिला वर्ग में मनोत्तमा पटेल (जबलपुर) ने 100 मीटर एवं लंबी कूद में पहला स्थान प्राप्त किया। कबड्डी महिला वर्ग में जबलपुर, कटनी, सिवनी, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा की खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में निर्णायकों एवं खेल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**श्री धर्मप्रकाश-** सैनिक सोयासयटी निवासी श्री धर्मप्रकाश का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के सेवानिवृत्त मुख्य वित्तीय अधकिारी चेतन जायसवाल व एलआईसी में कार्यरत उमेश जायसवाल के पिताजी थे। अंतिम यात्रा आज उनके निज निवास से सुबह 9.00 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम जाएगी।




**श्री मनोज गौंड़-** छिवला गौरीघाट निवासी श्री सीताराम गौंड़ के पुत्र श्री मनोज गौंड़ (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. जया चौधरी-** झंडा चौक कांचघर निवासी श्री दिलीप चौधरी की पुत्री कु. जया चौधरी (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राजा पासी-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री दुर्गा पासी के पुत्र श्री राजा पासी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छिदामी लाल चौधरी-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री छिदामी लाल चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई-** हनुमानताल थाने के पास निवासी श्री पुरुषोत्तम की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश कुमार कुशवाहा-** वृंदावन कॉलोनी टेमर भीटा कजरवारा रोड निवासी श्री रमेश कुशवाहा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र सिंह राजपूत-** रामनगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री राजेंद्र सिंह राजपूत (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

## खबर संक्षेप



### रुपया 10 पैसे टूटकर 93 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.00 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की समयसीमा और भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों में चिंता बनी रही, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव देखा गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अस्थिर वैश्विक हालात के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले दबाव में बना हुआ है।

### राजीव रंजन पीएफसी के नामित निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आरईसी लिमिटेड ने मंगलवार को बताया कि पावर



फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) के निदेशक (परियोजना) राजीव रंजन झा को आरईसी के निदेशक मंडल में पीएफसी का नामित निदेशक नियुक्त किया गया है।कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि झा से प्राप्त घोषणा के अनुसार, उन्हें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड या किसी अन्य ऐसे प्राधिकरण के आदेश के तहत निदेशक पद संभालने से रोका नहीं गया है।

### जिंदल स्टेनलेस ने रणवीर को बनाया 'ब्रांड एंबेसडर'




**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख स्टेनलेस स्टील विनिर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को अपना पहला 'ब्रांड एंबेसडर' और देशव्यापी 'सेलिब्रिटी एंडोर्सर' बनाने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि इस कदम का मकसद अपने ब्रांड का उपभोक्ताओं से जुड़ाव मजबूत करना है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, ' जिंदल स्टेनलेस अपने विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रही है। रणवीर सिंह का व्यक्तित्व और दर्शकों से उनका मजबूत जुड़ाव उन्हें एक उपयुक्त विकल्प बनाता है।

### जीई शिपिंग मध्यम-रेंज टैंकर 'जग पांखी' बेचेगी



**नई दिल्ली।** द ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी लिमिटेड (जीई शिपिंग) ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने 2003 में निर्मित मध्यम श्रेणी के टैंकर 'जग पांखी' को तीसरे पक्ष को बेचने का समझौता किया है। जीई शिपिंग ने एक बयान में बताया कि 46,273 डेडवेट टन (डीडब्ल्यूटी) की वहन क्षमता वाले इस जहाज की आपूर्ति चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में खरीदार को कर दी जाएगी। कंपनी के अनुसार, 'जग पांखी' को मिलाकर जीई शिपिंग के बेड़े में वर्तमान में कुल 40 जहाज हैं।

### निसान मोटर ने महाराष्ट्र में नेटवर्क का किया विस्तार



**मुंबई।** जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी निसान मोटर ने महाराष्ट्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करते हुए मुंबई में दो शोरूम और एक 'सर्विस सेंटर' खोला है। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने बयान में बताया कि घाटकोपर में 2,000 वर्ग फुट और मालाड में 2,100 वर्ग फुट क्षेत्र में दो आधुनिक शोरूम खोले गए हैं। इसके अलावा कांदिवली में 7,000 वर्ग फुट क्षेत्र में एक 'सर्विस वर्कशॉप' शुरू की गई है जहां हर महीने 300 कार तक की 'सर्विस' की जा सकेगी।

# नई फॉक्सवैगन टाइगुन भारतीय बाजार में 9 अप्रैल को होगी लांच, उत्पादन शुरू

**नई दिल्ली।** फॉक्सवैगन टाइगुन ने अपनी पॉपुलर मिड-साइज एसयूवी टाइगुन के फेसलिफ्ट मॉडल की आधिकारिक रूप से घोषणा कर दी है। कंपनी ने पुणे स्थित अपने प्लांट में नई टाइगुन का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। ये अपडेटेड मॉडल 9 अप्रैल 2026 को भारत में लांच होने वाला है। ये टाइगुन का पहला बड़ा अपडेट है, जो 2021 में लांच होने के बाद आ रहा है। कंपनी ने हाल ही में एक टीजर जारी किया था, जिसमें नई टाइगुन को बोल्ड और डिस्टिंक्ट डिजाइन के साथ दिखाया गया है। मिड-साइज़ एसयूवी सेग्मेंट अब पहले जैसा नहीं रहा। हुंडई क्रेटा और किआ सेल्टोस अब सिर्फ़ पॉप्युलर नहीं, बल्कि पूरी तरह फ़ीचर-लोडेड ऑल-राउंड पैकेज बन चुकी हैं।

### डिजाइन काफी रिफ्रेश किया गया

नई टाइगुन में एक्सटीरियर डिजाइन काफी रिफ्रेश किया गया है. इसमें स्लीकर और रीशेप्ड एलईडी हेडलैंप्स दिए गए हैं, जो कनेक्टेड डे-टाइम रनिंग लाइट्स (डीआरएल) के साथ आते हैं। फ्रंट बंपर और ग्रिल को भी ज्यादा आक्रामक और मॉडर्न लुक दिया गया है। रियर में अपडेटेड टेललाइट्स और नया डिजाइन देखने को मिलेंगे। हाल ही में प्रोडक्शन-स्पेक मॉडल को बिना किसी कैमोफ्लाज के स्पॉट किया गया है, जिससे डिजाइन के बारे में साफ संकेत मिल गए हैं। कंपनी ने इसका प्रोडक्शन शुरू कर दिया है।

### अनुमानित कीमत 12 से 21 लाख रुपए के बीच में




### नया 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स होगा

1.0 लीटर वेरिएंट में मौजूदा 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर की जगह नया 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिया जा सकता है, जो बेहतर ड्राइविंग एक्सपीरियंस और फ्यूल एफिशिएंसी देगा। मैनुअल ट्रांसमिशन ऑप्शन भी उपलब्ध रहेगा। कंपनी ने भारत 2.0 प्रोजेक्ट के तहत लोकल कम्पोनेंट्स का इस्तेमाल बढ़ाया है, जिससे प्रोडक्शन और कॉस्ट प्रभावी बनी रहे।

### कीमत और कंपटीशन

फॉक्सवैगन टाइगुन सेगमेंट में हमेशा से ड्राइवर-ओरिएंटेड हैंडलिंग और प्रीमियम फील के लिए जानी जाती है। नया फेसलिफ्ट इन स्पेसिफिकेशन और मजबूत करेगा। अनुमानित कीमत 12 लाख से 21 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) के बीच हो सकती है। ये हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस, टोयोटा अरबन क्रूसर और स्कोडा कुशक जैसी गाड़ियों से मुकाबला करेगी। लांच के बाद डिलीवरी जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

### बैंकों को जमा जुटाने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

# जमा वृद्धि के मामले में निजी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन सार्वजनिक बैंकों से बेहतर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

निजी क्षेत्र के बैंकों ने जमा वृद्धि के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पीछे छोड़ते हुए मजबूत वृद्धि दर्ज की है। हालांकि कुल मिलाकर बैंकों को जमा जुटाने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों के अस्थायी आंकड़ों को समग्र रूप से देखने पर पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में निजी बैंकों ने जमा में 12 से 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह वृद्धि दो से 14 प्रतिशत रही।

**वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में निजी बैंकों ने जमा में 12 से 17% की वृद्धि**

एजेंसी द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक, कम लागत वाली जमाओं पर लगातार दबाव के कारण, बैंक हाल की तिमाहियों में जमा प्रमाणपत्र के माध्यम से कोष जुटाने पर अधिक निर्भर रहे हैं। जमा जुटाना विशेष रूप से चालू खाता एवं बचत खाता (सीएएसए) के मामले में चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इसका कारण यह है कि अपेक्षाकृत कम ब्याज दरों के कारण अन्य वित्तीय उत्पादों की तुलना में ये जमा कम आकर्षक हो गए हैं।

### सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह वृद्धि दो से 14 प्रतिशत रही

### एचडीएफसी की जमा वृद्धि 14 फीसदी रहने का अनुमान

घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने एक रिपोर्ट में कहा कि एचडीएफसी बैंक की जमा वृद्धि वित्त वर्ष 2027-28 तक 14 प्रतिशत बनी रहने का अनुमान है और उस समय तक कर्ज-जमा अनुपात घटकर 94 प्रतिशत रहने की संभावना है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया ने जनवरी-मार्च तिमाही में 14.33 प्रतिशत की जमा वृद्धि दर्ज की। इसके बाद बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 14 प्रतिशत और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 13.37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।




### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की

निजी बैंकों में से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। बैंक की जमा राशि 17.2 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके बाद कोटक महिंद्रा बैंक 14.7 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 14.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 2.92 लाख का दिया ऋण

सरकारी बैंकों ने इस मामले में 12 से 22 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की है जबकि निजी बैंकों ने 12 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सालाना आधार पर 22 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.92 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया। इसके अलावा, यूको बैंक ने 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.34 लाख करोड़ रुपये और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 18.90 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.45 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दिए।

### ऋण वृद्धि 13.8 प्रतिशत रही

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 मार्च, 2026 तक ऋण वृद्धि 13.8 प्रतिशत रही और पर्याप्त नकदी एवं जीएसटी कटौती के बाद उपभोग-आधारित सुधार के कारण इसमें तेजी बनी हुई है।

### एसबीआई ने नहीं किए आंकड़े जारी

अधिकांश बैंकों ने मार्च तिमाही खत्म होने के बाद अस्थायी प्रदर्शन आंकड़े साझा किए हैं। लेकिन देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई जैसे कुछ बैंकों ने ये आंकड़े नहीं दिए हैं। हालांकि कर्ज के मामले में सरकारी बैंकों का प्रदर्शन निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर रहा है।

# ईरान युद्ध से प्रभावित कारोबारों के लिए ऋण गारंटी योजना पर विचार

### सरकार एमएसएमई को राहत देने 2.5 लाख करोड़ की योजना ला सकती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना लाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस योजना के तहत अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण उधारकर्ताओं द्वारा ऋण चुकाने में चूक होने की स्थिति में उधारदाताओं को 100 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर करीब 90 प्रतिशत की ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी। बैंक ऋण पर यह गारंटी नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) देगी जो सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है।

इस योजना के लिए सरकार को करीब 17,000 करोड़ से 18,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा। सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही




योजना कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी लागू की गई थी, जो काफी सफल रही और विभिन्न क्षेत्रों के कई कारोबारों को काम जारी रखने एवं बकाया चुकाने में मदद मिली।

सरकार ने मई 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आपात ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) शुरू की थी। इसका उद्देश्य कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न व्यवधान के बीच पात्र एमएसएमई और अन्य कारोबारी इकाइयों को परिचालन देनदारियां पूरी करने और कारोबार फिर से शुरू करने में मदद देना था।

### अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया

इस योजना के तहत अर्थव्यवस्था के करीब सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया था और पात्र उधारकर्ताओं को दिए गए ऋण पर सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100 प्रतिशत गारंटी प्रदान की गई थी। योजना की संरचना ऐसी थी कि उधारकर्ताओं को ऋण आसानी से मिल सके।

### शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

# बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा निफ्टी 23,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में सुधार हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 74,686.32 अंक तक गया और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में 1,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 155.40 अंकचढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल



टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, ''भारतीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेज सुधार देखने को मिला। निफ्टी ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए उच्च स्तर हासिल किया।

### आईटी, एफएमसीजी व धातु शेयरों में रही तेजी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार में सुधार का रुख जारी रहा। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ईरान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समय सीमा को लेकर जारी आशंकाओं के कारण सत्र की शुरुआत कमजोर रही। मुख्य रूप से बढ़त आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और धातु क्षेत्रों में सीमित रही...।''

### एशिया व यूरोप के बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग में अवकाश के कारण बाजार बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### लोढ़ा डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग 23 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स की वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बिक्री बुकिंग 23 प्रतिशत बढ़कर 5,890 करोड़ रुपये हो गई। हालांकि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण कंपनी वार्षिक लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में बिक्री बुकिंग (प्री-सेल्स) 4,810 करोड़ रुपये रही थी। समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी की बिक्री बुकिंग 16 प्रतिशत बढ़कर 20,530 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 में 17,630 करोड़ रुपये थी।

# टाटा स्टील का कच्चे इस्पात का उत्पादन आठ फीसदी बढ़ा

### वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.34 करोड़ टन रहा यह अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा स्टील ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत में उसका कच्चे इस्पात का उत्पादन आठ प्रतिशत बढ़कर 2.34 करोड़ टन रहा, जो अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है।

कंपनी ने बताया कि उत्पादन में यह वृद्धि मुख्य रूप से उसके कलिंगनगर संयंत्र में परिचालन बढ़ने के कारण हुई है। टा टा स्टील के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 25-26 की चौथी तिमाही में कच्चे इस्पात का उत्पादन पिछले साल की समान तिमाही के 54.4 लाख टन से बढ़कर 62.5 लाख टन




हो गया। उत्पादन के साथ-साथ भारत में कंपनी की वार्षिक आपूर्ति भी बढ़कर 2.25 करोड़ टन तक पहुंच गई। टाटा स्टील ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा, ''घरेलू स्तर पर हमारी आपूर्ति पहली बार दो करोड़ टन के आंकड़े को पार कर गई है।

### थाईलैंड के कुल आपूर्ति में 11 फीसदी की वृद्धि

टाटा स्टील थाइलैंड का बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 लाख टन रहा और आपूर्ति 13.2 लाख टन रही। थाइलैंड के घरेलू बाजार में सरिये की भारी मांग रहने से कंपनी की कुल आपूर्ति में पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### चीन ने 15 दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेजी के बीच चीन ने करीब 15 में दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। चीन की शीर्ष आर्थिक योजना संस्था राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग (एनडीआरसी) ने मंगलवार को कहा कि कीमतों में यह नई वृद्धि बुधवार से लागू होगी। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध को लेकर संभावित ईंधन संकट की आशंकाओं के बीच चीन ने इससे पहले 23 मार्च को भी पेट्रोल तथा डीजल की कीमतें बढ़ाई थीं। एनडीआरसी ने बयान में कहा कि मार्च के अंत में घरेलू तेल कीमतों में किए गए समायोजन के बाद अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया है।

# चांदी 2,000 रुपए लुढ़की और सोना 600 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 600 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई उस समयसीमा से पहले सतर्क हो गए हैं, जिसमें उन्होंने होर्मुज़ जल डमरूमध्य को फिर से खोलने की मांग की थी।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये, या लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सोमवार को बाज़ार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा बाज़ार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 600 रुपये या 0.4 प्रतिशत टूटकर 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया।




### सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका

राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में चेतावनी दी है कि अगर ईरान कोई समझौता नहीं करता है, तो ''आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी।'' इस चेतावनी से सैन्य टकराव बढ़ने की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इन टिप्पणियों से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने बताया कि सोने की कीमतों पर तब दबाव बढ़ा जब ट्रंप ने ईरान को एक नयी चेतावनी दी।

### कच्चे तेल में एक फीसदी की वृद्धि

न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 3.08 प्रतिशत बढ़कर 115.87 डॉलर प्रति बैरल हो गया, और ब्रेंट क्रूड एक प्रतिशत बढ़कर 110.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, सर्राफा बाज़ारों में उतार-चढ़ाव बने रहने की उम्मीद है।

### केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा

# टोल प्लाजा पर अब 10 अप्रैल से नकद भुगतान नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान नहीं होगा। मंत्रालय ने राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा है कि यदि कोई वाहन वैध फास्टैग के बिना टोल प्लाजा में प्रवेश करता है, तो उपयोगकर्ता एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। लेकिन उन्हें लागू टोल शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लंबी कतारों को कम करना और यात्रियों के लिए राजमार्ग यात्रा को सुगम बनाना है।

### इस संबंध में मंत्रालय ने राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की

### वैध फास्टैग के अलावा यूपीआई वैकल्पिक विकल्प

अधिकारी ने कहा कि 10 अप्रैल से टोल बूथ पर नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा और फास्टैग टोल वसूली का प्राथमिक माध्यम बना रहेगा। वैध फास्टैग के बिना आने वाले वाहनों के लिए यूपीआई वैकल्पिक भुगतान विकल्प के रूप में काम करेगा।



### यूपीआई से लागू शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा

अधिकारी ने कहा, ''यदि कोई वाहन चालक बिना फास्टैग या वैध फास्टैग के शुल्क प्लाजा में प्रवेश करता है और यूपीआई के माध्यम से शुल्क का भुगतान करने का विकल्प चुनता है, तो उसे नियम चार के उप-नियम (दो) के प्रावधानों के अनुसार उस श्रेणी के वाहन पर लागू शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा।''

### सालाना 3000 में 200 बार गुजर पाएंगे टोल से

यह उपयोगकर्ताओं को सालाना 3,000 रुपये में 200 टोल से गुजरने की अनुमति देता है। 15 अगस्त को पेश किये जाने के बाद से, इन पास के माध्यम से कुल 26.55 करोड़ लेनदेन किए गए हैं। देश भर में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 1,150 से अधिक शुल्क प्लाजा हैं।

### फास्टैग वार्षिक पास के 50 लाख ग्राहकों का आंकड़ा पार

अधिसूचना में कहा गया है, ''...यदि वाहन मालिक या चालक इस नियम के तहत निर्दिष्ट तरीके से शुल्क का भुगतान करने का विकल्प नहीं चुनता है, तो ऐसे वाहन के साथ नियम 14 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी,।'' उल्लेखनीय है कि एनएचएआई ने हाल ही में अपने फास्टैग वार्षिक पास के 50 लाख ग्राहकों का आंकड़ा पार कर लिया है।

## चिंतन

# मणिपुर हिंसा के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पूर्वोत्तर का संवेदनशील राज्य मणिपुर लगभग तीन वर्षों से जिस हिंसा की आग में सुलग रहा है, वह अब केवल कानून-व्यवस्था का मसला नहीं रह गया, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। कुकी समुदाय और मैतेई समुदाय के बीच अविश्वास और वैमनस्य इस हद तक बढ़ चुका है कि सामान्य नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, हिंसा का सबसे आसान निशाना बनते जा रहे हैं। इन हालातों ने राज्य को अस्थिरता के भंवर में धकेल दिया है। विभिन्न जातियों के संगठन अपने हितों के लिए हिंसा को समर्थन दे रहे हैं। इसके कारण राज्य के सभी विकास कार्य ठप होकर रह गए हैं। हिंसा के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि हाल ही में एक अमेरिकी और 6 यूक्रेनी नागरिकों का पकड़ा जाना इस बात का प्रमाण है कि ऐसी ताकतें भी राज्य में अस्थिरता फैला रही हैं। इसके साथ ही मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भी हिंसा की आग में घी का काम करता है। मादक पदार्थों से मिलने वाली आय से ऐसी घटनाओं को बल मिलता है। मंगलवार को दो मासूम बच्चों को निशाना बनाकर हत्या करना दर्शाता है कि हिंसा फैलाने वाले नहीं चाहते कि राज्य में अमन-चैन रहे। बिष्णुपुर जिले के मोइरांग इलाके में घर के भीतर सो रहे मासूम बच्चों पर बम फेंककर उनकी हत्या कर देना किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। पांच साल के एक बच्चे और छह महीने की नवजात की मौत केवल एक घटना नहीं, बल्कि यह इस बात का भयावह संकेत है कि हिंसा अब अपनी सारी सीमाएं लांघ चुकी है। बच्चों पर हमला उस स्थान पर किया गया है, जहां 2023 में जातीय हिंसा भड़की थी। यह साफ है कि यह हिंसा साजिशन है, क्योंकि ये बच्चे किसी भी हिंसा में शामिल नहीं थे और न ही इनका किसी से कुछ लेना-देना था। घटना के बाद जिस प्रकार विरोध प्रदर्शन हिंसक हो उठे, वाहनों को जलाना, पुलिस चौकियों पर हमला करना और यहां तक कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंप पर हमला करना वह स्थिति की गंभीरता को और बढ़ाता है। जवाबी फायरिंग में जान गंवाने वाले लोग इस बात के गवाह हैं कि हिंसा की आग अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस निरंतर हिंसा ने राज्य के विकास को पूरी तरह ठप कर दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग हर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। हजारों लोग विस्थापित होकर राहत शिविरों में जीवन बिताने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई छूट रही है और एक पूरी पीढ़ी असुरक्षा और भय के साये में पल रही है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अस्वीकार्य है। सरकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक रणनीति अपनाए। जिस तरह देश ने नक्सलवाद पर सख्ती और समन्वित प्रयासों के जरिए काफी हद तक नियंत्रण पाया, उसी तरह मणिपुर में भी व्यापक और बहुस्तरीय कार्रवाई की जरूरत है। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें कठोरतम सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी समुदाय या संगठन से जुड़े हों। साथ ही, केवल सैन्य या पुलिस कार्रवाई से समाधान संभव नहीं है। दोनों समुदायों के बीच संवाद बहाल करना, विश्वास निर्माण के उपाय करना और सामाजिक सौहार्द को पुनर्स्थापित करना उतना ही जरूरी है। स्थानीय नेतृत्व, नागरिक संगठनों और केंद्र सरकार को मिलकर एक साझा मंच तैयार करना होगा, जहां समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान खोजा जा सके।



प्रतिनिधित्व
ममता कुशवाहा

# लोकतंत्र में आधी आबादी की हिस्सेदारी

> भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है। साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व केवल संख्या का खेल नहीं होता, बल्कि यह न्याय, समानता और समाज की सामूहिक आवाज़ का प्रतिबिंब होता है। भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है।

साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस कानून के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। यह कदम दशकों से चली आ रही उस संरचनात्मक असमानता को स्वीकार करता है, जिसने महिलाओं को राजनीति में उचित स्थान नहीं मिलने दिया। हालांकि, असली चुनौती इस कानून को पारित करने में नहीं, बल्कि इसे समय पर और प्रभावी ढंग से लागू करने में है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, इस आरक्षण को अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन से जोड़ा गया है, जो 2026 के बाद ही संभव है। इस शर्त के कारण यह आशंका पैदा होती है कि इस कानून का लाभ कई वर्षों तक टल सकता है। यहीं पर सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है कि आखिर महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व के लिए और कितने समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए? भारत ने अपनी लोकतांत्रिक यात्रा की शुरुआत में ही दूरदर्शिता दिखाते हुए महिलाओं को पुरुषों के समान मतदान का अधिकार दिया था। यह विश्व के सामने एक आदर्श उदाहरण था। लेकिन लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है; इसमें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और उद्यमिता जैसे अनेक क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है, लेकिन राजनीति में उनकी कम भागीदारी यह दर्शाती है कि सामाजिक और संरचनात्मक बाधाएं अब भी मौजूद हैं। आंकड़े इस असमानता को और स्पष्ट करते हैं। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 14 प्रतिशत के आसपास है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में यह प्रतिशत इससे भी कम है। यह कमी महिलाओं की योग्यता या इच्छा की कमी के कारण नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक सोच, संसाधनों की सीमित उपलब्धता और पुरुष-प्रधान राजनीतिक ढांचे के कारण है। ऐसे में आरक्षण एक आवश्यक सुधार के रूप में सामने आता है, जो इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास करता है। हालांकि, इस आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया कई तकनीकी और संवैधानिक जटिलताओं में उलझी हुई है, जिनमें सबसे प्रमुख है परिसीमन का मुद्दा। परिसीमन का अर्थ है जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, ताकि



प्रतिनिधित्व संतुलित रहे। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन इसे महिला आरक्षण से जोड़ना एक अनावश्यक बाधा बन गया है। चूंकि परिसीमन एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें समय और राजनीतिक सहमति दोनों की आवश्यकता होती है, इसलिए इसके पूरा होने तक इंतजार करना महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को टालने जैसा है। इस स्थिति से निकलने के लिए हमें प्रतिनिधित्व की अवधारणा को नए सिरे से समझने की आवश्यकता है। यदि आरक्षण को केवल भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों तक सीमित न रखा जाए, तो एक मिश्रित प्रणाली अपनाई जा सकती है, जिसमें प्रत्यक्ष चुनाव और अनुपातिक प्रतिनिधित्व दोनों का समावेश हो। इस व्यवस्था में अतिरिक्त सीटें बनाई जा सकती हैं और उन्हें राजनीतिक दलों को उनके वोट प्रतिशत के आधार पर आवंटित किया जा सकता है, इस शर्त के साथ कि इन सीटों पर महिलाएं ही उम्मीदवार हों।

यह तरीका न केवल परिसीमन की आवश्यकता को टाल सकता है, बल्कि अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित कर सकता है। महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटों का निर्माण एक व्यावहारिक और नवोन्मेषी विचार है। इससे संसद की कुल सीटों की संख्या बढ़ाकर महिलाओं को स्थान दिया जा सकता है, बिना वर्तमान सांसदों को हटाए।

इससे राजनीतिक विरोध की संभावना भी कम हो जाती है, क्योंकि मौजूदा सीटों पर कोई खतरा नहीं रहता। साथ ही, बढ़ती जनसंख्या और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार संसद के विस्तार की आवश्यकता भी पूरी होती है। नया संसद भवन, जिसे अधिक सदस्यों को समायोजित करने के लिए बनाया गया है, इस दिशा में एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। इस व्यवस्था का एक और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह जनता के जनादेश का सम्मान करता है। जब सीटों का आवंटन वोट प्रतिशत के आधार पर होगा, तो यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिनिधित्व वास्तव में जनता की इच्छा को दर्शाता है। इससे राजनीतिक दलों को महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलेगी और धीरे-धीरे राजनीतिक संस्कृति में समावेशिता बढ़ेगी। भारत जैसे विविध और विशाल देश में, जहां चुनौतियां भी जटिल हैं, वहां ऐसे नवाचारी उपाय आवश्यक हो जाते हैं। तकनीकी पहलुओं से आगे बढ़कर, हमें महिला आरक्षण के व्यापक प्रभाव को भी समझना चाहिए। जब अधिक महिलाएं संसद और विधानसभाओं में होंगी, तो नीति निर्माण में भी बदलाव आएगा। महिला आरक्षण को लागू करने में देरी अब किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराई जा सकती। प्रक्रिया संबंधी कारणों का हवाला देकर इसे टालना इस सुधार की भावना के साथ अन्याय होगा। यह भी समझना जरूरी है कि आरक्षण अपने आप में अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि समानता की ओर बढ़ने का एक साधन है। जैसे-जैसे समाज में बदलाव आएगा और महिलाओं के सामने खड़ी बाधाएं कम होंगी, वैसे-वैसे इस तरह के उपायों की आवश्यकता भी कम हो सकती है। लेकिन वर्तमान समय में, जब असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, तब आरक्षण एक अनिवार्य उपाय बन जाता है। संसद में महिलाओं के आरक्षण की यात्रा भारत के लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी है और उसके भविष्य को दिशा देने का अवसर भी। इसे तेजी से लागू करने के लिए केवल प्रशासनिक दक्षता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। यदि भारत इस दिशा में साहसिक कदम उठाता है, तो वह एक बार फिर विश्व के सामने एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। अब सवाल यह नहीं है कि क्या हम यह कर सकते हैं, बल्कि यह है कि क्या हम इसे बिना और देर किए करने का साहस दिखाएंगे।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
विवेक शुक्ला




# सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे स्ट्रा

हम सब अपने पसंदीदा पेय ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती है। दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं। अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसाइक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, "भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ती कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।" कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें "पर्यावरण के अनुकूल" विकल्प के रूप में देखा गया, लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है। प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, "कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।" प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं, तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है। यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है-विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के बगैस से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। बगैस का हिंदी अर्थ खोई है, जो गन्ना या ज्वार का रस निकालने के बाद बचा हुआ सूखा, रेशेदार अवशेष होता है। यह मुख्य रूप से चीनी मिलों में ईंधन, बिजली उत्पादन, कागज़, लुगदी और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री (डिस्पोजेबल प्लेट, कप) बनाने के लिए एक नवीकरणीय स्त्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह भारत में आसानी से उपलब्ध है। आप इसे देश के बड़े चीनी उद्योग का उप-उत्पाद कह सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि बगास से बने स्ट्रॉ के कई फायदे हैं। जैसा कि ये पूरी तरह प्लास्टिक-मुक्त और गैर-विषैले होते हैं, इनमें हानिकारक रसायन नहीं होते और ये प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाते हैं और घर पर भी गल सकते हैं। ये कृषि अपशिष्ट से बनाए जाते हैं, जिससे बेकार चीज़ उपयोगी बन जाती है। ये रोज़मर्रा के उपयोग के लिए पर्याप्त मज़बूत होते हैं और पेय में कोई हानिकारक पदार्थ नहीं छोड़ते। सबसे अच्छी बात ये यह है कि बगास आधारित उत्पादों का उत्पादन पहले से ही बढ़ रहा है। पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों की बढ़ती मांग और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर सख्त नियमों के कारण कई व्यवसाय अब ऐसे विकल्प अपनाने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज के उपभोक्ता अधिक जागरूक हो रहे हैं। वे उन ब्रांड्स को पसंद करते हैं जो वास्तव में पर्यावरण की परवाह करते हैं। व्यवसायों के लिए सुरक्षित विकल्प अपनाने से विश्वास और ब्रांड छवि दोनों में सुधार हो सकता है। सरकारी नीतियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना पर्याप्त नहीं है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि "सुरक्षित" और "कम्पोस्टेबल" किसे कहा जाए। भ्रामक दावों पर नियंत्रण होना चाहिए और कृषि अपशिष्ट का उपयोग करने वाले उद्योगों को समर्थन मिलना चाहिए। अब समय है कि हम सुविधा से आगे बढ़कर जागरूक विकल्प चुनें-एक-एक घूंट के साथ।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# हम अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं



संकलित
**दर्शन**

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

# जब मन हो अशांत, इष्टदेव का ध्यान करें



संकलित
**प्रेरणा**

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया**

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*- सुरेश कुमार, पानीपत*

## करंट अफेयर


# यूक्रेन ने युद्ध के बीच बचाए गए चमगादड़ों को छोड़ा



कड़ाके की ठंड के बाद यूक्रेन के लोग युद्ध प्रभावित इलाकों से बचाए गए चमगादड़ों को अब छोड़ रहे हैं। राजधानी कीव के बाहरी इलाके में स्थित एक नेचर पार्क में रात ढलते ही बच्चे स्वयंसेवकों के आसपास इकट्ठा हो जाते हैं, जो कपड़े के थैलों को सावधानीपूर्वक खोलकर चमगादड़ों को अंधेरे आसमान में उड़ने के लिए छोड़ते हैं। प्रत्येक चमगादड़ के हवा में उड़ान भरने पर वहां मौजूद 1,000 से अधिक लोग तालियां बजाकर उसका स्वागत करते हैं। देश के पूर्वी हिस्सों के युद्धग्रस्त क्षेत्रों से बचाए गए सैकड़ों चमगादड़ों को शनिवार देर रात यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कार्यक्रमों के तहत छोड़ा गया, जो वसंत ऋतु के आगमन के साथ आयोजित किए गए थे। 'यूक्रेनियन बैट रिहैबिलिटेशन सेंटर' की स्वयंसेवक अनास्तासिया वोल्क ने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये जीव संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल हैं और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। यूक्रेन में चमगादड़ों की सभी 28 प्रजातियों को इनकी घटती संख्या के कारण संरक्षित जीवों की सूची में रखा गया है। कई लोगों के लिए यह कार्यक्रम कड़ी सर्दियों के बाद राहत का अवसर था। सर्दियों में शून्य से नीचे तापमान, रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले तथा बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था।

## ऑफ बीट


# हमारी दृष्टि एक-आंख वाले पूर्वज कीड़े से हुई विकसित



काफी समय से माना जाता रहा है कि इंसानों और अन्य कशेरुकी जीवों की आंखें, अकशेरुकी जीवों की आंखों से बुनियादी रूप से अलग होती हैं, क्योंकि उनकी कोशिकाओं की संरचना और जन्म से पहले उनके विकसित होने का तरीका अलग होता है। हमारे अध्ययन से संकेत मिलता है कि हमारी आंखों की जड़ें एक ऐसे कीड़े जैसे पूर्वज से जुड़ी हैं, जो करीब 60 करोड़ साल पहले समुद्रों में विचरण करता था। हमने पाया कि ज्यादातर जीवों में आंखें और रोशनी महसूस करने वाली कोशिकाएं दो जगहों पर होती हैं- एक चेहरे के दोनों तरफ (जोड़ी में) और दूसरी सिर के बीच में, मस्तिष्क के ऊपर। हमने जिन जीवों का अध्ययन किया, उनमें चेहरे के दोनों तरफ मौजूद ये कोशिकाएं शरीर की गतिविधियों को दिशा देने में मदद करती हैं, जबकि बीच में मौजूद कोशिकाएं दिन और रात के फर्क के साथ-साथ ऊपर-नीचे की पहचान करने में सहायक होती हैं। हमारे निष्कर्ष के मुताबिक, सभी कशेरुकी जीवों के कीड़े जैसे पूर्वज ने करीब 60 करोड़ साल पहले जब समुद्र की तलहटी में बिल बनाकर स्थिर जीवन जीना शुरू किया, तो उसने दिशा नियंत्रित करने वाली अपनी जोड़ी आंखें खो दीं। दरअसल, जब यह जीव एक जगह रहकर पानी से बीन-बीनकर भोजन हासिल करने लगा, तो उसे चलने-फिरने की जरूरत नहीं रही।

## X ट्रेंड f


### पाक के टुकड़े होंगे



पाकिस्तान एक बार खामियाजा भुगत चुका है। आज से 55 वर्ष पहले पाकिस्तान दो टुकड़ों में खण्ड-खण्ड हो गया था। अगर उन्होंने हमारे बंगाल की तरफ नजर उठाकर देखने की कोशिश की तो कितने टुकड़े होंगे, यह ऊपर वाला ही जानता है।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### तकनीकी उत्कृष्टता



भारत परमाणु शक्ति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। अपने विशाल थोरियम भंडार का उपयोग करके, भारत ऊर्जा क्षेत्र में वर्चस्व और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### स्वास्थ्य सेवा प्रणाली



नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आधारशिला हैं। उनका समर्पण, निस्वार्थ भाव और सहानुभूति ही परिवारों को अपने प्रियजनों को उनकी देखभाल में सौंपने का सुरक्षित एहसास दिलाती है।

- राहुल गांधी, सांसद, सपा

### शिक्षामित्रों का हक़



भाजपा सरकार ने 9 साल शिक्षामित्रों का हक़ मारा और अब बढ़ाया भी तो भी सपा सरकार से 22 हज़ार कम है। अब जब भाजपा सरकार का परमानेन्ट रिटायरमेंट होने वाला है तब ये शिक्षामित्रों के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बस्तर 2.0 की शुरुआत, टूरिज्म, स्टार्टअप, इंफ्रा और इनोवेशन पर फोकस

# साय ने पीएम मोदी को दिया बस्तर आने का न्योता, सौंपा विकास का 'ब्लू प्रिंट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/ रायपुर



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर नक्सलमुक्त बस्तर के विकास का ब्लू प्रिंट सौंपा। उन्होंने नक्सलवाद के अंत के बाद प्रदेश में आई शांति के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। श्री साय ने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित हैं।

- पीएम का बस्तर दौरा बनेगा टर्निंग पॉइंट, मिलेगी बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात

पीएम को श्री साय ने बताया कि बस्तर समेत पूरे राज्य में नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और अब शांति स्थापित है। शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार के तहत नए एजुकेशन सिटी, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, जबकि इंद्रावती नदी पर बैराज, रेल लाइन और एयरपोर्ट विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, इस ब्लूप्रिंट के जरिए बस्तर में अब विकास, रोजगार और बेहतर सुविधाओं का नया दौर शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने अपने विकास दस्तावेज़ में उल्लेख किया कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर के लिए देखा गया शांति और विकास का सपना अब जमीन पर साकार हो रहा है। नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब लोगों में डर नहीं, बल्कि उम्मीद और विकास की नई चमक है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से बस्तर को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र में विश्वास और उत्साह बढ़ेगा।

### अब योजना में शामिल होंगे 10 जिले

आजीविका और आय बढ़ाने के लिए सरकार ने तीन वर्षीय योजना तैयार की है, जिसका लक्ष्य 2029 तक 85 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 15,000 से बढ़ाकर 30,000 रुपये करना है। 'नियद नेल्ला नार 2.0' योजना के तहत अब अधिक जिलों को जोड़ा जा रहा है, जिससे विकास का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचेगा। 10 जिलों में शुरू की गई यह योजना अब 7 जिलों और 3 नए जिलों गरियाबंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तक विस्तारित हो रही है।

### 61 नई परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग

मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत विकास ब्लूप्रिंट 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' रणनीति पर आधारित है। इसके तहत बस्तर में बुनियादी सुविधाओं को तेजी से विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। सड़कों के व्यापक जाल के माध्यम से दूर-दराज के गांवों को जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने के साथ-साथ नई 228 सड़कों और 267 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा 61 नई परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग भी की गई है।

### ये भी बताया

- 2030 तक 5,000 स्टार्टअप तैयार करने का लक्ष्य
- चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी नेशनल पार्क, एडवेंचर टूरिज्म, कैनोपी वॉक और ग्लास ब्रिज जैसी परियोजनाएं
- 'बस्तर मुन्ने' (अग्रणी बस्तर) कार्यक्रम जिसके तहत हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर समस्याएं सुलझाई जाएंगी और योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने असम सीएम को बताया सबसे भ्रष्ट

# 'सीएम सरमा चाय, कोयला व जमीन से जुड़े सिंडिकेट चला रहे'

एजेंसी:गुवाहटी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरमा देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं और उनसे ज्यादा अहंकारी और घमंडी कोई दूसरा मुख्यमंत्री नहीं है। खड़गे ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं और चाय, कोयला व जमीन से जुड़े सिंडिकेट चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से मांग की कि हिमंत सरमा की पत्नी के कथित विदेशी संपत्तियों और तीन देशों के पासपोर्ट रखने के आरोपों की जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि इन गंभीर आरोपों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।



### पीएम मोदी को गांधी परिवार पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नही

चुनावी दावों को लेकर खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन असम की 126 सदस्यीय विधानसभा में 72-73 सीटें जीतकर सरकार बनाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि उन्हें गांधी परिवार पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि इस परिवार के सदस्यों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। असम में चुनावी माहौल के बीच कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं, जिससे सियासी तापमान लगातार बढ़ रहा है।

### जेएमएम और जय भारत पार्टी का गठबंधन

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले असम की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहा है। आदिवासी बहुल राज्य झारखंड की प्रमुख राजनीतिक पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने असम की क्षेत्रीय पार्टी जय भारत पार्टी (जेबीपी) को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य असम के आदिवासी और चाय जनजाति समुदायों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करना है। करीब दो साल पहले असम के विभिन्न आदिवासी संगठनों, समूहों और समुदायों के सहयोग से गठित जय भारत पार्टी को अब जेएमएमका मजबूत साथ मिला है। दोनों दल मिलकर एक साझा मंच पर चुनाव लड़ रहे हैं और राजनीतिक शक्ति हासिल कर समुदायों के सामाजिक-आर्थिक मुद्दों को हल करने की रणनीति बना रहे हैं। इस विधानसभा चुनाव में यह गठबंधन 18 सीटों पर संयुक्त उम्मीदवार उतार चुका है, जो असम की राजनीति में एक नई दिशा की ओर संकेत करता है।

4 मई को होगी मतगणना

# असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार थमा, 9 अप्रैल को मतदान

असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम समाप्त हो गया। इन तीनों जगहों पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर एक साथ वोट डाले जाएंगे। तीनों राज्यों/केंद्रशासित प्रदेश में राजनीतिक दलों ने अंतिम समय तक जोरदार प्रचार किया।

**असम में 722 उम्मीदवार मैदान में**

असम में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 18-19 वर्ष आयु वर्ग के 5.75 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। 126 सीटों पर 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं और बहुमत का आंकड़ा 64 है।

### केरल में त्रिकोणीय मुकाबला

केरल में 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं।

### पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव

पुडुचेरी में 30 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा, जिनमें 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है। कुल 9.44 लाख मतदाताओं में करीब 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

जयशंकर की रैली में बढ़ा तनाव

# नाम नहीं लिया तो मंच छोड़कर चली गईं भाजपा उम्मीदवार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वट्टियूरकावु विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की चुनावी सभा के दौरान एक अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई। मंच पर उस समय हड़कंप मच गया जब भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी आर श्रीलेखा अचानक नाराज होकर कार्यक्रम छोड़कर चली गईं. दरअसल हुआ यह कि जयशंकर ने अपने संबोधन में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर का तो जिक्र किया लेकिन स्थानीय उम्मीदवार होने के बावजूद श्रीलेखा का नाम लेना भूल गए। इस बात से श्रीलेखा इतनी आहत हुईं कि वे बीच कार्यक्रम में ही मंच से नीचे उतर गईं जिससे वहां मौजूद कार्यकर्ता और नेता हैरान रह गए। पूर्व नौकरशाह और पार्षद रह चुकीं



श्रीलेखा ने अपनी शिकायत राजीव चंद्रशेखर और तिरुवनंतपुरम के मेयर वी वी राजेश के सामने भी दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि उन्होंने बीजेपी के वरिष्ठ नेता जी सोमन से भी इस मुद्दे पर काफी तीखी बातचीत की। हालांकि पार्टी के बड़े नेताओं ने तुरंत हस्तक्षेप किया और काफी समझाने-बुझाने के बाद उन्हें दोबारा मंच पर वापस लाया गया जिसके बाद ही कार्यक्रम सामान्य रूप से आगे बढ़ सका।

# 'पुडुचेरी को 'गिनी पिग' की तरह इस्तेमाल कर रही केंद्र': द्रमुक

**पुडुचेरी।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता आर. शिवा ने विल्लियनूर विधानसभा क्षेत्र में अपने चुनाव प्रचार के दौरान पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने, युवाओं के लिए रोजगार, टाइडल पार्क और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने जैसे कई आश्वासन दिए। उन्होंने कहा, राज्यपाल, मुख्य सचिव और केंद्रीय गृह मंत्रालय ही पुडुचेरी पर शासन करते हैं; वे पुडुचेरी को एक गिनी पिग और केंद्र सरकार के कानूनों/नियमों के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल करते हैं।'वह इस सीट से इस बार भी चुनाव लड़ रहे हैं। शिवा ने आरोप लगाया, 'एएनआरसी-भाजपा सरकार ने पिछले पांच वर्षों में सबसे खराब शासन किया है।' पुडुचेरी की जनता निर्वाचित प्रतिनिधियों का शासन चाहती है। हालांकि, पिछले 10 वर्षों में हमने यहां पूरी तरह से हस्तक्षेप देखा है। उपराज्यपाल, मुख्य सचिव और केंद्रीय गृह मंत्रालय ही पुडुचेरी पर शासन करते हैं; वे पुडुचेरी को एक गिनी पिग और केंद्र सरकार के कानूनों/नियमों के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल करते हैं।' चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों के लिए बेहतर सुविधाओं का आश्वासन दिया। विल्लियनूर में मुकाबला द्रमुक के शिवा और सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) के उम्मीदवार रविकुमार के बीच है, हालांकि 10 अन्य उम्मीदवार भी मैदान में हैं। सत्तारूढ़ एआईएनआरसी 30 विधानसभा सीट में से 16 सीट पर चुनाव लड़ रही है, उसकी सहयोगी भाजपा 10 सीट पर, और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) और एलजेके दो-दो सीट पर चुनाव लड़ रही हैं।

एआईडीएमके उम्मीदवार की पारिवारिक संपत्ति है 5,863 करोड़ रुपये

# सबसे अमीर उम्मीदवार हैं छठवीं पास लीमा रोज

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बीच एक चौंकाने वाली बात सामने आई है, जहां ए आ ई ए डी ए म के उम्मीदवार लीमा रोज राज्य की सबसे धनी प्रत्याशी के रूप में उभरी हैं। तिरुचिरापल्ली जिले के लालगुडी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं लीमा रोज ने अपने नामांकन हलफनामे में कुल 5,863 करोड़ रुपये की पारिवारिक संपत्ति घोषित की है।



लीमा ने इसी साल इंडिया जननायका कांची पार्टी छोड़कर एआईएडीमके में आई हैं। हलफनामे के अनुसार, लीमा के पास 139 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 910 करोड़ की अचल संपत्ति है। यह आंकड़ा उन्हें चुनावी मैदान में सबसे अमीर उम्मीदवारों की सूची में शीर्ष पर पहुंचाता है। उनकी कुल संपत्ति में उनके पति और व्यवसायी मार्टिन का बड़ा योगदान है।

### केवल छठवीं तक पढ़ी हैं लीमा


शैक्षिक पृष्ठभूमि की बात करें तो लीमा रोज ने थिरुवाना के एक सरकारी स्कूल से केवल कक्षा 6 तक शिक्षा प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने अपने हलफनामे में यह भी खुलासा किया है कि उनके खिलाफ चार आपराधिक मामले लंबित हैं।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

# बम हमले में दो बच्चों की मौत भीड़ ने फूंके तेल के 3 टैंकर

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के मोइरांग इलाके में एक बार फिर हालात खराब हो गए हैं। बीती रात करीब 1 बजे मोइरांग ट्रोंग्लाओबी इलाके में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने एक घर पर बम फेंक दिया। इस घटना में एक 5 साल के एक लड़के और 6 महीने की बच्ची की मौके पर ही जलकर मौत हो गई जबकि उनकी मां इस हादसे में बुरी तरह झुलस गई है। इस दर्दनाक घटना के बाद गुस्साए गांव के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस चौकी और तेल से भरे तीन टैंकरों में आग लगा दी, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। इलाके में अभी भी तनाव है।



### पुलिस चौकी पर भी हमला

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मोइरांग थाने के सामने टायर जलाकर विरोध जताया। इतना ही नहीं, एक अस्थायी पुलिस चौकी को भी नुकसान पहुंचाया गया। स्थिति को काबू में करने के लिए इलाके में भारी पुलिस और सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मंगलवार को ट्रोंग्लाओबी के पास के इलाके से एक विस्फोटक उपकरण भी बरामद किया गया है। इससे साफ है कि इलाके में खतरा अभी भी बना हुआ है।

### विमान के शौचालय से दो करोड़ का गांजा जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक-दिल्ली उड़ान के शौचालय से दो किलोग्राम से अधिक 'संदिग्ध' गांजा जब्त किया है। यह बरामदगी पांच अप्रैल को हुई। निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, भारतीय सीमा शुल्क की विशेष शाखा, वायु खुफिया इकाई के अधिकारियों ने बैंकॉक से आने वाली उड़ान पर नजर रखी। निगरानी के दौरान विमान के शौचालय के कूड़ेदान से धूसर (ग्रे) रंग के टेप में लपेटे गए तीन पैकेट बरामद किए गए। पैकेटों की एक्स-रे से जांच की गई, जिससे संदिग्ध सामग्री का संकेत मिला। जांच करने पर पैकेटों में हरे रंग का पत्तीनुमा पदार्थ पाया गया, जिसके गांजा होने का संदेह है।

### अलफलाह के अध्यक्ष की 39 करोड़ की संपति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में एक घर, फरीदाबाद में खेती की जमीन और कई बैंक खातों में जमा राशि कुर्क की है। इनकी कुल कीमत 39 करोड़ रुपए से ज़्यादा है। ईडी ने एक अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया है। इन संपत्तियों में दिल्ली के जामिया नगर में एक घर, फरीदाबाद के धौज इलाके में खेती की जमीन और कुछ बैंक खातों में जमा रकम और सावधि जमा के पैसे शामिल हैं। इन संपत्तियों की कुल कीमत 39.45 करोड़ रुपए है। सिद्दीकी (61) अभी जेल में बंद हैं।

### रिश्वत, जीएसटी अधिकारी और सहायक गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो ने एक सॉफ्टवेयर डेवलपर से कथित तौर पर 9,000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में जीएसटी अधिकारी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। कोंकण भवन में तैनात द्वितीय श्रेणी अधिकारी अमित भानुदास गिरि (45) और उनके सहयोगी वैशाली वसंत कदम (39) को सोमवार को रिश्वत की राशि स्वीकार करते हुए पकड़ा गया। शिकायतकर्ता को डिजिटल हस्ताक्षर वाले पीटीईसी (पेशेवर कर नामांकन प्रमाण पत्र) और पीटीआरसी (पेशेवर कर पंजीकरण प्रमाण पत्र) के संबंध में कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुए थे। जब उन्होंने मामले को सुलझाने के लिए जीएसटी कार्यालय में आरोपी अधिकारी से मुलाकात की, तो उसने कथित तौर पर नोटिसों को निपटारे के लिए 10,000 रुपए की रिश्वत मांगी।

न्यूक्लियर पावर क्षेत्र में बड़ी कामयाबी

# एफबीआर तकनीक वाला दुनिया का दूसरा देश बना हिंदुस्तान

कलपक्कम ने रचा इतिहास, परमाणु क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने न्यूक्लियर पावर के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तमिलनाडु के कलपक्कम में मौजूद प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) को 'क्रिटिकल' बना दिया है। यानी ये रिएक्टर खुद-ब-खुद न्यूक्लियर रेन रिएक्शन शुरू कर चुका है। अब रिएक्टर खुद अपने आप चलने लगा है। ज्यादा ईंधन भी बना रहा है। ये अचीवमेंट इसलिए बेहद खास है क्योंकि इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा देश बन गया है जिसके पास फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) तकनीक मौजूद है। तमिलनाडु के कलपक्कम में बना ये प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर भारत की न्यूक्लियर कंपनी भाविनी (भाभा न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स) ने तैयार किया है।



### क्या है पीएफबीआर और क्या है इसकी खासियत?

कलपक्कम में बना ये पीएफबीआर 500 मेगावाट क्षमता का एक एड्वांस्ड परमाणु रिएक्टर है, जिसे पूरी तरह भारत में डिजाइन और विकसित किया गया है। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की खासियत होती है कि ये जितना फ्यूल खर्च करता है, उससे ज्यादा नया परमाणु ईंधन तैयार करता है। यानी ये एनर्जी प्रोडक्शन के साथ-साथ भविष्य के लिए ईंधन भी तैयार करता है। परमाणु रिएक्टर में 'क्रिटिकलिटी' वो स्थिति होती है जब न्यूक्लियर फिशन रिएक्शन स्टेबल तौर से शुरू हो जाता है। ये किसी भी रिएक्टर के ऑपरेशन से पहले सबसे अहम फेज होता है। इसका मतलब है कि अब ये रिएक्टर धीरे-धीरे बिजली प्रोडक्शन के अगले फेज की ओर बढ़ेगा।

# 2 पाकिस्तानी आतंकी सहित पांच गिरफ्तार, 'खरगोश' अभी भी फरार

जम्मू-कश्मीर में लश्कर के आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

एक बड़े एंटी-टेरर ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने कई राज्यों में फैले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक गहरे नेटवर्क को खत्म कर दिया, जिसमें दो पाकिस्तानी समेत पांच टेररिस्ट गिरफ्तार किए गए और एक महिला समेत करीब 20 साथियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया, ऑफिशियल सोर्स ने कन्फर्म किया।

मुख्य गिरफ्तारियों में 'हुरैरा अब्दुल्ला' शामिल है, जो एलईटी का एक टॉप ऑपरेटिव और पाकिस्तानी नागरिक है और 2010 से कश्मीर घाटी में एक्टिव है। वह टेरर ठिकानों और फंडिंग चैनल को मैनेज करता था। उसके साथ एक और पाकिस्तानी, खुबैब उर्फ उस्मान-जो एक दशक से ज़्यादा समय से कश्मीर में काम कर रहा है-को भी पकड़ा गया। सटीक इंटेलिजेंस इनपुट और डिजिटल इंटरसेप्ट के आधार पर, इस कार्रवाई में जम्मू और कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली में 20 से ज़्यादा जगहों को टारगेट किया गया। छापों में ऐसा आपत्तिजनक मटीरियल मिला जिससे देश भर में टेररिस्ट को लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल मदद देने की साजिश का पर्दाफाश हुआ।

### खरगोश ने की है लोकल से शादी

सूत्रों ने बताया कि नेटवर्क का दूसरा मुख्य कमांडर, पाकिस्तानी आतंकवादी 'खरगोश' अभी भी फरार है। उसने श्रीनगर के जकूरा इलाके में एक लोकल महिला से शादी की। उसे और उसके पिता-जिन पर आरोप है कि उन्होंने खरगोश, हुरैरा और दूसरों की मदद की-दोनों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पिता समेत तीन लोकल लोग शामिल हैं। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया, 'यह नेटवर्क कश्मीर, जम्मू, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली में काम करता था, जिससे विदेशी आतंकवादियों को पकड़े जाने से बचने और ऑपरेशन करने में मदद मिलती थी।' पूछताछ में कश्मीर घाटी में साथियों से भारी मात्रा में हथियार मिले, जिसमें पांच एके राइफल, दो पिस्तौल, छह ग्रेनेड और गोला-बारूद शामिल हैं। जकूरा में पिता-बेटी की जोड़ी के घर से एक बड़ा कैश बरामद किया गया।

नासा के आर्टेमिस-2 मिशन ने रचा इतिहास

# चंद्रमा के आसपास सबसे अधिक दूरी तय करने का बनाया अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के आर्टेमिस-2 मिशन ने इतिहास रच दिया है। आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री सोमवार रात चंद्रमा के पिछले हिस्से से निकलकर पृथ्वी की ओर रवाना हो गए। अपने इस मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा के उस हिस्से को देखा जिसे पहले कभी इतने करीब से नहीं देखा गया था। आर्टेमिस 2 मिशन ने मानव इतिहास में चंद्रमा के आसपास सबसे ज्यादा दूरी तय करने का नया रिकॉर्ड भी बनाया है। करीब 7 घंटे का यह सफर इस मिशन का सबसे अहम और खास हिस्सा रहा।

### आर्टेमिस 2 मिशन ने तोड़ा रिकॉर्ड

आर्टेमिस 2 मिशन का लक्ष्य अगले 2 साल में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मनुष्यों को भेजना है। इतना ही नहीं आर्टेमिस 2 ने अपने इस मिशन के जरिए अपोलो 13 का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल 1970 में अपोलो 13 मिशन में 4,00,171 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी, जिसे आर्टेमिस 2 मिशन के तहत पार कर लिया गया है। अपोलो अंतरिक्ष कार्यक्रम के बाद पहली बार नासा ने आर्टेमिस 2 मिशन के जरिए मनुष्यों को चंद्रमा के पास भेजा है।



चंद्रमा के पिछले हिस्से से निकलकर अब पृथ्वी



*कनाडाई अंतरिक्ष यात्री ने क्या कहा?*

*आर्टेमिस 2 मिशन में 3 अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन के दौरान कनाडाई अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन ने कहा, 'बिना कोई उपकरण लगाए आंखों से चंद्रमा में जो दिख रहा है वह रोमांचित करने वाला है। यह अविश्वसनीय है।' उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी को इस रिकॉर्ड को जल्द तोड़ना चाहिए।*

### मिशन के भावुक पल

रिकॉर्ड तोड़ने के तुरंत बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा पर 2 नए गड्ढों (क्रेटर) के नामकरण की अनुमति मांगी। उन्होंने एक क्रेटर का नाम अपने कैप्सूल के सम्मान में 'इंटेग्रिटी' और दूसरे का नाम अपने कमांडर रीड वाइजमैन की पत्नी 'कैरल' के नाम पर रखने का प्रस्ताव दिया, जिनका वर्ष 2020 में कैंसर से निधन हो गया था। इस दौरान कमांडर वाइजमैन भावुक हो गए और सभी अंतरिक्ष यात्रियों ने एक-दूसरे को गले लगाया। इसके थोड़ी देर बाद वाइजमैन ने कहा कि यहां से नजारा सचमुच अद्भुत है।

### एक ही तस्वीर में चंद्रमा और पृथ्वी

*आर्टेमिस 2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने बताया कि उन्होंने एक ही फ्रेम में चंद्रमा और पृथ्वी दोनों को कैद किया है। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से ह्यूस्टन के वैज्ञानिकों को यात्रा के दौरान लगातार जानकारी और अपडेट्स दिया गया। मिशन पायलट विक्टर ग्लोवर ने कहा कि चंद्रमा की कुछ पहाड़ियां इतनी चमकदार दिख रही थीं, मानो उन पर बर्फ की परत जमी हुई हो। उन्होंने बताया कि यह नजारा वाकई बेहद खूबसूरत और शानदार था।*

मिडिल ईस्ट जंग के बीच शरीफ सरकार का बड़ा ऐलान

# पाकिस्तान में लगा 'स्मार्ट लॉकडाउन'

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

मिडिल ईस्ट जंग को 1 महीने से ज्यादा हो गया है। हालात दिनों दिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। इसी बीच भारत के पड़ोसी देश में हालात और ज्यादा खराब हो गए हैं। इसको देखते हुए शहबाज सरकार ने स्मार्ट लॉकडाउन लगाने का फैसला लिया है। पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र, गिलगित-बाल्टिस्तान और आजाद जम्मू और कश्मीर में बाजारों, दुकानों और शॉपिंग मॉल को रात 8 बजे बंद करने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ ने पेट्रोलियम उत्पादों, ऊर्जा संरक्षण और मितव्ययिता उपायों के कार्यान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र, गिलगित-बाल्टिस्तान और आजाद जम्मू और कश्मीर में बाजारों, दुकानों और शॉपिंग मॉल को रात 8 बजे बंद करने का निर्णय लिया गया।

### रात 10 बजे बंद होंगे रेस्तरां

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बेकरी, रेस्तरां, तंदूर और अन्य भोजनालय रात 10 बजे बंद रहेंगे। विवाह हॉल, टेंट और अन्य व्यावसायिक स्थल जहां शादियां होती हैं, वे भी रात 10 बजे के बाद बंद रहेंगे। इसके अलावा, निजी संपत्तियों और घरों में रात 10 बजे के बाद शादी समारोह आयोजित करने पर प्रतिबंध रहेगा। चिकित्सा दुकानों और दवा दुकानों के खुलने का समय इन प्रतिबंधों से मुक्त रहेगा।

## श्रीराम कथा के तृतीय दिवस प्रभु रामलला का हुआ जन्म

# अस मन होत उठाय लेऊं करवा, अयोध्या से उत्सव में अवधपुरी में जन्मे रामलला





**जबलपुर।** गौरीघाट के आर्युवेद कॉलेज मैदान में चल रही श्रीरामकथा का तृतीय दिवस आज तब इतिहास में लिख गया जब श्रीरामजी के प्राकट्य की हूबहू अयोध्या सी अनुभूति उपस्थित जनमेदिनी ने अनुभव की। मनु महाराज की कथा प्रसंग में कथा व्यास पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर, जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य जी ने बड़े भाव से 'अस मन होत उठाय लेऊं कुरवा..उठाए लेऊंकरवा...लगाय लेऊं हियरवा' भजन से परमात्मा राम के बालरूप को साकार कर दिया। करवा का अर्थ गोद से था। महाराजश्री के भाव में सब ऐसे विभोर हुए कि मानो उनकी ही गोद में श्रीरामजी ही आ गए हों।

समरसता सेवा संगठन के सौजन्य से हो रही कथा में संगठन की टीम ने पूरे पंडाल का अनोखा पुष्प-वैलून श्रृंगार किया। भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की सजीव झांकी के दर्शन सभी ने की। रामलला का जन्म सभी ने नाच गाके उत्सव के रूप में मनाया। रामजी के जन्म के समय में आसमान से मेघ गर्जन और धरा पर मंत्र उच्चारण हो रहा था। मानस के सरस वक्ता महाराजश्री ने 'सत्यसंध पालक श्रुति सेतू-रामजनमजग मंगल हेतू' को मंच पर सजीव कर लिया। अवधपुरी में 'जय-जय सुरनायक-जनसुख दायक प्रणतपाल भगवंता' संकीर्तन के साथ भगवान प्रकट हुए।

### सविस्तार सुनाई श्रीराम जन्म की कथा -

महाराजश्री ने भगवान श्रीराम के मंगलकारी जन्म से जुड़ी सभी कथाएं पूरे मनोयोग से सुनाई । जय-विजय, नारद प्रसंग, वृंदा प्रसंग के माध्यम से उन्होंने आध्यात्म के गूढतम रहस्य प्रकट किए। उन्होंन बताया कि 'राम भगत जग चार प्रकारा' चौपाई यूं ही नहीं लिखी गई। राम भगतों के चार प्रकार हैं। ये हैं आर्त, जिज्ञास, अर्थाती और ज्ञानी। आर्त की कथा जय विजय कल्प में, जिज्ञासु की कथा वृंदा कल्प में, अर्थाती की कथा नारद प्रसंग में और चौथी कथा ज्ञानी की मनु के रूप में आती है। उन्होंने बताया कि ज्ञानी का अर्थ है ईश्वर सेव्य है मैं सेवक हूं, इसी भाव को ज्ञानी कहते हैं। ज्ञान धारा के परम आचार्य महाराज मनु हैं। मनु ने 24 हजार वर्ष तपस्या क्यों की। इसका उत्तर बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि क्योंकि मनु को भगवान के 24 जन्म का संपूर्ण स्वरूप चाहिए था। उन्होंने कहा कि हम सोने में 24 कैरेट सोने की मांग करते हैं। हमारे राम जी ऐसे ही 24 कैरेट स्वर्ण है, जो संपूर्णता का प्रतीक हैं। अंग्रेजों ने गॉड की जो व्याख्या करते हुए कहा कि जिसमें जीओडी तीनों रहें वही ईश्वर है। यही बात मेरी भी है। र माने रामेश्वर, अ माने ब्रम्हा, म माने महेश्वर। तीनों जहां रहते हैं वही हैं राम। जिनके एक-एक अंश से करोड़ों ब्रम्हा, करोड़ों शंकर, करोड़ों विष्णु उत्पन्न होते हैं, ऐसे हैं हमारे राम। उन्होंने दो टूक कहा कि मेरा निश्चिय है कि श्रीराम इन तीनों देवों से ऊपरी और परे की सत्ता हैं। हम निश्चय कर चुके हैं।

### रामजी ज्ञान के प्रतीक नहीं ज्ञान के स्वरूप

आज की कथा में महाराजश्री ने पदार्थवाद पर चिंतन करते हुए कहा कि प्रतीकवाद को ईश्वर के साथ जोड़ना सही नहीं है। ईश्वर प्रतीक में नहीं रहता। हम राम जी को ज्ञान का लक्ष्मण जी को वैराग्य का प्रतीक नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि रामजी ज्ञान के प्रतीक नहीं बल्कि ज्ञान के स्वरूप हैं। भगवान राम का नाम जगत का प्रथम मंगल है। जब नाम मंगल है तो उनका रूप भी मंगल है। उन्होंने 'बाल्मीक उर आनंद भारी-मंगल मूरति नयन निहारी' नामक चौपाई के माध्यम से भगवान श्रीराम के मंगल रूप को रेखांकित किया। उनके सेवक हनुमान जी भी मंगल मूरत हैं। तो जहां-जहां राम हैं, वहां-वहां मंगल है। रावण की उपस्थित अमंगलकारी है। जो सबको रुलाए वो रावण और जो सबको रमा लेता है वो रावण है। रामजी सबको मंगल ही देते रहते हैं। श्रोताओं से मुखाबित महाराज श्री ने कहा कि कथा श्रवण का फलादेश मोह का जाना है। कथा सुनने से मोह से मुक्ति मिल जाता है।

### रामकथा सबको गानी चाहिए

महाराजश्री ने आज की कथा का श्रीगणेश 'प्रथित पावन शास्त्र परंपराम-लषित लक्ष्मण जानकी वैभवाम, ललित मानस भाव मनोहराम-गिरिधरस्य गिरम सृणो नर्मदे' श्लोक से किया। चिरपरिचित 'सीताराम जय सीताराम' संकीर्तन ने कथा पंडाल का वातावरण राममय कर दिया। उन्होंने कहा कि नर्मदा माई की गोद में बैठकर हम समरसता सेवा संगठन के संयोजन में 'राम जनम जग मंगल हेतू' चौपाई पर कथा करके बहुत अच्छा लग रहा है। भगवान के गाने से जो सुख मिलता है, वो कहीं मिलता नहीं है। हम सबको भगवान को गाना ही चाहिए। श्रीरामचरित मानस को तीन लोगों ने गाया। वाल्मीकी ने गाया, उन्हें पिक कहा गया। श्री हनुमानजी ने गाया तो उन्हें कपि कहा गया । एक वक्ता पीपी कर गाता है तो एक गा गा कर पीता है। बिना गाए कल्याण नहीं है। अतः सबको रामकथा गानी ही चाहिए। बिना गाए कथा में आनंद नहीं आता।

### आप जहां भेज देंगे वहीं जाएंगे

रामचरित के सरस वक्ता महाराजश्री ने राम चरणों में अनुराग की व्याख्या जय-विजय के चरित्र से जोड़ कर के कही। उन्होंने कहा कि ज्भगवान के द्वारपाल जय विजय ने सनकादिक को भगवान से मिलने से रोका तो जय-विजय का अमंगल हो गया। इस ब्रम्हदंड को उनके हथियार भी समाप्त नहीं कर पाए, वे स्वर्ग से नीचे गिर गए। बाद में उन्हें मालुम हुआ कि ये आशीर्वाद है। भगवान के प्रति प्रेम हो तो अमंगल में भी मंगल की स्थिति होती है। जय-विजय की स्थित पर महाराजश्री ने गीत गाया 'आप जहां भेज देंगे वहीं जाएंगे-वहीं जाकर के हरि गुण गाएंगे'। चाहे शूकर बने चाहे कूकर बनें-चाहे किन्नर बनें चाहे निशिचर बनें, आप जो भी बना देंगे बन जाएंगे..वही बन कर के हरि गुण गाएंगे। महाराजश्री ने बताया कि भगवान के प्रेम में जीव का कभी अमंगल नहीं होता। जहां-जहां अमंगल दिखा, वहीं बाद में मंगल के रूप में सामने आया। वृंदा की कथा, नारद की कथा में अमंगल दिखा, पर उससे हुआ मंगल ही।

### ज्ञान नष्ट हो जाता है भजन नहीं

महाराजश्री ने कहा कि ज्ञान नष्ट हो सकता है, पर भजन का बीज पूरी तरह नष्ट नहीं होता। वह अंतःकरण में बना रहता है। जीव में यदि ज्ञान है, पर रामजी के प्रति प्रेम नहीं है, तो ऐसा ज्ञान डूबेगा ही। शिव जी ने पार्वती जी से कहा है कि जगत सपना है, पर सत भगवान का भजन ही है। नारद जी की कथा में यह बात देखने मिलती है। उनमें ज्ञान था, पर भगवान के प्रति प्रेम नहीं था, इस कारण उन्हें गिरने पड़ा। उन्होंने कहा कि ज्ञाान के संस्कार मिटते हैं, पर भजन के संस्कार नहीं मिटते। भगवान के भजन का एक स्वभाव होता है कि जो भगवान का भजन करता है, उसे भगवान कभी गिरने नहीं देते। गिर भी जाता है तो भगवान उसे बचा लेते हैं। नारदजी के मुख से निकला कि जिस में मेरा हित हो वह करें। भगवान ने जैसे ही ये सुना तो कहा मैं हित नहीं तुम्हारा परम हित करूंगा। भगवान ने नारद जी को हनुमानजी का मुखड़ा दे दिया तो नारद जी का अमंगल मिट गया।

### शिवजी के हृदय से निकली राम धारा

कथा पूर्व तृतीय दिवस की प्रस्तावना व्यक्त करते हुए तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य युवराज रामचंद्र दास जी ने कहा कि वर्तमान में दो धाराएं चल रही है। एक ओर सबको तारने वाली शिवपुत्री नर्मदाजी की अविरल धारा बह रही है। दूसरी ओर शंकरजी के हृदय से जो रामधारा निकल रही है, वह व्यासपीठ से महाराज श्री प्रवाहित कर रहे हैं। महाराजश्री राम कथा को सुनाते बस नहीं है, वे रामकथा को जीते हैं। उनके निकट जाकर देखने पर लगता है कि एक ग्रहस्थ का जितना वात्सल्य अपने पुत्र-पुत्री से होता है, उससे कई गुना अधिक प्रेम महाराजश्री का राघवजी में नजर आता है। राघवेंद्र सरकार को सुबह उठाने से लेकर सुलाने तक का अद्भुत दृश्य हमारे सामने उपलब्ध होता है।

### इन्होंने किया पादुका पूजन

शुरुआत में सुखानंद द्वाराचार्य, राघवदेवाचार्य की उपसथिति में तुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्रदासजी ने पादुका पूजन का मंगल विधान संपन्न कराया। मंच पर उपस्थित स्वामी गिरीषानंद जी, साध्वी ज्ञानेश्वरी जी, संत रामभारती जी का अभिनंदर समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने किया।शहर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सपत्नीक पादुका पूजन किया।

---

## जनेकृविवि में आज 'कृषि मंथन 2026' सीएम करेंगे प्रशासनिक भवन का लोकार्पण




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में 8 अप्रैल को 'कृषि मंथन 2026' कार्यशाला का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करेंगे तथा 16.37 करोड़ रुपये की लागत से बने अन्य भवनों का ऑनलाइन उद्घाटन भी करेंगे। साथ ही 10 स्टार्टअप्स को 108 लाख रुपये की स्वीकृति, कृषि सखियों के प्रशिक्षण का शुभारंभ भी किया जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री प्रहलाद पटेल, एदल सिंह कंषाना, राकेश सिंह तथा लखन पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा करेंगे। कार्यशाला में कृषि तकनीक, जैविक खेती, जल प्रबंधन, उन्नत बीज, फसल विविधीकरण एवं कृषि आधारित उद्योगों पर चर्चा होगी। साथ ही कृषि प्रदर्शनी और किसानों-विशेषज्ञों के बीच संवाद सत्र भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेशभर से किसान, शोधार्थी एवं कृषि उद्यमी शामिल होंगे।



## समर थीम पर किया सेलिब्रेशन

**जबलपुर।** कलचुरी क्लब द्वारा समर थीम पर सेलिब्रेशन किया गया। इस दौरान गर्मी में बरती जाने वाली सावधानियों पर सदस्यों ने गहन चर्चा की। साथ ही गर्मियों पर आधारित मजेदार गेम्स खेले गए। महिलाओं ने गर्मियों में रेडी होने वाली डिशेश की जानकारी दी। मेंबर्स ने आइसक्रीम का लुत्फ उठाया। संयोजन राजीव चौकसे व कौशलेंद्र महाजन ने किया। कार्यक्रम में कलचुरी क्लब के रवींद्र-शशि चौकसे, राजेन्द्र-सीमा राय, श्रीचंद-कल्पना चौकसे, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोरमा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, कौशलेंद्र-कल्पना महाजन, राजीव चौकसे, संजय-रोजी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे आदि सदस्य उपस्थित थे।

## 4 करोड़ की सीसी सड़कों का भूमिपूजन



**जबलपुर।** कैंट विधानसभा क्षेत्र के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में 4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़कों का भूमिपूजन विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने किया। इस निर्माण से भीटा, कजरवारा, कृष्णा कॉलोनी और अनुराधा कॉलोनी क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम में विधायक रोहाणी ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने भी विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती अनुराधा उपाध्याय सहित लोचन प्रसाद दुबे, हरिओम चौकसे, गुलाब गिरी गोस्वामी, संतोष रजक, संतोष यादव, आशुतोष दुबे, दिलीप सेन, धनपत झरिया, संजय वर्मा, बबलू खत्री, पुष्पा तिवारी, अरुणा कुशवाहा, लल्लू यादव, रघुनाथ रजक, शुभम विश्वकर्मा, श्रवण रजक, संतलाल चौधरी, विनोद जायसवाल, राजू पटेल, आरती बेन, अनिल प्रताप ठाकुर, राजकुमार वंशकार, राजेश यादव, राजू चौकसे, आनंद चौधरी, विनय चौधरी, मोनू सेन, नंदलाल चौधरी, राजू गोटिया, बृजलाल चौधरी, भागचंद पटेल सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।




## फार्मासिस्ट एसोसिएशन में अभिषेक निगम बने अतिरिक्त जिला उपाध्यक्ष

**जबलपुर।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जबलपुर इकाई द्वारा संगठन विस्तार के तहत अभिषेक निगम को अतिरिक्त जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। 06 अप्रैल 2026 को आयोजित समारोह में उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण कराया गया। नवनियुक्त पदाधिकारी अभिषेक निगम ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने एवं फार्मासिस्टों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्धता जताई। नियुक्ति की जानकारी ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय में प्रवीण पटेल को भी सौंपी गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष अभिषेक साहू, कोषाध्यक्ष अभिजीत लखेरा, मीडिया प्रभारी आजाद, सह मीडिया प्रभारी अशोक सिंह सहित सुनील मिश्रा, आशीष तिवारी, अभय उसरेठे, दिनेश शाह, लोक रंजन पांडे, शाबिर हुसैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने नवपदस्थ अधिकारी को बधाई देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक

**जबलपुर।** गोसलपुर सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में रामसागर तालाब स्थित राधा कृष्ण कुटी मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयंती को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।



महासभा अध्यक्ष महेश तिवारी ने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को राधा कृष्ण सुदामा कुटी में पूजन-अर्चन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसका समापन महाआरती के साथ होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में एन.के. शुक्ला, राम निरंजन दुबे, लक्ष्मण पालीवाल, मोहित तिवारी, रमेश चंद्र शुक्ला, रमन मिश्रा, भुवनेश तिवारी, इंद्र कुमार उपाध्याय, श्वेतांक पालीवाल, कुलदीप अवस्थी, अतुल अवस्थी, मोंटी दुबे, प्रमोद शुक्ला, रमेश व्यास, रोहिणी प्रसाद दुबे सहित अनेक विप्रजन उपस्थित रहे।

## चलित प्रसादम सेवा के 5430 दिन पूरे 20 लाख से अधिक लोगों को मिला भोजन




**जबलपुर।** शहर में बीते 15 वर्षों से निरंतर संचालित चलित प्रसादम सेवा ने 5430 दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान 20 लाख 36 हजार 250 जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस सेवा की शुरुआत 4 अप्रैल 2011 को हिंदू नव वर्ष के अवसर पर अधिवक्ता जमुना प्रसाद अग्रवाल की पहल पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज के सानिध्य में हुई थी। प्रारंभ में 200–300 लोगों को भोजन वितरण किया जाता था, जो आज बड़े स्तर पर जारी है। ज्ञानेश्वरी दीदी ने बताया कि भूखे को भोजन कराना भारतीय परंपरा है और यह सेवा निरंतर ईश्वर की कृपा से चल रही है। हाल ही में गोल बाजार क्षेत्र में पूरी, सब्जी, कढ़ी-चावल, हलवा, अचार व पापड़ का वितरण किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि कोरोना काल में प्रतिदिन लगभग 1000 लोगों को भोजन कराया गया। वहीं अयोध्या धाम में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान 10 दिनों में 1 लाख 15 हजार लोगों को भोजन कराया गया। डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया कि सेवा पिछले 5430 दिनों से लगातार जारी है। इस अवसर पर भूपेंद्र पराशर, बी.डी. पटेल, सुरेश गोयल, उमेश विश्वकर्मा, बाबू सिंह राजपुरोहित, सचिन अग्रवाल, श्याम मनोहर पटेल, विनोद धीमान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


### आम सूचना


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भू-स्वामी श्रीमती बंटी अग्रवाल, पत्नी श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, निवासी कृषि उपज मण्डी, दमोह रोड, तह. व जिला जबलपुर वर्तमान पता-पियूष ट्रेडर्स, कटंगी रोड, करमेता, जबलपुर 482002 ने आवासीय सम्पति मौजा सिविल स्टेशन, परमानेन्ट नजूल लीज ब्लॉक नं. 4, नजूल लीज प्लॉट नं. 5/2 कुल रकबा 26400 वर्गफुट पर निर्मित 'दीक्षित प्राईड' तैयबअली चौक, स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में बहुमंजिला भवन के छटवीं मंजिल पर स्थित खुली छत जिसका कुल निर्मित/ कारपेट रकबा 1700 वर्गफुट है जिसे उनके द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13/08/2013 पुस्तक क्रमांक ए-1, ग्रन्थ क्रमांक 664 पृष्ठ क्रमांक 91 से 98 दस्तावेज क्रमांक 536 तथा पंजीकृत संशोधन विलेख दिनांक 28/03/2026 क्रमांक MP50IGR1757226 A100387220 के माध्यम से श्रीमती सुधा दीक्षित पत्नी ए.सी. दीक्षित से क्रय किया है। इसी प्रकार से उक्त भवन की एक अन्य सम्पति 'दीक्षित प्राईड' तैयबअली चौक, स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में बहुमंजिला भवन के छटवीं मंजिल पर स्थित खुली छत जिसका कुल रकबा 1200 वर्गफुट है जिसे उनके द्वारा श्रीमती सुधा दीक्षित पत्नी ए.सी. दीक्षित से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13/08/2013 पुस्तक क्रमांक ए-1, ग्रन्थ कमांक 664 पृष्ठक्रमांक 83 से 90 दस्तावेज क्रमांक 535 तथा पंजीकृत संशोधन विलेख दिनांक 29/03/2026 क्रमांक MP50IGR 1757226A100388335 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त दोनों सम्पति के मूल विकय विलेख श्रीमती बंटी अग्रवाल से दिनांक 17/03/2026 को समय 10:30 बजे मनमोहन नगर से हेड ऑफिस, करमेता, कटंगी रोड के मध्य बाईक पर जाते समय गुम गये है श्रीमती बंटी अग्रवाल ने मूल दस्तावेज गुम होने की सूचना थाना प्रभारी थाना-माढोताल जबलपुर को सान्हा क्रमांक 257/26 दिनांक 19/03/2026 के जरिये से प्रदान की है। श्रीमती बंटी अग्रवाल उक्त दोनों सम्पति को मेरे पक्षकार/मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा-मुख्य शाखा, जबलपुर के समक्ष रजिस्टर्ड मॉरगेज के माध्यम से बंधक रखकर उक्त सम्पति पर ऋण प्राप्त करना चाहती है। अत: जन साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि वर्णित सम्पत्ती पर कोई भी व्यक्ति, संस्था या बैंक को हितभाग्य हो या इस सम्पति के क्रय-विक्रय के व्यवहार में आपति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति आम सुचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय अथवा बैंक को दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर अवगत कराये क्योंकि समयावधि समाप्त होने पर मेरा पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक उक्त सम्पत्ति को अपने पास रजिस्टर्ड मॉरगेज के माध्यम से बंधक रख कर ऋण की सुविधा प्रदान कर देगा ततपश्चात किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नही की जा सकेगी। दिनांक 07/04/2026. हस्ताक्षर-राजेश एच पंजवानी (अधिवक्ता), मोबाइल-8319565314 तथा 9424625205, कार्या. /निवास-'कृष्णम', 67. शिवशक्ति परिसर, फेस: 2, सूरतलाई, कटंगी रोड, जबलपुर म.प्र. एवं मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, मुख्य-शाखा, कमला नेहरू नगर, जबलपुर।

**राजेश एच पंजवानी, अधिवक्ता**
ऑफिस-'कृष्णम', 67 शिवशक्ति परिसर, फेस-2, सूरतलाई, कटंगी रोड, जबलपुर
दिनांक-07.04.2026 मो.8319565314


## भक्ति गीतों पर झूमे युवा, साधो बैंड के भजन कॉन्सर्ट में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





**जबलपुर।** संस्कारधानी में आयोजित "रहस्य द प्रोजेक्ट – साधो बैंड" के भव्य भजन कॉन्सर्ट में भक्ति, संगीत और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नर्मदा इवेंट्स के विपुल पांडे द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, श्रद्धालु और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। भक्ति गीतों की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रोता देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद जैसे ही भजन "ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने" की प्रस्तुति शुरू हुई, डमरू की गूंज और सुरों की मधुर लय ने माहौल को शिवमय बना दिया। दर्शक कुर्सियों पर बैठे-बैठे ही झूमने लगे और पूरे परिसर में उत्साह की लहर दौड़ गई। साधो बैंड के कलाकारों ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत भजन "सुनो केसरी के लाल, मेरा छोटा सा ये काम, मेरी राम जी से कह दियो राम-राम" पर युवा वर्ग विशेष रूप से उत्साहित नजर आया और भक्ति गीतों की धुन पर थिरकते दिखाई दिए। वहीं शिव और शक्ति की आराधना को समर्पित "ऐ गिरी नंदिनी नंदित मेदिनी" की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे एम्बियंस लॉन को सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण से भर दिया। कलाकारों की स्वर लहरियों और वाद्य यंत्रों के समन्वय ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में "माँ तुझे सलाम" और "वंदे मातरम" गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। उपस्थित लोगों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। भक्ति और देशभक्ति के इस संगम ने कार्यक्रम को एक विशेष ऊंचाई प्रदान की।


इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, विधायक नीरज सिंह और अभिलाष पांडे, समाजसेवी रोहित तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू ब्रिज, पंकज दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर तथा एडवोकेट आशीष पांडे सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने साधो बैंड की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शहर में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण को मजबूत करते हैं।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, कुलदीप कुमार जेदिया पिता गायत्री प्रसाद जेदिया निवासी- मकान नं. 363, चेतन्या सिटी, तिलहरी, जबलपुर (म.प्र.) यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम कुलदीप कुमार जेदया से बदलकर "कुलदीप कुमार जेदिया" रख लिए है। अब से मुझे सभी कार्यो में कुलदीप कुमार जेदिया के नाम से जाना जाएगा।
सही नाम :- कुलदीप कुमार जेदिया
गलत नाम :-कुलदीप कुमार जेदया

### CHANGE OF NAME

I, ARMY No. NR21045N, RANK-LT COL, NAME-SUCHITHRA V, UNIT MH JABALPUR M.P., PERMANENT ADDRESS-PADINJARE HOUSE, PANAYUR, POLPULLY, ATHIKODE, POLPULLY PALAKKAD DIST., KERALA-678552. I state that I presently reside in P- 39/1, Mahatma Enclave, Cantt, Jabalpur M.p 482001.I state that in my Aadhar card and in all certificate's my Name is stated as SUCHITHRA V which is true and correct but in my Army service Record my Name is recorded as SUCHITRA V Which is incorrect. I state that the true and correct Name is SUCHITHRA V and same Name shall be corrected in my Army service Record.
CORRECT NAME-SUCHITHRA V
INCORRECT NAME-SUCHITRA V




# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगमी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

लाइफ Style



# तृषा
## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।

हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

टीवी मसाला



# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।



# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।



# रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।



## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही :** इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

# कांस्टेबल परीक्षा ठुकराई, आईपीएल खेलने निकला नजफगढ़ का 'प्रिंस'

## लखनऊ सुपर जायंट्स के स्विंग गेंदबाज प्रिंस यादव ने अक्षर और ईशान के डिफेंस को भेदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, 'आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा।' अब बात करते हैं 2026 की। वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्विंग गेंदबाज का नाम है प्रिंस यादव, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अक्षर पटेल और ईशान किशन जैसे अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों के डिफेंस को भेदने में सफल रहा।

### 18 साल की उम्र तक नहीं खेला चमड़े की गेंद से

प्रिंस के पिता रामनिवास ने कहा, 'कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होगा और मैं भी था। 18 साल की उम्र तक उसने चमड़े की गेंद से एक बार भी गेंदबाजी नहीं की थी। मैंने उसे दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया। वह शारीरिक रूप से फिट था, लेकिन लिखित परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं था क्योंकि उसका ध्यान कहीं और था।' रामनिवास ने आखिर अपने बेटे की जिद मान ली क्योंकि उनके पास अपने बेटे का साथ देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा, 'बेटे की जिद है और हमें पूरा करना था। एक एएसआई के वेतन में कितना ही गुजारा हो पाता है। लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने उसे अपनी इच्छा पूरी करने दी।'




### अब हमारा इलाका क्रिकेट के लिए फेमस

प्रिंस के शानदार प्रदर्शन के बाद अब नजफगढ़ के खेड़ा डाबर गांव से भी लोग उनके घर पर बधाई देने के लिए आने लगे हैं। उन्होंने कहा, 'पहले हमारे इस इलाके को लोग इसलिए जानते थे क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति साहिबा (प्रतिभा पाटिल) चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक संस्थान का उद्घाटन करने (2012में) यहां आई थी। अब हमारा इलाका क्रिकेट के लिए फेमस हो गया है।' राम निवास के अनुसार प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ और भारत के अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने उनके खेल में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई।

### पीठ पर रेत की बोरी और खेतों में दौड़

राम निवास ने कहा, मैं अमित सर का जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है। उन्होंने प्रिंस को टेनिस टूर्नामेंट खेलते हुए देखा और उसे नजफगढ़ स्थित अपनी अकादमी से जुड़ने के लिए कहा। प्रदीप जी (सांगवान) भी अमित सर के शिष्य थे और उन्होंने प्रिंस को फिटनेस में मदद की।' एक समय ऐसा भी था जब प्रिंस अपनी पीठ पर रेत की बोरी बांधकर धान के खेतों में दौड़ते थे ताकि उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बन जाए। रामनिवास ने कहा, 'प्रदीप ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया और अमित सर ने उसके खेल में सुधार किया।

### प्रिंस कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटा : कोच वशिष्ठ

प्रिंस के कोच वशिष्ठ ने कहा, 'वह यॉर्कर गेंदें फेंक सकता था और टेनिस बॉल को भी अच्छी गति से स्विंग करा सकता था। जब मैंने उसे देखा तो मैंने उसके दोस्तों से कहा कि वे उसे मुझसे मिलने के लिए कहें। वह पहले से ही 18 साल का था और उसके पास अपनी काबिलियत साबित करने के लिए बहुत कम समय था।' वशिष्ठ को लगता है कि प्रिंस की कड़ी मेहनत करने की क्षमता ही उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा, ' वह कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटा। वह दिल्ली की भीषण गर्मी में भी दो घंटे गेंदबाजी कर सकता है। प्रदीप के साथ काम करने से उसकी फिटनेस में सुधार हुआ है। वह जहीर खान और भरत अरुण से भी टिप्स ले चुका है। अब उसकी सफलता की कोई सीमा नहीं है।'

## खबर संक्षेप



### पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हारे अभय

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी अभय सिंह मिस्त्र के एल गौना में चल रही पीएसए प्लैटिनम प्रतियोगिता एल गौना ओपन स्क्वाश के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में यूसुफ इब्राहिम से हार गए। विश्व में 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने सोमवार को खेले गए मैच में अच्छी शुरुआत की थी। उन्होंने विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी इब्राहिम के खिलाफ पहला और तीसरा गेम जीता, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। मिस्त्र के छठे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इब्राहिम ने आखिर में यह कड़ा मुकाबला 7-11 11-9 9-11 11-5 11-8 से जीता। यह मैच 68 मिनट तक चला, जिससे इब्राहिम ने खिताब के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है।

### बीसीबी अध्यक्ष पद से हटाए गए अमीनुल

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद (एनएससी)



ने पूर्व कप्तान और बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को पद से हटा दिया और नए चुनाव होने तक बोर्ड के दैनिक कामकाज को चलाने के लिए तदर्थ समिति का गठन किया है। बीसीबी के सूत्रों के अनुसार बुलबुल को मुख्य रूप से टी20 विश्व कप के दौरान हुए विवाद के कारण हटाया गया। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 11 सदस्यीय तदर्थ का प्रमुख बनाया गया है। इस समिति की जिम्मेदारी अगले 90 दिन के भीतर क्रिकेट बोर्ड के चुनाव करवाना है।

### हमें बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरतः क्लासेन

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे खेल के सभी



विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। क्लासेन ने कहा, 'हमारी बल्लेबाजी अब तक ठीकठाक रही है, लेकिन हमने तीन मैचों में लगभग 40 रन कम बनाए। हमें बल्लेबाजी में और सुधार करने की जरूरत है। जिन दो मैचों में हमें संघर्ष करना पड़ा, उनमें हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें 220-230 रन बनाने होंगे ताकि हमारे गेंदबाजों को लक्ष्य का बचाव करने का मौका मिल सके।' उन्होंने कहा, ' हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और इससे हमारा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। मैं अभी तक हमें 10 में से छह अंक दूंगा। हमने कुछ चरणों में शानदार क्रिकेट खेली लेकिन खेल के महत्वपूर्ण मौकों पर चूक गए।'

## दिल्ली में आज शाम 7.30 बजे से भिड़ेंगी अक्षर और शुभमन की टीमें

आईपीएल 14वां मुकाबला

# दिल्ली कैपिटल्स की नजर हैट्रिक पर, पहली जीत की चाह में गुजरात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 14वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना बुधवार को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा। अक्षर पटेल की कप्तानी में डीसी जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से इस मुकाबले में उतरेगी। वहीं, जीटी को इस सीजन की पहली जीत की तलाश होगी। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से बल्लेबाजी में समीर रिजवी का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने लगातार दो मुकाबलों में नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई है।

पाथुन निसांका ने भी पिछले मुकाबले में 30 गेंदों पर 44 रनों की अहम पारी खेली थी। हालांकि, केएल राहुल और नीतीश राणा की फॉर्म जरूर डीसी के लिए चिंता करने वाली बात रही है। राहुल 2 मुकाबलों में सिर्फ एक रन ही बना सके हैं। वहीं, गेंदबाजी में मुकेश कुमार और लुंगी एनगिडी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है। मुकेश ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी मुकाबले में 26 रन देकर 2 विकेट चटकाए थे। टी नटराजन ने 3 ओवर में 24 रन देकर एक विकेट निकाला था। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी भी शुरुआती दो मुकाबलों में उम्मीदों पर खरी उतरी है।



### गुजरात टाइटन्स के दोनों विभाग लड़खड़ाए

गुजरात टाइटन्स एक ऐसी टीम है, जो दोनों विभाग में लड़खड़ा रही है। गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर जरूर से ज्यादा निर्भर नजर आ रही है और उसका मध्यक्रम नहीं चल पा रहा है। गुजरात टाइटन्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 205 रन का लक्ष्य से हासिल कर लेना चाहिए था, लेकिन सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन से मिली अच्छी शुरुआत का मध्यक्रम के बल्लेबाज फायदा नहीं उठा सके। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों को दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।




### गुजरात ने हारे शुरुआती दोनों मैच

दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2026 के शुरुआती दोनों ही मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी मुकाबले में 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 204 रन ही बना पाई थी। बल्लेबाजी में साई सुदर्शन कमाल की लय में नजर आए हैं। हालांकि, सुदर्शन को दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका है।

### गिल कर सकते हैं वापसी

शुभमन गिल पूरी तरह से फिट न होने के कारण आखिरी मुकाबले में नहीं खेले थे। हालांकि, इस मैच में उनकी प्लेइंग इलेवन में वापसी होना लगभग तय माना जा रहा है। जोस बटलर, ग्लेन फिलिप्स, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया और शाहरुख खान उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। गेंदबाजी में भी सिराज और रबाडा की जोड़ी ने काफी रन खर्च किए हैं। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा भी लाइन एंड लेंथ से भटके दिखाई दिए हैं।

### टीमें इस प्रकार

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, माधव तिवारी, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, बेन डकेट, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, साहिल पारख।

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शाहरुख खान, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, पृथ्वी राज येरा, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, अरशद खान।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

# फाइनल में पहुंचे ललित, शीर्ष वरीयता शी हुओयिंग को हराया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पानीपत के 23 साल के पहलवान ललित ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की 55 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में 2025 विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की शी हुओयिंग को हराया। अब वह फाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला उज़्बेकिस्तान के तीसरी वरीयता प्राप्त इख्तियार बोतिरोव से होगा उनके पास एशियाई ख़िताब जीतने वाले केवल चौथे भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवान बनने का मौका है।

### आसान नहीं था ललित का सफर

हालांकि ललित के यहां तक पहुंचने का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था. ललित ने अपनी मां को तब खोया, जब वह पालने में ही थे और वह अपने पिता के किसी भी सहारे के बिना बड़े हुए। 2023 में ललित के सिर से पिता का भी साया उठ गया, लेकिन कुश्ती ही वह जगह थी, जहां उन्हें अपना दूसरा परिवार मिला। कुश्ती के शुरुआती दिनों में झज्जर में ललित की मुलाकात विजय गहलावत से हुई, जो उनके साथ के एक सीनियर पहलवान थे और आगे चलकर उनके सबसे करीबी दोस्त बने और जिन्होंने एक बड़े भाई और अभिभावक की भूमिका निभाई।

## आईसीसी रैंकिंग

# वनडे में अलाना का जलवा फिर बनीं नंबर वन गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई



ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की स्पिन गेंदबाज अलाना किंग वनडे में एक बार फिर दुनिया की नंबर एक गेंदबाज बन गई हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का इनाम अलाना को आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है। अलाना किंग ने मार्च में नंबर एक गेंदबाज की पोजीशन को हासिल किया था।

हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही सोफी एक्लेस्टोन ने उनकी बादशाहत को खत्म कर दिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मुकाबले में अलाना ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर के स्पेल में सिर्फ 19 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे। इस स्पेल में अलाना ने 44 गेंदें डॉट फेंकी थीं और टीम को 9 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अलाना ने वनडे की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है। वह सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं और उन्होंने साइवर-ब्रंट को एक पायदान नीचे धकेल दिया है।

### अमेलिया ने लगाई बड़ी छलांग

वहीं, दूसरे वनडे में 179 रनों की यादगार पारी खेलकर अमेलिया केर ने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वह 6 पायदान ऊपर चढ़कर अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें नंबर पर आ गई हैं। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हर फॉर्मेट में इस समय अच्छी फॉर्म में हैं। वह लगातार बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दे रही हैं। जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन जबरदस्त रहा। टी20 में भी अमेलिया लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, और वह दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर भी बनी हुई हैं। वहीं, वनडे के ऑलराउंडर रैंकिंग में अमेलिया केर अब मारिजाने कैप से आगे निकल गई हैं।

### बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप मिश्रित युगल जोड़ियां बाहर

**निंगबो।** भारत की बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मिश्रित युगल में शुरुआत निराशाजनक रही जब उसकी दोनों जोड़ियां पहले दौर से हारकर बाहर हो गई। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाडे की जोड़ी मलेशिया की



आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लेइ शेवोन जैमी की जोड़ी से 34 मिनट तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में असित सूर्या और अमृता प्रथमेश की जोड़ी मलेशिया के वोंग तियेन सि और लिम चियू सियेन से 31 मिनट में हार गई। एकल वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। पुरुष एकल में आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य सेन का सामना हांगकांग के ली चियुक यू से होगा। वहीं महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से खेलेंगी। भारत की पुरुष टीम में सेन के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी हैं। वहीं महिला टीम में सिंधू के साथ तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ हैं।

**13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में होंगे मुकाबले**

# अर्जेंटीना से 4 मैचों की सीरीज खेलेगी महिला हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| तूरिन

भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस श्रृंखला के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे।

भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है, जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय



टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय टीम को विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका भी मिलेगा।

### दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक अर्जेंटीना

*भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं। यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। इस दौरे का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इस श्रृंखला से हमें प्रति खिलाड़ी को परखने का मौका मिलेगा। हम देखना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर कौन बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।' उन्होंने कहा, ' इस टीम में जगह बनाने के लिए आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। व्यक्तिगत प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन अगर आप इस टीम के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते और एक-दूसरे की मदद नहीं कर सकते हैं तो आपके लिए इस टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।'*

## इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में पोलिटानो ने दागा जीत का गोल

# नेपोली ने एसी मिलान को हराया, खिताब की उम्मीद बरकरार

एजेंसी ▶▶| तूरिन

स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थान पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया। कोमो को उडिनीस ने गोलरहित से ड्रॉ पर रोका।



### गिरोना ने विलारियाल को हराया

**गिरोना।** विलारियाल को आत्मघाती गोल के कारण गिरोना से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा। विलारियाल अगर इस मैच में जीत जाता तो वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो जाता। एटलेटिको मैड्रिड को बार्सिलोना से अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अर्नाउ के क्रॉस का शॉट पाउ नवारो पर लगा और गेंद उनके ही गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल में चली गई। विलारियल 30 मैच में 58 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

### रूस के खिलाफ तीन फ्रेंडली मैच खेलेगी महिला टीम

भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ 11 से 17 अप्रैल तक सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम सोची पहुंची। भारतीय महिला टीम पिछले महीने यांगून गई थी, जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन दोनों मैच में उसने जीत (2-0 और 3-2) हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया था। सूज़ौ में होने वाले एशियाई कप में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका सामना ऑस्ट्रेलिया (दो मई), जापान (पांच मई) और लेबनान (आठ मई) से होगा।




करोड़ों की सब्सिडी के बाद भी नहीं आए आइटी निवेशक, 14 हजार नौकरियों का लक्ष्य सिमटा 576 तक

# आइटी पार्कों में 'टेक' गायबः केग की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, नर्सिंग कॉलेज और गोदाम बने आइटी हब

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश में आइटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए IT पार्क अब गंभीर सवालों के घेरे में हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि इन पार्कों में आइटी कंपनियों के बजाय नर्सिंग कॉलेज, गोदाम और अन्य गैर-तकनीकी गतिविधियां संचालित हो रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आइटी पार्कों के लिए आवंटित जमीन और सुविधाओं का उपयोग तय नियमों के खिलाफ किया गया, लेकिन जिम्मेदार एजेंसी ने समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### नियम तोड़े, फिर भी मिली सब्सिडी

रिपोर्ट में यह भी उजागर हुआ कि नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों को भी सरकार की ओर से आर्थिक लाभ दिया गया।लगभग 3.96 करोड़ की सब्सिडी वितरित की गई है। जबकि 61 लाख से अधिक प्रोत्साहन राशि जारी कर दी गई।कैग ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताया है।

### रोजगार सृजन में भारी विफलता-

आइटी पार्कों से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की उम्मीद थी, लेकिन आंकड़े निराशाजनक हैं—




### उद्देश्य से भटका

मध्यप्रदेश में आइटी पार्कों का मॉडल फिलहाल अपने उद्देश्य से भटकता नजर आ रहा है। जिन परियोजनाओं से डिजिटल विकास और रोजगार की उम्मीद थी, वे अब अव्यवस्था और लापरवाही का उदाहरण बन गई हैं। अब सवाल यह है कि क्या सरकार इन खामियों को सुधारकर आइटी सेक्टर में भरोसा बहाल कर पाएगी या यह 'डिजिटल सपना' यूं ही अधूरा रह जाएगा?

### अतिक्रमण और वित्तीय नुकसान

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि आइटी पार्कों की जमीन पर अतिक्रमण हुआ करीब 13.57 एकड़ भूमि पर कब्जा किया गया, करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लाभ नहीं मिल पाया, जिससे संभावित राजस्व का भी नुकसान हुआ है।

### बिना योजना के बना आइटी ढांचा

कैग ने आइटी पार्क परियोजनाओं में योजना और क्रियान्वयन की खामियां गिनाईं। कैग के अनुसार डिमांड असेसमेंट का अभाव, दीर्घकालिक रणनीति नहीं, मॉनिटरिंग और नियंत्रण कमजोर होना बताया है।

### लक्ष्य

- 14,548 रोजगार
- वास्तविकः मात्र 576 रोजगार
- यानी कुल लक्ष्य का करीब 4% ही हासिल हो सका।

### आइटी पार्क में गैर-आइटी

कैग जांच में सामने आया कि जिन इकाइयों को IT/ITES गतिविधियों के लिए जमीन दी गई थी, उनमें से बड़ी संख्या में गैर-आइटी काम हो रहे हैं।

- 20 में से 11 यूनिट्स आइटी से संबंधित नहीं
- कई स्थानों पर नर्सिंग कॉलेज, दवा भंडारण और अन्य व्यवसाय संचालित
- यह स्थिति आइटी पार्कों के मूल उद्देश्य पर ही सवाल खड़े करती है।

हाईकोर्ट ने अध्यक्ष के चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव कराने का आदेश किया

# मुल्ताई नगर पालिका की निर्वाचित अध्यक्ष नीतू परमार को राहत



**जबलपुर।** बैतूल की मुल्ताई नगर पालिका की निर्वाचित अध्यक्ष नीतू परमार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालत मुल्ताई के उस फैसले को अनुचित करार देते हुए निरस्त कर दिया जिसमें अध्यक्ष के चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव कराने कहा गया था।

नीतू परमार की ओर से हाईकोर्ट में अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी। अपीलार्थी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल एवं अधिवक्ता ऐश्वर्य नंदिनी तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त 2022 को अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ था। इसमें नीतू को 15 में से 9 वोट मिले थे, जबकि वर्षा गडेकर को 6 वोट मिले थे। वर्षा ने नीतू के निर्वाचन के खिलाफ जिला अदालत में चुनाव याचिका दायर की थी। जिला अदालत ने 6 वोट निरस्त कर नीतू के निर्वाचन को शून्य घोषित कर दोबारा चुनाव कराने कहा था। नीतू ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने चुनाव में कोई अनियमितता नहीं पाते हुए जिला अदालत के आदेश को निरस्त कर नीतू परमार को तत्काल अध्यक्ष के पद पर बहाल करने के निर्देश दिए।

# जादू-टोने की आशंका पर पिता-बेटी की हत्या करने वाले आरोपी की अपील खारिज

**जबलपुर।** जादू-टोने की आशंका पर पिता-बेटी की हत्या करने वाले आरोपी की अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस आरसीएस बिसेन की डिवीजन बेंच ने कहा कि गवाहो व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ट्रायल कोर्ट ने सजा से दंडित करने में कोई गलती नहीं की है।

बालाघाट जिला न्यायालय ने बृजलाल परते को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अपील में कहा गया था कि प्रकरण में मृतकों के रिश्तेदारों को गवाह बनाया गया था। उसके खिलाफ घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं है। शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आरोपी की पत्नी बीमार रहती थी। उसे शंका था कि गांव में रहने वाले मंशा राम ने उसकी पत्नी पर जादू-टोना किया है। आरोपी इसी कारण से मंशा राम से दुश्मनी रखता था। आरोपी 25 जून 2014 की सुबह कुल्हाड़ी लेकर मंशा राम के घर गया था। आरोपी ने घर में घुसने के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर मंशा राम तथा उसकी बेटी कांति बाई की हत्या कर दी।

पारा 36 डिग्री पर पहुंचा, मौसम शुष्क

# दिन में तेज धूप की तपन से बढ़ी गर्मी



**जबलपुर।** मौसम शुष्क होने पर प्रचंड गर्मी अपना असर दिखा रही है। मंगलवार को पारा 36 डिग्री के पार पहुंच गया। दिन में धूप इतनी तेज थी कि सड़कें सूनी हो गईं थीं। शाम ढलने के बाद सड़कों पर चहल-पहल बनी। मौसम विभाग का कहना है अगले 24 घंटों के दौरान तापमान में उछाल बरकरार रहेगा। मौसम कार्यालय के अनुसार मौसम पूरी तरह से साफ है। अब तापमान में अगले दो तीन दिनों में दो से तीन ड्रिग्री की वृध्दि संभावित है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने पर मौसम पूरी तरह से शुष्क हो गया है. हालांकि दिन के तापमान के मुकाबले रात के पारे में अभी गिरावट बनी हुई है, जिससे रात में हलकी शीतलता अहसास हो रहा है। उत्तर पश्चिमि हवाओं ने दिन में गर्मी बढ़ा दी है।

मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 18.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा मे नमी प्रातःकाल 40 प्रतिशत और सायंकाल 15 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5 बजकर 55 मिनिट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 28 मिनिट पर हुआ। पश्चिमी हवायें 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है, साथ ही तापमान में उछाल की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 40.07 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.09 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### जहर खाने से युवक की मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत फेस 4 स्टार सिटी करमेता में जहर का सेवन करने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार फेस 4 स्टार सिटी करमेता माढ़ोताल निवासी 26 वर्षीय पीयूष मिश्रा उर्फ आनंद को गत रात 8.10 बजे जहरीली वस्तु या नशीली दवा का सेवन करने पर स्वास्थ्य खराब होने से पिता भूपेंद्र मिश्रा द्वारा हेल्थ सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत रात लगभग 9 बजे पीयूष मिश्रा की मौत हो गई।

# डेढ माह से लापता बेटी को नहीं तलाश पाई पुलिस

*शिक्षक पिता ने हाईकोर्ट में दायर की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका*

**जबलपुर।** डेढ़ माह से लापता बेटी की पुलिस तलाश नहीं कर पा रही है। बेटी की तलाश किये जाने की मांग करते हुए पीड़ित शिक्षक पिता ने मप्र हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने याचिका की सुनवाई करते हुए नोटिस जारी करते हुए लापता युवती को पेश करने के निर्देश दिए हैं।अगली सुनवाई 16 अप्रेल को होगी।

कटनी बरही निवासी कौशल प्रसाद चौबे की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि उसकी बेटी कटनी के रंगनाथ नगर थाने के हॉस्टल में रही थी। वह एक हॉस्पिटल में नर्स का कार्य करती थी। उसकी बेटी विगत फरवरी माह में घर आई थी। इसके बाद वह हॉस्टल वापस चली गयी थी। इसके बाद से परिवार के किसी सदस्य की उससे बात नहीं हुई। बेटी का फोन भी बंद आ रहा है।

बेटी के लापता होने की शिकायत उनकी तरफ से बरही तथा रंगनाथनगर में दर्ज करवाई थी। उसकी बेटी डेढ़ माह से लापता है और पुलिस उसकी अभी तक तलाश नहीं कर पाई है। जिसके कारण उक्त बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गयी है। याचिका में प्रदेश शासन तथा दोनों थाना प्रभारियों को अनावेदक बनाया गया था।

## तस्कर से 626 ग्राम गांजा जप्त

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने गत रात भ्रमण के दौरान देवरीकला में मादक पदार्थ गांजे के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 626 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 31 हजार 300 रूपये बताई गई है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात भ्रमण के दौरान देवरीकला में गांजा बेचने की फिराक में खड़े देवरीकला पनागर निवासी 45 वर्षीय हरिलाल कुशवाहा को गिरफ्तार कर उसके पास से 626 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी कुशवाहा के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।




जनभागीदारी से साकार हो रही सुलभ शिक्षा

# जबलपुर का 'बुक बैंक' मॉडल बना मिसाल

अनुरोध पटेरिया





वार्षिक पुस्तक मेले के साथ शुरू की गई "बुक बैंक" योजना अब सुलभ शिक्षा का एक सफल और प्रेरणादायक मॉडल बन चुकी है। प्रशासनिक पहल और जनसहभागिता के समन्वय से हजारों विद्यार्थियों को कम लागत में शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध हो रही है। यह पहल न केवल शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज में सहयोग और संसाधनों के पुनः उपयोग की भावना को भी मजबूत कर रही है।

शिक्षा को समावेशी और सभी के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से जबलपुर जिले में "बुक बैंक" योजना की शुरुआत की गई। शहीद स्मारक, गोलबाजार परिसर में आयोजित वार्षिक पुस्तक मेले के साथ प्रारंभ हुई यह योजना अब शहर की एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल के रूप में स्थापित हो चुकी है। पुस्तक मेला अब केवल पुस्तक विक्रय का मंच नहीं रह गया है, बल्कि यह शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता का एक सशक्त माध्यम बन गया है।

इस अभिनव पहल की संकल्पना तत्कालीन कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा की गई थी। उनके मार्गदर्शन में इस योजना की शुरुआत की गई, जिसे वर्तमान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रशासन की सक्रिय भूमिका और निरंतर निगरानी के कारण यह योजना निरंतर विस्तार और मजबूती प्राप्त कर रही है।

वर्ष 2025 में प्रारंभ की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तथा मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को नाममात्र शुल्क पर शैक्षणिक पुस्तकें उपलब्ध कराना है। योजना के तहत पूर्व में उपयोग की गई लेकिन अच्छी स्थिति में उपलब्ध पुस्तकों को व्यवस्थित रूप से संकलित कर विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाता है। इससे उन परिवारों को बड़ी राहत मिलती है, जिनके लिए हर नए शैक्षणिक सत्र में नई किताबें खरीदना आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण होता है।

इस पहल की सफलता में समाज का व्यापक सहयोग सबसे महत्वपूर्ण कारक रहा है। नागरिकों द्वारा अपने बच्चों की पढ़ी हुई पूर्व कक्षाओं की पुस्तकों को बुक बैंक में जमा कराया जाता है, जिससे अन्य विद्यार्थियों को उनका लाभ मिल सके। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी बताते हैं कि शुरुआत में यह चिंता थी कि बुक बैंक के लिए पर्याप्त संख्या में पुस्तकें कैसे जुटेंगी, लेकिन शहर के विद्यालयों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में पुस्तकें दान कर इस चुनौती को अवसर में बदल दिया। आज स्थिति यह है कि बुक बैंक में आवश्यकता से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं।

पुस्तक मेले के दौरान बुक बैंक स्टॉल पर लगातार उमड़ रही भीड़ इस योजना की लोकप्रियता और उपयोगिता को दर्शाती है। वर्ष 2025 में जहां लगभग 2500 विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस सुविधा का लाभ लिया था, वहीं इस वर्ष अभी तक पैंतीस सौ अभिभावक बुक सैट ले चुके है। अभी भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी यहां से अपनी कक्षाओं के अनुरूप पुस्तकें प्राप्त कर रहे हैं।

इस योजना की एक और महत्वपूर्ण विशेषता इसकी वर्षभर उपलब्धता है। पुस्तक मेले के समापन के बाद शेष पुस्तकों को केंद्रीय ग्रंथालय, एम.एल.बी., जबलपुर में सुरक्षित रखा जाता है, जहां से विद्यार्थी और अभिभावक पूरे वर्ष अपनी आवश्यकता अनुसार पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। इससे यह व्यवस्था केवल मेले तक सीमित नहीं रहती, बल्कि निरंतर चलने वाली सुविधा बन जाती है।

इस योजना को जिला रेडक्रॉस सोसायटी से भी जोड़ा गया है। पुस्तक प्राप्त करने के लिए लिया जाने वाला नाममात्र शुल्क रेडक्रॉस के माध्यम से लिया जाता है, जिसका उपयोग जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों की सहायता के लिए किया जाता है।इस वर्ष रेडक्रॉस सोसायटी को लगभग बीस हजार रुपए प्राप्त हुए। इस प्रकार यह पहल शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करती है।

जबलपुर का "बुक बैंक" मॉडल अब एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी प्रकार की योजनाएं अन्य जिलों और शहरों में भी लागू की जाएं, तो सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा को व्यापक स्तर पर सुलभ बनाया जा सकता है।

बुक बैंक में पुरानी किताबें जमा करने वाले महेंद्र नामदेव ने बताया कि उन्हें पुस्तक मेले में योगेश शर्मा द्वारा जानकारी दी गई।मैने घर में रखी अनुपयोगी किताबों को बुक बैंक में जमा किया।

बुक बैंक से किताबें लेने वाले विकास यादव ने बताया कि मेले में अजय दुबे द्वारा जानकारी दी गई।पंद्रह सौ पचास रुपए में नई किताबों का सैट मिल रहा था।बुक बैंक से केवल पचास रुपए में पूरा कोर्स प्राप्त हो गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240